e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 31

गुरुवार

01.02.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार

उम्मीद को हमेशा बनाए रखना चाहिए, क्योंकि उम्मीद के भरोसे ही हम सब कुछ वापस ला सकते हैं।

47

विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा गया

पूछताछ के बाद ईडी ने हेमंत सोरेन को किया गिरफ्तार

हेमंत की याचिका पर हाईकोर्ट में आज होगी सुनवाई

हम डरेंगे नहीं, संसद से सड़क तक लड़ते रहेंगे : कांग्रेस

राहुल गांधी ने हेमंत के इस्तीफे को लेकर बोला हमला

राज्यपाल बोले- सरकार बनाने के दावा संबंधी पत्र को देखने के बाद फैसला लेंगे

राज्यपाल ने सीएम हेमंत सोरेन का त्यागपत्र स्वीकार किया

हेमंत सोरेन ने दिया इस्तीफा

छाया : नसीम

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड में सियासी घटनाक्रम बुधवार को तेजी से बदला. हेमंत सोरेन ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी जगह चम्पई सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया.चंपई सोरेन ने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया. इस बीच लंबी पूछताछ के बाद ईडी ने हेमंत सोरेन को रात 9.33 बजे गिरफ्तार कर लिया. झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद महुआ माजी ने कहा कि हेमंत सोरेन ईडी की हिरासत में हैं.वह ईडी की टीम के साथ ही इस्तीफा देने राजभवन गए, जहां उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दिया.जेएमएम पार्टी की मांग है कि नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का शपथ ग्रहण रात में ही हो.राजभवन के बाहर चंपई सोरेन ने कहा कि हमने राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश कर किया. हम 43 विधायकों के समर्थन के साथ गए थे. राजभवन के बाहर विधायकों का हंगामा जारी रहा. बता दें कि हेमंत सोरेन से करीब सात घंटा पूछताछ के बाद ईडी ने बुधवार की देर शाम गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार होते ही उन्होंने राजभवन जाकर इस्तीफा दे दिया.

इस दौरान सत्ताधारी दल के सभी विधायक भी मौजूद रहे. ईडी की पूछताछ के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे.सीएम आवास और राजभवन के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहा. दूसरी तरफ बड़ी संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान में जुटे रहे. सीएम आवास के सामने जिला पुलिस,जैप रैप,आईआरबी के जवान तैनात रहे. रांची के डीसी, एसपी, डीआईजी सहित कई अधिकारी इस दौरान मुस्तैद रहे.सीएम हाउस में एक तरफ ईडी की कार्रवाई चर रही थी वहीं दूसरी तरफ राजनीतिक रणनीति भी बन रही थी. सुबह से ही सीएम आवास में मंत्री और विधायकों के पहुंचने का सिलसिला जारी था. शाम पांच बजे के करीब तीन टूरिस्ट बसें सीएम आवास के पीछे के गेट से अंदर गई. इसी से सभी विधायक राजभवन गए.

झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी द्वारा पूछताछ के दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश देखा गया। रांची के सभी चौक चौराहों पर कार्यकर्ता गण जगह-जगह ईडी, केंद्र सरकार, भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते दिखे। ये लोग लगातार हेमंत सोरेन के समर्थन में नारे लगा रहे थे। झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कमेटी रांची के तत्वावधान जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष और झारखंड के युवा और यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार के द्वारा ईडी के द्वारा लगातार परेशान करने को लेकर इकरा मस्जिद चौक से जुलूस के शक्ल में फरीद खान के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता मोराबादी मैदान में जमा होकर ईडी के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। वहीं ग्रामीण रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष मोहम्मद हिदायतुल्ला, अमन खान समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

अस्त-व्यस्त रही राजधानी

रांची : बुधवार को पूरी राजधानी अस्त-व्यस्त रही. हर सड़क में जाम का झाम लगा रहा. गाड़ियां रेंगती रही. धारा 144 भी लागू रहा.लोग जाएं तो जाएं कहां. हरमू बाईपास में गाड़ियां सरकती नजर आई. करमटोली चौक, बरियातू रोड, कोकर एचबी रोड, हरमू रोड हर जगह जाम ही जाम. पैदल चलने की भी जगह नहीं मिल रही थी. इसकी वजह सीएम हेमंत सोरेन से ईडी की पूछताछ रही. इसके लिए भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है.राजधानी रांची में झामुमो कार्यकर्ताओं का जुटान भी जाम का कारण बना. राज्य के विभिन्न जिलों से काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता और नेता रांची पहुंचे हैं. मोरहाबादी में नेताओं कार्यकर्ताओं के जुटान होने से चारों ओर की सड़कें जाम हो गईं.

ईडी ऑफिस पहुंची कल्पना सोरेन, सभी विधायक भी पहुंचे

रांची : झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से करीब सात घंटे ईडी की टीम ने पूछताछ की. इसके बाद ईडी ने बुधवार की देर शाम उन्हें गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद ईडी सीएम को लेकर डोरंडा स्थित ईडी ऑफिस ले गई. इसको लेकर ईडी ऑफिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. आज सुबह उन्हें ईडी कोर्ट में पेश किया जाएगा. वहीं हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन उनसे मिलने ईडी दफ्तर पहुंची. साथ ही सभी विधायक भी ईडी कार्यालय पहुंचे.

राज्य भर में हाई अलर्ट जारी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बीच राज्यभर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है. झारखंड के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को अपने अपने जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं.सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह संदेश भेजा गया कि वे अपने-अपने जिलों में विशेष सतर्कता बरतें. मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के हर जिले में विभिन्न संवेदनशील चौक चौराहों पर पुलिस की गस्त बढ़ा दी गई है. मिली जानकारी के अनुसार वरीय अधिकारी निर्देश मिलने के बाद वैसे जिले जहां झामुमो के कार्यकर्ताओं के द्वारा विरोध प्रदर्शन की आशंका जताई गई है वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं. जरूरत पड़ने पर यह भी निर्देश दिया गया है कि धारा 144 लागू करें.निर्देश जारी होने के बाद झारखंड के सभी जिलों में पुलिस अलर्ट पर है. सभी पुलिस कप्तानों ने अपने-अपने जिलों में पुलिस अफसरों के साथ विशेष बैठक कर सतर्कता बरतने को लेकर रणनीति भी तैयार की है. वहीं रांची में भी पुलिस हाई अलर्ट पर है.

चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का पेश किया दावा

सीएम हेमंत सोरेन ने हाई कोर्ट में दायर की याचिका, सुनवाई आज

रांची : सीएम हेमंत सोरेन के द्वारा ईडी के समन के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दायर की गई याचिका पर आज गुरुवार को सुनवाई होगी. इस याचिका में ईडी द्वारा सीएम को सेक्शन 50 के तहत दिए गए समन को चुनौती देते हुए कहा गया है कि ईडी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर बार-बार उन्हें समन कर रही है. इससे पहले भी मुख्यमंत्री ईडी के समन को हाइकोर्ट में और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली थी. हेमंत सोरेन की ओर से दायर याचिका में ईडी की कार्यवाही को गलत बताया गया है. सोरेन का कहना है कि ईडी के अधिकारी उन पर जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप लगा रहे हैं.याचिका में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का हावाला दिया है, जिसमें कहा गया है कि जांच एजेंसी के अधिकारी जांच में सहयोग नहीं करने के आधार पर किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकते हैं.।केस हाइकोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध भी गया. उनके केस की सुनवाई आज होगी. उनका केस हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ है. इस संबंध में हाइकोर्ट की ओर से नोटिस जारी किया गया है.

झारखंड आंदोलनकारी रह चुके हैं चंपई सोरेन

नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अलग झारखंड राज्य आंदोलन में लंबी लड़ाई लड़ी है. झारखंड मुक्ति मोर्चा में कई बार विभाजन के बाद भी वो शिबू सोरेन के साथ डटे रहें थे. पहली बार साल 1991 में वो विधायक बने.

1991 में उन्होंने निर्दलीय जीत दर्ज की. बाद में वो जेएमएम में शामिल हो गए. साल 2000 के चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था लेकिन 2005 के बाद से वो लगातार जीतते रहे हैं. पहली बार बीजेपी और झारखंड मुक्ती मोर्चा गठबंधन की सरकार में वो मंत्री बने थे. बाद में वो हेमंत सोरेन के पहले कार्यकाल में भी मंत्री बने. साल 2019 के चुनाव में कोल्हान क्षेत्र में जेएमएम की अच्छी जीत में भी उनका बड़ा योगदान माना जाता है. कोरोना संकट के दौरान चंपई सोरेन की जमकर चर्चा हुई. सोशल मीडिया के माध्यम से ही उन्होंने अन्य राज्यों में फंसे झारखंड के मजदूरों की मदद की थी.

बाद के दिनों में भी झारखंड के किसी भी समस्या के समाधान के लिए लोग चंपई सोरेन के पास फरियाद लगाते रहे हैं. हेमंत सोरेन के कैबिनेट में भी उन्हें संकट मोचक के तौर पर देखा जाता रहा है.चंपई सोरेन भी शिबू सोरेन की ही तरह संथाल आदिवासी है.

गौरतलब है कि झारखंड में संथाल आदिवासियों की आबादी सबसे अधिक है. शिबू सोरेन भी संथाल आदिवासी हैं. चंपई सोरेन को पद देकर जेएमएम अपने आधार वोट को बचाने के प्रयास में है. साथ ही अब तक ऐसा माना जाता रहा था कि जेएमएम की राजनीति पर संथाल परगना के क्षेत्र का ही कब्जा् है लेकिन कोल्हान क्षेत्र से आने वाले चंपई सोरेन को पद देकर जेएमएम इस मिथक को तोड़ना चाहती है.

जो मोदी जी के साथ नहीं गया, वो जेल जाएगा : मल्लिकार्जुन खरगे



झारखंड में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को अपने एक्स हैंडल पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि जो मोदी जी के साथ नहीं गया, वो जेल जाएगा। झारखंड के मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन पर इडी लगाकर उनका त्यागपत्र देने को मजबूर करना Federalism की धज्जियां उड़ाना है। PMLA के प्रावधानों को draconian बनाकर विपक्ष के नेताओं को डराना-धमकाना, भाजपा की ञ्शश्द्य चद्बह्ल का हिस्सा है। षड्यंत्र के तहत एक-एक करके विपक्ष की सरकारों को अस्थिर करने का भाजपाई काम जारी है। भाजपा की वासिंग मशीन में जो चला गया वो सफ़ेदी की चमकार से साफ़ है, जो नहीं गया वो दाग़दार है? तानाशाही से लोकतंत्र को अगर बचाना है तो भाजपा को हराना होगा। हम डरेंगे नहीं, संसद से सड़क तक लड़ते रहेंगे।

हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के बाद लिखी कविता

हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के बाद देर रात अपने एक्स हैंडल पर पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपने मन की बात को कविता के माध्यम से साझा किया। उन्होंने लिखा- यह एक विराम है जीवन महासंग्राम है हर पल लड़ा हूं, हर पल लड़ूंगा पर समझौते की भीख मैं लूंगा नहीं क्या हार में, क्या जीत में किंचित नहीं भयभीत मैं लघुता न अब मेरी छुओ तुम हो महान, बने रहो अपने लोगों के हृदय की वेदना मैं व्यर्थ त्यागूंगा नहीं हार मानूंगा नहीं... जय झारखंड।

ईडी, सीबीआई आईटी आदि अब सरकारी एजेंसियां नहीं रहीं : राहुल

हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट में लिखा कि ईडी, सीबीआई आईटी आदि अब सरकारी एजेंसियां नहीं रहीं, अब यह भाजपा की विपक्ष मिटाओ सेल बन चुकी हैं। खुद भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा सत्ता की सनक में लोकतंत्र को तबाह करने का अभियान चला रही है।

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में आदिवासी मूलवासी संघ ने आज किया झारखंड बंद का ऐलान

रांची : हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में आदिवासी मूलवासी संघ ने गुरुवार एक फरवरी को झारखंड बंद का ऐलान किया है. बता दें कि बुधवार को करीब 7 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी की टीम ने सीएम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया. हेमंत सोरेन से पूछताछ का झामुमो कार्यकर्ता और आदिवासी संगठन के लोग लगातार विरोध कर रहे हैं. इनलोगों का आरोप है कि केंद्र सरकार और भाजपा के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियां सीएम हेमंत सोरेन को परेशान कर रही है.

रांची का तापमान

अधिकतम	22°
न्युनतम	10°

राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ बजट सत्र

सबसे बड़ा अभियान बन गया है मेक इन इंडिया : द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी

नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के बजट सत्र को संबोधित किया. उन्होंने अपने अभिभाषण में एक भारत-श्रेष्ठ भारत 21वीं सदी के लिए मंत्र दिया.राष्ट्रपति ने कहा, हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं. हमने अपनी आजादी के योगदान को याद किया है. मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा निकाली है. सत्तर हजार अमृत सरोवर बनाए हैं. दो करोड़ से ज्यादा पेड़ लगवाए. कर्त्तव्यपथ को नेताजी की मूर्ति मिली है. पीएम स्मारक खोला गया है. तमाम संकटों के बीच भारत एक अग्रणी अर्थव्यवस्था बन गया है. भारत चंद्रमा के दक्षिण दिशा में झंडा फहराने वाला पहला देश बन गया. जी20 सफल रहा है. एशियाई खेलों में हमने 100 से ज्यादा पदक जीते हैं. मिशन मोड में एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिली हैं. नारी शक्ति अधिनियम पारित करने के लिए मैं आपकी सराहना करती हूं. इससे लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी. हमने अनुच्छेद 370 हटा दिया है. हमने बचपन से गरीबी हटाओ का नारा सुना था, अब हम इसे साकार होते देख रहे हैं. हमने 25 करोड़ की गरीबी मिटा दी और हम आगे बढ़ रहे हैं. हम सही दिशा में हैं. खादी ग्राम औद्योगिक की कीमतों में चार गुना से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है. आईटीआर फाइलिंग की संख्या तीन करोड़ से ऊपर बढ़कर 8 करोड़ हो गई है. 98 लाख से अब 1.40 करोड़ जीएसटी का भुगतान करते हैं. वाहन खरीदारों की संख्या बढ़ी है. राष्ट्पति ने कहा कि सरकार ने उज्ज्वला योजना पर 2.5 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं.

वित्त मंत्री सीतारमण आज पेश करेंगी अंतरिम बजट

नई दिल्ली : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज एक फरवरी को अंतरिम केंद्रीय बजट संसद में पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी और सीतारमण का छठा बजट होगा। आम चुनाव से पहले पेश होने वाले इस बजट को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें हैं। इस बार के अंतरिम बजट में कई बड़े ऐलान होने के कयास हैं।वित्त मंत्री ने हाल ही में लोकसभा चुनाव से पेश होने वाले इस अंतरिम बजट में कोई बड़ी घोषणा से इनकार किया था। सीतारमण ने कहा था कि चुनाव से पहले सिर्फ लेखानुदान पेश होगा।

एससी-एसटी थाने में ईडी के अधिकारियों पर हुआ मामला दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : हेमंत सोरेन ने रांची स्थित एसटी एससी थाने में ईडी के अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करवायी है. सीएम के द्वारा आवेदन की कॉपी रांची के एससी- एसटी थाने में भेज दी गयी है. सूत्रों ने आवेदन मिलने की पुष्टि की है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय के ऑफिसर कपिल राज, देवव्रत झा, अनुपम कुमार, अमन पटेल समेत अन्य के खिलाफ रांची के एसटी-एससी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है. प्राथमिक में एससी-एसटी(पीए) एक्ट की धारा 3(1)(पी)(आर)(एस)(यू) लगाई गई है. उनका आरोप है कि वह 27 जनवरी को दिल्ली गए थे और शांतिनिकेतन स्थित 5/01 आवास में रुके थे. अपने आवेदन में सीएम ने लिखा कि जब मैं 30 जनवरी को रांची लौटा तो मीडिया में आई खबरों से जानकारी मिली कि झारखंड भवन और शांति निकेतन स्थित आवास पर मेरी अनुपस्थिति में प्रवर्तन निदेशालय के अफसरों ने सर्च ऑपरेशन चलाया था. इसकी वजह से मेरे और मेरे परिवार की छवि धूमिल हुई है. स्थानीय मीडिया में जिस तरह से खबरें चलाई जा रही थी उससे साफ है कि एक आदिवासी को प्रताड़ित करने के लिए भूमिका बनाई गई थी.

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा/लातेहार
रांची, गुरुवार, 01 फरवरी 2024 | पेज 2

संक्षिप्त खबरें

विश्रामपुर पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता
विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर पुलिस ने थाना चौक के पास सड़क सुरक्षा के तहत वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी शशि रंजन खुद कर रहे थे.अभियान के दौरान वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट आदि का जांच किया गया। मोटरसाइकल चालकों को हेलमेट लगाने की नसीहत दी गई। थाना प्रभारी ने सभी से यातायात नियमों के पालन करने का अपील किया। कहा कि हेलमेट पुलिस के डर से नही बल्कि अपनी रक्षा के लिए लगाएं.इस दौरान पुलिस ने लोगों के बीच यातायात नियमों का पैंपलेट भी वितरित किया.मौके पर एएसआई महेंद्र चौधरी सहित कई पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में सीसीए एक्टिविटी के तहत कई प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता
विश्रामपुर (पलामू) : उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित रेहला ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल मे सीसीए एक्टिविटी के तहत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रंगोली, दीवाल सजावट, रॉकेट बनाओ, दिया सजावट, राखी मेकिंग, वाद विवाद, भाषण प्रतियोगिता, नृत्य, नाटक, रैंप वॉक आदि शामिल था। जीएम सभी वर्ग के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रॉकेट बनाओ प्रतियोगिता में आशिया नूरी प्रथम स्थान, आयात उमर व आर्य तिवारी द्वितीय स्थान तथा साना परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिया सजावट में प्रथम स्थान आइंस्टीन हाउस से आरिश इमरान, सोमनाथ हाउस से दिव्या कुमारी द्वितीय स्थान व कलाम हाउस से मनोज और रजिया ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। रंगोली

प्रतियोगिता में आइंस्टीन हाउस से लक्ष्मी और ग्रुप जिसमें संजना प्रेरणा व साकिब, आइंस्टीन हाउस से लक्ष्मी सिंह, राजलक्ष्मी, सुप्रिया व तैयब ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया.सजावट प्रतियोगिता में कलाम हाउस से अनस और ग्रुप ने प्रथम स्थान और भाभा हाउस से रितिक ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राइम्स राउंड में प्रथम स्थान आयात और ग्रुप,द्वितीय स्थान जोया और ग्रुप तथा तृतीय स्थान सोने और ग्रुप ने प्राप्त किया.कव्वाली में अनीश और ग्रुप में प्रथम स्थान, रैंप वॉक में आराध्या और ग्रुप ने प्रथम स्थान व आर्या ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नाटक में समर एंड ग्रुप ने प्रथम स्थान तथा काजल और ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह व प्राचार्य मनीष कुमार पांडेय ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरष्कृत किया। मौके पर शिक्षक प्रवीण प्रसाद, विकास पांडेय,राजीव ठाकुर, राजू पाल, रिचा मिश्रा, शिवानी शुक्ला, मनीषा कुमारी, चंचल चौबे, वैशाली कुमारी, प्रमीता कुमारी, निशिका सिंह, संजीदा खातून, सोनाली पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

लापरवाहीः निर्धारित समय से पहले कर दी जाती है स्कूल की छुट्टी : प्रमुख गायत्री देवी

बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़ समय से पहले विद्यालय हो रहे बंद

प्रभात मंत्र संवाददाता
चैनपुर (पलामू) : चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के चांदो पंचायत के टोला अलगडीहा में प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलगडीहा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल बंद मिला जिस पर उन्होंने प्रधानाध्यापक नंदलाल सिंह से कहा कि दो बजकर 20 मिनट पर ही स्कूल क्यों बंद कर दिए जिसपर नंदलाल सिंह ने कहा कि स्कूल के अध्यक्ष जसमतिया देवी पति कमेश राम के सास का मृत्यु हो गई थी जिसपर शोक व्यक्त करते हुए स्कूल को समय से पहले बंद कर दिया गया।प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि किसी एक व्यक्ति का मृत्यु हो जाने पर स्कूल बंद नहीं होना चाहिए लेकिन आपलोग अपने से निर्णय लेकर समय से पहले स्कूल बंद कर दे रहे हैं।सरकारी स्कूलों में पदस्थापित शिक्षक मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं, यह जांच का विषय

है।यही कारण है कि गांव में शिक्षकों की लापरवाही के कारण पढ़ाई व्यवस्था ठप होने से पालक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पहुंचा रहे हैं। एक तरफ शासन सरकारी स्कूलों में बच्चों को आकर्षित करने के लिए गणवेश से लेकर किताबें, साइकिल, छात्रवृत्ति मध्यान्ह भोजन योजनाएं संचालित कर रहा है। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में लापरवाही के कारण बंद स्कूलों के नजारे आम हो गए हैं।ऐसे शिक्षक के ऊपर अधिकारियों को कारवाई करने की जरूरत हैं शिक्षक बच्चों के भविष्य के साथ खेलवाड़ कर रहा हैं इसकी शिकायत वरीय अधिकारी से करेंगे तभी लचर शिक्षा व्यवस्था में सुधार आईगी।इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामा पाठक ने कहा कि बच्चो के भविष्य के साथ जो भी शिक्षक खेलवाड़ करेगा उनपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी यह दुर्भाग्य पूर्ण बात है की शिक्षक बोल रहे है चुने हुए जनप्रतिनिधि स्कूल का अध्यक्ष का परिवार कोई भी सदस्य का मृत्यु हो जाती हैं तो शिक्षक असमय स्कूल बंद कर दे रहा हैं ऐसे नियम पहली बार सुनने को मिल रहा हैं ऐसा नियम है ही नहीं शिक्षक गलत बोल रहे हैं ऐसे शिक्षको के ऊपर त्वरित जांच कर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

बीएलओ के साथ बैठक सह प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता
बंशीधर नगर : प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों का बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में प्रशिक्षक कौशल कुमार तथा जितेंद्र कुमार ने विस्तृत जानकारी दिया। बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी बीएलओ को मृत व्यक्तियों, जो रोजी रोजगार को लेकर घर से बाहर है तथा वैसे लोग जो जानबूझ कर मतदान नही करते हैं सहित तीन प्रकार के लोगो की सूची बनाने का निर्देश दिया गया. वैसे लोग जो जानबूझ कर मतदान नही करते उन्हें विभिन्न प्रकार के खेलों या विभिन्न प्रकार के क्रिया कलापो के माध्यम से जागरूक करने का निर्देश दिया गया.कार्यक्रम में मुख्य रूप से चुनाव पाठशाला, मतदाता जागरूकता समूह के माध्यम से खेल के द्वारा जागरूक करने का निर्देश दिया गया.मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर बिरेन्द्र सिंह, सुमित कुमार, ज्ञानचन्द केशरी, बीएलओ संगीता देवी, शीला देवी, सुनीता देवी, रेखा देवी, शशि देवी, सरस्वती देवी, सीमा देवी, प्रेमा कुमारी देवी, सुनीता देवी, शबनम बीवी, कमला देवी, रेखा श्रीवास्तव, जीवन लता तिर्की, कुसुम देवी, गीता रानी, रीना देवी, राबिया बानो, सरिता देवी सहित सभी बीएलओ उपस्थिति थे।

फाइनल मुकाबला में कुरका ने जीता कप : राकेश तिवारी

प्रभात मंत्र संवाददाता
मेदिनीनगर : बसरिया कला में आयोजित इंडियन क्लब द्वारा फुटबॉल मैच का फाइनल हुआ। जिसमे मुख्य अथिति आम आदमी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी शामिल हुए। राकेश तिवारी ने सभी खिलाड़ी को बधाई व शुभकामनाएं दी। राकेश तिवारी ने कहा कि खेल से शारीरिक, मानसिक ऊर्जा मिलता है। खिलाड़ी हमेशा स्वस्थ रहते हैं। सुआ और कुरका के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ। एक समय ऐसा लग रहा था कि मैच बराबरी की ओर जा रहा है। इसी बीच कुरका को एक मौका मिला और फुटबॉल को सीधे गोलपोस्ट की ओर किक किया और मैच को अपने पाले में लाकर विजयी हुए। वहीं सुआ मैच के शुरुआत से अच्छा खेलते हुए फाइनल तक पहुँचा। और अपने अच्छे प्रदर्शन के बदौलत दर्शकों का दिल जीत लिया। मुख्यअथिति राकेश तिवारी और मुखिया नीतीश सिंह ने विजेता और उप विजेता को शील्ड देकर सम्मानित किया।

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलं कार्यक्रम के अंतर्गत बीडीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता
बंशीधर नगर : राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलं कार्यक्रम के अंतर्गत मास ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी सेविकाओं के साथ बैठक का आयोजन अंचल कार्यालय के सभागार में बुधवार को किया गया। जिसमें आगामी 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले मास ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन से संबंधित आवश्यक जानकारी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विस्तृत रूप से दिया गया। जिसमें बताया गया कि लक्षित जन समुदाय को उम्र के अनुसार एल्बेंडाजोल एवं डीईसी की एकल खुराक खिलाने हेतु जानकारी दिया गया। इसमें बताया गया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी

है। जो जीवन पर्यत व्यक्ति के साथ रहता है। इसलिए आवश्यक है कि समय रहते हैं उसेसे बचाव का उपाय कर लिया जाए। जिसके लिए एल्बेंडाजोल एवं डीईसी की एकल खुराक खाना आवश्यक है।मौके पर शिक्षा विभाग से तहमीना परवीन, स्वास्थ्य विभाग से दीपेश कुमार तमंग, एमटीएस विजय पाठक, बाल विकास पर्यवेक्षिका माया कुमारी, शोभा कुमारी, दीपा कुमारी, आरती कुमारी, सेविका आशा कुमारी, कुमुद कुमारी, गीता कुमारी, नैना देवी, कांति देवी, ममता देवी, शीला देवी, विद्यावती देवी, रीता देवी, मालती गुप्ता, शीलवंती देवी, सरिता देवी, लालती देवी सहित सभी सेविकाएं उपस्थित थी।

भाजपा नेत्री ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता
विश्रामपुर (पलामू) : भाजपा नेत्री मधुलता कुमारी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अमित तिवारी से उनके मेदानीनगर आवास पर जाकर मुलाकात की। मधुलता कुमारी ने श्री तिवारी को दूसरी बार भाजपा का जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी और उन्हें गुलदस्ता भेंट किया.दोनो नेताओं ने पलामू के राजनीतिक हालात पर चर्चा भी की.जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने मधुलता कुमारी को मिशन 2024 के लिए अभी से ही जुट जाने को कहा। इससे पहले मधुलता कुमारी ने गढ़वा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ठाकुर महतो से भी मुलाकात कर उनका स्वागत किया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि 2024 के लोस चुनाव में भाजपा चार सौ का आंकड़ा पार करेगी। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

भाजपा का गांव चले अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता
बालूमाथ : बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल देव इन में बुधवार को गांव चले अभियान कार्यशाला का आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू पूर्व सांसद एवम कार्यक्रम मंडल प्रभारी बृजमोहन राम, विशिष्ट अतिथि पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, भाजपा के वरिष्ठ नेता रामजतन साहू, गार्जियन गिरधारी यादव, ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साव,एसटी मोर्चा जिला प्रभारी सुरेश उराँव मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में सबसे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का

संचालन रघुनंदन सोनी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गांव चले अभियान पर चर्चा की गए एवं पंचायत स्तर तक संयोजक एवं सह संयोजक का गठन किया गया। कार्यक्रम में रामजी सिंह, विजय यादव, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सह संयोजक रघुनंदन सोनी, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष भानु सिन्हा, जिला कार्यसमिति सदस्य संजय यादव, किसान मोर्चा जिला महामंत्री राजकुमार यादव, मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव, भाजयुमो सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र साव, प्रवेश सोनी नरेंद्र रजक, श्रवण यादव, विजय प्रसाद, मंजू देवी, अंजू देवी, अमित गुप्ता महेंद्र यादव, मोहन पांडे, विजय राम ,तुलसी प्रसाद, अनूप गुप्ता, रामप्रवेश राम, दिलमणि यादव, विजय ठाकुर, मिंटू भुईया, बाबूलाल भगत,रवींद्र गुप्ता, अशोक गुप्ता, संजीव गुप्ता, विजेंद्र महतो, विजेंद्र यादव, जितेंद्र साव, पवन यादव, विनोद यादव, अनूप वर्मा, प्रमोद साव, अशोक यादव, कैलाश साव, सतेंद्र भगत, सचु यादव, उमेश प्रजापति, गजेंद्र, हिमांशु, अर्जुन सिंह बासुदेव उराँव, संतोष, संजय समेत कई भाजपाई मौजूद रहे।

नारायण वन सूर्य मंदिर को झारखंड सरकार ने पर्यटन स्थल की घोषित की

प्रभात मंत्र संवाददाता
केतार (गढ़वा) : केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम-पंचायत मुकुन्दपुर के सूर्य नारायण वन मंदिर को पर्यटनकला- संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा पर्यटन स्थल घोषित करने पर मंदिर विकास समिति ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया है। मंदिर विकास समिति के संयोजक अजय वर्मा ने कहा की पर्यटन विभाग के सहयोग से मंदिर और मंदिर परिसर का विकास कर और आगे बढ़ाया जायेगा। गौरतलब हो की नारायण वन सूर्य मंदिर पर छठ पर्व के अवसर पर पांच राज्यो के लगभग 50 हजार छठ व्रती यहा छठ करने आते हैं। इस मौके पर रामेश्वर प्रसाद सिंह, बब्लू सिंह, पंकज सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सुरज कुमार, रमेश बियार, महेशी बियार, दिल किशोर प्रसाद, चन्दन प्रसाद आदि मौजूद थे।

अटरिया के ग्रामीणों ने आपसी सहमति से निजी जमीन पर कराया पथ निर्माण कार्य प्रारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता
विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर प्रखंड के अटरिया गांव में गुरुवार को ग्रामीणों ने आपसी सहमति से निजी जमीन दान कर पथ का निर्माण कार्य शुरू कराया। युवा समाजसेवी प्रवीण कुमार मिश्रा व झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विकास कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ

किया.प्रवीण कुमार मिश्रा ने बताया कि गांव के लोगों को सड़क के अभाव में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। जिसे देखते हुए स्थानीय लोगों से बातचीत की गई। जिसके बाद लोगों ने सड़क निर्माण पर सहमति जताई और निर्माण कार्य के लिए अपनी निजी जमीन को देने को तैयार हो गए.पथ का निर्माण कार्य में ग्रामीण अपनी निजी भी लगा रहे हैं। जिसमें प्रवीण मिश्रा व विकास दुबे ने भी सहयोग का आश्वासन ग्रामीणों को दिया है.मौके पर पंजरी कला पंचायत के वार्ड सदस्य संतोष तिवारी, सेवानिवृत्त दरोगा देव नारायण तिवारी, अशोक तिवारी, दीपक पांडेय, विनोद पांडेय, निरज पांडेय, कृष्णा तिवारी, मिथलेश तिवारी, वशिष्ठ तिवारी, अरविंद पांडेय, अजीत पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

जीएसटी-इनकम टैक्स के अनुपात में 50 वर्ष में पेंशन की व्यवस्था कराई जाए : बीडी प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता
हुसैनाबाद : पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल द्वारा आगामी 11 फरवरी को पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता व अधिकार महासम्मेलन की तैयारी को लेकर चलाए जा रहे रथ यात्रा पहुंचा हुसैनाबाद । रूद्रा होटल में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीडिया बंधु के साथ वार्ता मे पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि हम सभी व्यावसायिक वर्ग सरकार को जीएसटी /इनकम टैक्स भारी मात्रा

में देते हैं परंतु सरकार की लापरवाही के कारण हमारी ना तो सुरक्षा हो पा रही है और ना ही हमें सुरक्षित रख पाने की जुगत! हम व्यावसायिक वर्ग जीएसटी के अनुपात में 50 वर्ष में पेंशन की व्यवस्था का मांग करते हैं साथ ही बी डी प्रसाद ने हुसैनाबाद वासियों से अनुरोध किया कि दिनांक 11 फरवरी दिन रविवार को समय 9:00 बजे शिवाजी मैदान मेदिनी नगर डालटेनगंज पलामू में भारी से भारी संख्या में उपस्थित होकर ओबीसी जागरूकता रथ यात्रा अभियान सह महासम्मेलन में भाग लेकर महासम्मेलन को सफल बनावे। मौके पर युगल पाल अजय वर्मा गोरखनाथ चौधरी अशर्फी चंद्रवंशी बृजनंदन मेहता, वीरेंद्र चंद्रवंशी, राज नारायण पटेल, सुभाष कुमार प्रणव कुमार अमित गुप्ता अजय प्रसाद संतोष गुप्ता विजय प्रसाद यादव कृष्णा बैठा सतेंद्र ठाकुर राज नारायण सिंह वीरेंद्र चंद्रवंशी दिलीप राम शंकर राम जगदीश राम आदि लोग उपस्थित थे

लातेहार उपायुक्त को मुखिया संघ ने सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता
लातेहार : जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सुभाष सिंह के नेतृत्व में मुखियाओं का एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त, लातेहार को एक ज्ञापन सौंपा है। अपने ज्ञापन में उन्होने कहा कि लातेहार जिले में पिछले 24 नवंबर से 29 दिसंबर तक आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में जिले भर के विभिन्न प्रखंडों में हजारों आवेदन प्राप्त हुए हैं।आवेदन में कहा गया कि इस कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना के लाभुकों को आवास आवंटन क्रमांक सूची के अनुसार करने की सूचना प्राप्त हुई है। इससे ग्रामीणों में खासा आक्रोश है. इससे जरूरतमंद व असहाय लोगों को समय पर आवास उपलब्ध नहीं हो पायेगा. आवेदन में जिला के द्वारा जारी की गयी सूची में कई अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया है।इससे जिले के पंचायतों के मुखियाओं को परेशानी हो रही है। उन्हें भी ग्रामीणों का कोपभाजन बनना पड़ है और जारी की गयी सूची के अनुसार मुखिया और अन्य जन प्रतिनिधि कार्य करने में असमर्थ हैं।आवेदन में आगे कहा गया कि पंचायती राज व्यवस्था में ग्रामसभा को सर्वोपरी माना गया है. जो ग्रामसभा निर्णय लेती है वह सर्वमान्य होती है. किसी की योनजा को पारित करने तथा लाभुकों का चयन करने में ग्रामसभा की सहमति आवश्यक होती है. आवेदन में ग्रामसभा के माध्यम से अबुआ आवास के लाभुकों चयन कर आवास योजना आवंटित करने की मांग की गयी है।मौके पर कई मुखिया मौजूद थे।

नीतीश कुमार बने देश के सबसे बड़े गुलाटीबाज नेता : रवि डे

प्रभात मंत्र संवाददाता
लातेहार : इंडिया गठबंधन को छोड़कर नीतीश कुमार एनडीए से हाथ मिला लिया है। तब से बिहार, झारखंड में कई तरह कि चर्चाएं हो रही है। वहीं झाविस नेता सह समाजसेवी रवि डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पाला बदलने में माहिर और इस कार्य में विश्व रिकार्ड बनाने वाले नीतीश कुमार गुलाटी मारने में बंदर को भी पीछे छोड़ दिए ये हाल तक बार-बार बोल रहे थे कि मर जाना पसंद करेंगे लेकिन किसी भी हाल में एनडीए में नही जाएँगे, परन्तु इस गुलाटीबाज ने पुनः एक बार एनडीए के साथ हाथ मिलाकर अपने अस्तित्व को खत्म कर दिया है। जिसका कोई अस्तित्व नहीं है ऐसा ब्यक्ति को बिहार में मुख्यमंत्री बनाया गया है?। जो बहुत ही दुख

और आक्रोश का विषय है।बिहार के भाजपा नेता सुशील मोदी, गिरिराज सिंह, अश्विनी चौबे पूर्व में कह रहे थे कि नीतिश के लिए अब एनडीए में हमेशा के लिए दरवाजा बंद हो चुका है। परन्तु दरवाजा तोड़?कर एनडीए में शामिल हो गये । इनके एनडीए में शामिल होते ही इंडिया गठबंधन के घटक दल के नेताओं का राग बदल गया। तथा इण्डिया गठबंधन रोज कमजोर हो रहा है, लोकसभा चुनाव आते आते ये गठबंधन शुन्य पर आ जाएगा।

भाजपा कार्यालय में गांव चलो अभियान को लेकर हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता
बारियातु : प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय मे गांव चलो अभियान के निमित्त, प्रखण्ड अध्यक्ष लव कुमार सिंह जी के अध्यक्षता में एक बैठक की गई. पंडित दीनदयाल उपाध्याय एंव श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर दिप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर बैठक की शुरुआत की गई इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखण्ड संयोजक श्री राजधानी प्रसाद यादव जी सह संयोजक जिला परिषद सदस्या श्रीमती प्रियंका देवी जी इस कार्यक्रम साथ में जिला परिषदम महीला मोर्चा अध्यक्ष अंजु देवी जी, मंजु देवी जी सदस्य रमेश राम जी, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह जी, प्रखण्ड महामंत्री निरजंन राम जी,

युवा मोर्चा अध्यक्ष, संदीप केशरी जी, जिला मंत्री ब्रजमोहन राम जी, कामेश्वर प्रजापति जी, किशोर साव जी, शिवमंगल सिंह जी सकेन्द्र राम जी, मुकेश यादव जी कमख्या यादव जी, रिंकू यादव जी, कुन्दन कुमार जी, दुलार चंद पासवान जी, अजय गंझु जी, सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर गाँव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए सफल बनाने का संकल्प लिये सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर समानित किया गया और अतिथियों का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ मोदीजी जी के गारंटी पक्की है उसको प्रत्येक घर में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचानी है इसके साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
राजधानी
रांची, गुरुवार, 01 फरवरी 2024| पेज 3

संक्षिप्त खबरें

सचिव अविनाश कुमार को पद से हटाया गया

रांची। बुधवार को एक तरफ ईडी मुख्यमंत्री से पूछताछ कर रही है वहीं दूसरी ओर झारखंड के गृह सचिव अविनाश कुमार को हटा दिया गया। अब मुख्य सचिव एल. खयांग्ते को गृह विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। दूसरी ओर आईएएस राजीव अरुण एक्का अपने कार्यो के अलावा अपर मुख्य सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। निदेशक खान रांची के पद पर पदस्थापित अरवा राजकमल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक प्रभारी सचिव अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। निदेशक पेंशन निदेशालय वित्त विभाग मुकेश कुमार को स्थानांतरित करते हुए उन्हें प्रभारी सचिव श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया है. निदेशक भू अर्जन उमाशंकर सिंह को स्थानांतरित करते हुए प्रभारी सचिव स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।

झारखंड में प्रशासनिक फेरबदल जारी

रांची : झारखंड में प्रशासनिक फेरबदल का दौर जारी है। राज्य के तीन आईएएस अधिकारियों के तबादले को लेकर कार्मिक , प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। आईएएस अधिकारी अरवा राजकमल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक प्रभारी सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति , अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में पदस्थापित किया गया है। मुकेश कुमार को प्रभारी सचिव श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग और उमा शंकर सिंह को प्रभारी सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में पदस्थापित किया गया है।

रिम्स नेत्र विभाग के नए विभागाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार ने पदभार लिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रिम्स नेत्र विभाग के नए विभागाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया। 2021 से नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष रहे प्रो (डॉ) राजीव कुमार गुप्ता 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत हो गए जिसके पश्चात डॉ सुनील को विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

पीएमसीएच, पटना से एमबीबीएस पूर्ण करने के बाद इन्होंने पीजीआई चंडीगढ़ से एमएस की पढ़ाई पूरी की थी। डॉ सुनील 2012 में बतौर सहायक प्राध्यापक रिम्स के नेत्र विभाग से जुड़े थे और अभी एडिशनल प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। अपने अब तक के कार्यकाल में डॉ सुनील ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं जिनमें सबसे महत्वपूर्ण और प्रशंसनीय उपलब्धि रही है रिम्स में कॉर्निया ट्रांसप्लांट की शुरुआत।

रिम्स में हुए 93 कॉर्निया ट्रांसप्लांट में से 91 ट्रांसप्लांट डॉ सुनील द्वारा की गई है।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात डॉ सुनील ने बताया कि क्षेत्रीय नेत्र संस्थान के नवनिर्मित भवन का पूर्ण रूप से संचालन शुरू कराना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही कहा कि मरीजों के इलाज के लिए नई सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी तथा शिक्षण एवं प्रशिक्षण के कार्य को सुचारू रूप से चलाए जाने का प्रयास किया जाएगा।

रिम्स प्रभारी निदेशक व नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता हुए सेवानिवृत

रिम्स प्रभारी निदेशक व नेत्र विभागाध्यक्ष प्रो डॉ राजीव कुमार गुप्ता 27 वर्षों के अपने कार्यकाल के पश्चात बुधवार को सेवानिवृत हो गए। नेत्र विभाग द्वारा ट्रॉमा सेंटर के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीन प्रो (डॉ) विद्यापति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरूआ, उपाधीक्षक कर्नल शैलेश त्रिपाठी, नेत्र विभाग के चिकित्सक डॉ सुनील कुमार, डॉ दीपक लकड़ा, डॉ राहुल प्रसाद, अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) श्रीमति सीमा सिंह, नेत्र विभाग के कई पूर्व विभागाध्यक्ष, अन्य विभागों के फैकल्टी मेंबर, स्टाफ नर्स व कर्मचारी मौजूद थे। डॉ गुप्ता ने रिम्स में एमबीबीएस के दिनों से लेकर नेत्र विभाग के कार्यकाल और निदेशक पद तक के अपने सफर से जुड़ी खट्टी मीठी यादें साझा की और सभी चिकित्सकों, सहभागियों, नर्स, कर्मचारियों और पोस्ट ग्रेजुएशन के छात्रों को कार्यकाल के दौरान प्राप्त समर्थन के लिए धन्यवाद किया। मौके पर मौजूद सभी ने डॉ राजीव गुप्ता के नेत्र विभाग और निदेशक पद के कार्यकाल को सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य और स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

डॉ राजीव गुप्ता का सफर: डॉ आर के गुप्ता का जन्म पटना, बिहार में हुआ था। 1981 में राजेंद्र मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से एमबीबीएस करने के पश्चात उन्होंने 1986 में दरभंगा मेडिकल कॉलेज से ओथलमोलोजी में एमएस किया। मेडिकल की पढ़ाई पूर्ण करने के बाद वह कुछ समय तक रांची स्थित सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड में चिकित्सा अधिकारी के तौर पर कार्यरत थे। 1997 में सीनियर रेजिडेंट के तौर पर डॉ गुप्ता आरएमसीएच (अब रिम्स) से जुड़ने के बाद अब तक यहां अपनी सेवाएं दे रहे थे। 2017 में वह प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत हुए और अक्टूबर 2021 से अब तक वह नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत रहे। 6 जुन 2023 को उन्होंने रिम्स के प्रभारी निदेशक के तौर पर पदभार ग्रहण किया था। सितंबर 2018 में रिम्स में आई बैंक और कॉर्नियल ट्रांसप्लांटेशन शुरू करने में डॉ गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रिम्स में अब तक 93 कॉर्नियल ग्राफ्टिंग सफलतापूर्वक की जा चुकी है। उनके मार्गदर्शन में अब तक 36 स्नातकोत्तर छात्रों ने एम.एस. की डिग्री प्राप्त कर चुके हैं। झारखंड पैरामेडिकल काउंसिल के वह सदस्य और पाठ्यक्रम समन्वयक भी हैं। इसके साथ ही वे यूजी छात्रों के शिक्षण और नेत्र सहायकों के शिक्षण-प्रशिक्षण में शामिल रहे हैं।

सशक्त भारत के लिए सशक्त भाजपा आज युग की मांग : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को पार्टी की नव गठित ज्वाइनिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास का संकल्प सबके प्रयास और सबके विश्वास के साथ पूरा करने का निश्चय किया है, जिसे लगातार धरातल पर उतारा जा रहा। उन्होंने कहा कि हमें सबके बीच जाना है और सबको भाजपा में लाना है। सशक्त भारत के लिए सशक्त भाजपा आज युग की मांग है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत, स्वाभिमानी भारत, विकसित भारत के निर्माण में भाजपा देश में हर घर भाजपा के संकल्प को सिद्धि में बदलना चाहती है।

सर्व स्पर्शी, सर्वव्यापी भाजपा पार्टी का संकल्प : कर्मवीर सिंह: प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा कोई परिवार की पार्टी नहीं। यह राष्ट्रीय विचार से परिपूर्ण पार्टी है। विकसित भारत, विश्व गुरु भारत का निर्माण पार्टी का संकल्प है। उन्होंने कहा यह सबके सहयोग से ही पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि हम सर्वव्यापी, सर्व स्पर्शी, सर्व समावेशी भाजपा के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि ज्वाइनिंग कमेटी को इस सोच के साथ लोगों को भाजपा से जोड़ने की दिशा में पहल करनी चाहिए। समाज का कोई वर्ग छूटे नहीं। बैठक में कमेटी के प्रदेश संयोजक डॉ रविंद्र कुमार राय, विधायक बिरंची नारायण, दुल्लू महतो, गिरिनाथ सिंह, गणेश तिवारी सहित जिलों के संयोजक एवं सह संयोजक उपस्थित थे।

मॉकड्रिल में हटिया में दुर्घटनाग्रस्त हुई रामगढ़-कन्याकुमारी स्पेशल ट्रेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मॉकड्रिल के दौरान बुधवार को दिखाया गया कि रामगढ़ से कन्याकुमारी के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन (ट्रेन संख्या 00025 रामगढ़-कन्याकुमारी होलीडे स्पेशल ट्रेन) 11:30 बजे हटिया यार्ड में दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। इसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव कार्य के लिए रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ दुर्घटना राहत यान, दुर्घटना राहत चिकित्सा यान व चिकित्सकों का दल दुर्घटना स्थल के लिए रवाना हो गया है। दो कोच डिरेल हुआ है। एसपीआरओ निशांत कुमार ने बताया कि यह मॉकड्रिल था, जिसमें देखा गया कि एक्सिडेंट की स्थिति में हालात से कैसे निपटा जा सकेगा।

अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल यादव की जमानत याचिका खारिज

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे राहुल यादव की जमानत याचिका ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दी। इससे पहले दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में राहुल ने दो जनवरी 2024 को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया था। इसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। ईडी भी उसे रिमांड पर लेकर

पूछताछ कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि राहुल को अवैध खनन मामले में ईडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया गया था। लेकिन वह ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद ईडी की विशेष अदालत ने राहुल यादव के खिलाफ 31 मार्च 2023 को नन बेलेबल वारंट जारी किया था। इसे उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनौती दी थी।

जेएसएससी - चयन आयोग ने तीनों पालियों में ली गयी परीक्षा को रद्द कर दिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। बुधवार को जेएसएससी - सीजीएल प्रश्नपत्र लीक मामले में अभ्यर्थियों ने कार्यलय के समक्ष जमकर हंगामा किया। इस दौरान पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच झड़प भी हुई। जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने तीनों पालियों में ली गयी परीक्षा को रद्द कर दिया है। इस संबंध में आयोग की ओर से सूचना भी जारी कर दी गयी है। बता दें कि 28 जनवरी को जेएसएससी - सीजीएल की हुई परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने तृतीय पाली की परीक्षा को रद्द किया था। आयोग के परीक्षा नियंत्रक ने इस संबंध में कहा कि जल्द ही परीक्षाओं का फिर से आयोजन किया जायेगा। नये सिरे से परीक्षा की तिथि चार फरवरी को जारी की जायेगी। इस संबंध में नामकुम थाना में प्राथमिकी भी दर्ज की गयी। आयोग पूरे मामले की सुरक्षा दृष्टि से समीक्षा कर रहा है, इसके बाद परीक्षा की तिथि जारी करेगा। वहीं देर शाम तक अभ्यर्थियों का आक्रोश उबाल पर था।

रांची के खेलगांव में 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खो-खो खेल प्रतियोगिता शुरू

प्रतियोगिता में 28 टीमें भाग ले रही हैं।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2023-24 के तहत बुधवार को रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के परमवीर शहीद अल्बर्ट एक्का खोखो मैदान में अंडर 14 बालक-बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का आगाज हुआ। राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की

मेजबानी में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवेनद्रनाथ दुबे, एसजीएफआई आब्जर्वर पवन कुमार शर्मा, एसजीएफआई फील्ड ऑफिसर विनोद सिंह और झारखंड राज्य खो खो संघ के अध्यक्ष संतोष प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस प्रतियोगिता में 28 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता की चैंपियन बनने के लिए 660 बाल खिलाड़ी दमखम लगा रहे हैं। इनमें 336 बालक और 324 बालिकाएं शामिल हैं। यह प्रतियोगिता चार फरवरी तक चलेगी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किया गया एफआईआर फर्जी है : भाजपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एसटी-एससी थाना ने तथाकथिक एफआईआर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईडी के कुछ अफसरों के ऊपर एसटी एससी एक्ट के तहत एसटी एससी थाना में एफडीआई दर्ज किया है। कहा कि हेमन्त सोरेन इतना डरे हुए है कि अपना सुध बुध भी खो चुके है। और जो उनके लिए काम कर रहे है वे भी अपना सुध बुध खो चुके है। एफआईआर की प्रथम पंक्ति में ही गलतियां है। एफआईआर के

अनुसार हेमंत सोरेन अपने आप को साहेबगंज विधानसभा क्षेत्र का विधायक बता रहे है लेकिन झारखंड में साहेबगंज नाम का कोई विधानसभा क्षेत्र नही है।कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि एफआईआर ही फर्जी है। क्योंकि हेमन्त सोरेन जी को अपना विधानसभा बरहेट के जगह साहेबगंज बताना, एफआईआर की फर्जीवाड़ा को बताता है।कहा कि एफआईआर पूरी तरह से फर्जीवाड़ा है। कहा कि डीजीपी एवं पुलिस अधिकारी इस एफआईआर की सत्यता की जांच करें। कि सचमुच में हेमन्त सोरेन ने एफआईआर किया है या उनके नाम से किसी ने एफआईआर किया हैं। कहा कि उनके यहां फर्जीवाड़ा का पहले भी रिकॉर्ड रहा है। मुझे स्मरण है शिबू सोरेन जी के समय एक बार 2-3 लोगों को एक जगह टिकट दिया गया और चुनाव लड़ गए थे।बाद में बोला गया कि फॉर्म में फर्जी हस्ताक्षर किया गया था।

अधिवित परिषद के दो कर्मचारियों को दी गई विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। बुधवार को झारखंड अधिवित परिषद के सभागार में सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित किया गया।

परिषद के दो कर्मचारी रजनी प्रमाणिक सेन और राम प्रकाश साहू निवृत्त हुए। इस मौके पर जैक के दोनों कर्मचारियों को। बूके देकर, शॉल ओढ़ाकर और माला पहनाकर विदाई दी गई। मौके पर जैक अध्यक्ष एवं सचिव के साथ-साथ वित्त पदाधिकारी और सभी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

खेलकूद प्रतियोगिता 18 फरवरी से, कमेटी गठित

रांची : रांची के ठाकुरगांव में स्व. जगदीश महतो स्मृति खेलकूद प्रतियोगिता 18 फरवरी से आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर रंथेश्वर गिरी ने बुधवार को बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष कृष्णा महतो, सचिव हरिप्रसाद महतो, कोषाध्यक्ष विजय कुमार महतो, उपाध्यक्ष कैलाश पांडेय सहित 11 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग में खेलकूद का आयोजन किया जाएगा।

सरस्वती पूजा और वेलेंटाइन डे 14 फरवरी को, तैयारियां जोरों पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : विद्या की देवी मां सरस्वती और वेलेंटाइन डे इस बार 14 फरवरी को एक साथ मनाया जायेगा। 57 सालों में तीसरी बार ऐसा अनूठा संयोग मिल रहा है जब मां वीणा वादिनी की आराधना के साथ वेलेंटाइन डे एक ही दिन पड़ रहा है। मां सरस्वती की पूजा की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। गली-मोहल्लों में चंदा काटते बच्चों की टोली का उत्साह देखते ही बन रहा। सहयोग राशि के लिए घर-घर चंदे का रशीद पहुंच रहा है। शिल्पकारों के यहां बड़ी-छोटी मां की प्रतिमा को आकार देने में जुटे हुए हैं। पंडित रामदेव पाण्डेय ने इस संबंध में बताया कि इससे पहले 1967 और 2013 में 14 फरवरी को ही बसंत पंचमी का शुभ मुहूर्त मिला था। तीसरी बार 2024 में ऐसा शुभयोग बना है। उन्होंने बताया कि वैसे तो पंचमी तिथि 13 फरवरी को दिन के 02:41 मिनट से प्रारंभ हो जायेगी, जो दूसरे दिन बुधवार

को दोपहर 12:09 मिनट तक रहेगी। अत: उदया तिथि के अनुसार, 14 फरवरी को बसंत पंचमी का त्योहार मनाना शास्त्र सम्मत होगा। उन्होंने बताया कि उदया तिथि मिलने से दिनभर पूजन किया जा सकता है लेकिन सुबह सात बजे से दोपहर 12:35 मिनट तक अमृत सिद्धि योग है। अत: इस बीच माता सरस्वती की पूजा-अर्चना और अराधना करना ज्यादा श्रेष्कर होगा। बसंत पंचमी पर शुभ कार्य शुरू करने का सुनहरा अवसर होता है। सनातनी इस दिन गृहप्रवेश, नया व्यवसाय, महत्वपूर्ण परियोजनाएं की शुरूआत तो करते ही हैं, शादी-विवाह की धूम भी रहती है। बच्चों को अक्षर ज्ञान कराने के लिए भी लोग इस दिन का इंतजार करते हैं। बसंत पंचमी के साथ ही वसंत ऋतु की शुरुआत भी होती है, जो फसलों और कटाई के लिए एक अच्छा समय होता है। कड़ाके की ठंड के बाद इस त्योहार को वसंत का पहला दिन, फसल काटने का समय माना जाता है। बसंत पंचमी मां सरस्वती का प्राकट्य दिवस है। इस दिन विद्यादायनी मां की विशेष पूजा का विधान है। मां विद्या और बुद्धि की देवी हैं। माना जाता है कि बसंत पंचमी के दिन माता सरस्वती की आराधना से विद्या, बुद्धि, कला और ज्ञान का वरदान सहज मिल जाता है। इसी भाव से शिक्षण संस्थानों के साथ घरों और चौक-चौराहों पर मां की प्रतिमा विराजमान कर नेम-निष्ठा से पूजा-अर्चना की जाती है। लोग बाग इस दिन पीले रंग के कपड़े पहन कर पीले फूलों से मां की पूजन करते हैं।

उपायुक्त ने स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा को लेकर दिया संदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार सिविल सर्जन (सदर) रांची, डॉ. प्रभात कुमार द्वारा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी रांची, ए.पी.ए.ल सदस्य, स्वास्थ्य पदाधिकारी रांची, सदस्य डेमियन फाउंडेशन झारखण्ड रांची, डॉ गौतम एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। सिविल सर्जन (सदर), डॉ. प्रभात कुमार द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा 30 जनवरी से 13 फरवरी 2024 तक पुरे जिले में जोर-शोर से चलेगा। जिसमें अभियान के दौरान लोगों कुष्ठ रोग के बारें में जागरूक किया जाएगा। जिसमें एएनएम, सहिया और ग्रामीणों के साथ बैठक होगी। जिसमें कुष्ठ रोग से ठीक हो चुके मरीजों को सम्मानित किया जाएगा। कुष्ठ रोग के बारे में जो लोगों के बारें में जो गलत धारना है, उसे दूर करने का इसमें प्रयास किया जाएगा। इस रोग को दूर करने के लिए सबको अपनी साझेदारी निभानी है। इस रोग की लगातार स्क्रीनिंग होना

जरुरी है, ताकि इसे दूर किया जा सकें। उन्होंने बताया की ज्यादा जानकारी के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, अस्पताल, जिला कुष्ठ अधिकारी एवं सहिया दीदी से संपर्क कर सकते है।

कुष्ठ रोग अभिशाप नहीं है: सिविल सर्जन (सदर), डॉ. प्रभात कुमार द्वारा विशेष रूप से कहा गया की कुष्ठ रोग अभिशाप या पूर्व जन्म का पाप नहीं है। यह रोग माइक्रो बैक्टीरियम लेप्री से होने वाला रोग है। यह अनुवांशिक रोग नही है। कुष्ठ रोग का मुख्य लक्षण त्वचा के रंग में बदलाव तथा संवेदना में कमी आना है, अस्पतालों में इसका ईलाज मुफ्त में किया जाता है।बैठक में सदस्य डेमियन फाउंडेशन झारखण्ड रांची, डॉ गौतम ने कुष्ठ रोग के बारे में स्लाइड के माध्यम से विस्तृत जानकारी देते हुए इसकी पूरी जानकारी दी।

मेदांता अस्पताल ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। ईरबा मेदांता हॉस्पिटल में काम करने वाले आलीम अंसारी के निधन हो जाने से परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। इसलिए परिजनों को आर्थिक सहयोग देने के लिए मेदांता हॉस्पिटल की एक टीम उनके आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। मौके पर मेदांता हॉस्पिटल के कर्मचारी व डॉक्टरगण पीड़ित सफीना खातून को 1,01, 151 (एक लाख एक हजार एक सौ एकावन रुपए) का सहायता राशि देकर आर्थिक सहयोग किया। ईरबा स्थित मेदांता हॉस्पिटल के एक कर्मचारी ने बताया की स्वर्गीय आलीम अंसारी मेदांता हॉस्पिटल में स्थायी काम किया करता था। वह सेवा भाव से छुट्टी पर भी हॉस्पिटल में काम किया करता था। मेदांता हॉस्पिटल में इलाज के दौरान 15 जनवरी 2024 को उसकी मौत हो गई थी। आलीम अंसारी की मौत के बाद पत्नी सफीना खातून आर्थिक परेशानियां से जूझ रही है। स्वर्गीय आलीम अंसारी अपने पीछे पत्नी सफीना खातून समेत 3 बेटा अबू तालिब, अब्दुल कय्यूम, मोहम्मद जिकरुल्लाह और 4 बेटी रुकैया खातून, राईसा खातून, मुनेशा खातून, नूरेसा खातून को छोड़ गये। पीड़ित परिवार का बड़ा बेटा अबू तालिब मेदांता हॉस्पिटल प्रबंधक से स्वर्गीय आलीम अंसारी की जगह परिजन में किसी एक को स्थायी नौकरी देने की मांग की। इस मौके पर फतीनउद्दीन अंसारी, शाकिब परवेज अली, हाजी हाशिम अंसारी, एजाज अंसारी, आजाद अंसारी, संजीव बमशी, मुजीबुर रहमान, दीपक नंदी, आशीष शर्मा, ओम प्रकाश, इदुल अंसारी, शमसुद्दीन अंसारी, अनीस अंसारी आदि हॉस्पिटल के कर्मचारी लोग मौजूद रहे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, गुरूवार, 1 फरवरी 2024 | पेज 4

अशोक परियोजना के उत्खनन विभाग द्वारा सम्मान समारोह सह वनभोज का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दामोदर नदी तट पर अशोक परियोजना के उत्खनन विभाग के द्वारा सम्मान समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्टॉफ आफिसर उत्खनन जीएसपी शर्मा और संचालन मुबारक हुसैन एंव दिलिप महतो ने संयुक्त रूप से किया।

इस कार्यक्रम मे सबसे पूर्व अशोक परियोजना से सेवानिवृत हुए चीफ स्टोर कीपर मोहम्मद युनुस को सम्मान के साथ विदाई दी गई।कार्यक्रम मे उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत मोहम्मद यूनुस को माला पहनकर और बुके देकर स्वागत किया,जिसके बाद शॉल और उपहार प्रदान कर उन्हें विदाई दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की।वही मोहम्मद यूनुस ने भी अपने 40 वर्ष के कार्यकाल के अनुभव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कार्मिक प्रबंधक हेमचंद महतो ने किया।अंत में सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने एक साथ बैठकर सामूहिक भोज का आनंद उठाया।वही सेवानिवृत कर्मचारी मोहम्मद यूनुस के द्वारा सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।इस मौके पर स्टाफ ऑफिसर एक्सावेशन जीएसपी शर्मा, परियोजना अभियंता उत्खनन मिथिलेश कुमार,शंभु शरण,कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग,हेमचन्द महतो,जगदीश मंडल,सुनील कुमार यादव,कौशल आर्या, आरपी सिंह,स्वरूप सन्यामत,बासुदेव साव, दिलिप महतो,आबिद हुसैन, अशोक कुमार महतो,मुबारक हुसैन,मनोज सिंह, अब्दुल अंसारी,सुशील यादव, फुलेश्वर महतो,नागेश्वर राम, रामदयाल उंराव,सलीम जावेद ,बिनोद तुरी,चमटु गंझु,बलकु गंझु, बबलु गड़ेरी,मिन्टु कुमार, दिलिप सिंह,मोहम्मद समसुदीन,मोहम्मद शमीम, मोहम्मद खुर्शीद,शिवलाल महतो सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

डीएवी बचरा में समारोह आयोजित कर दो सेवानिवृत शिक्षकों को दी गई विदाई

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर स्कूल से सेवानिवृत हुए दो शिक्षकों को भावभीनी विदाई दी गई।जानकारी के अनुसार इस विदाई समारोह मे स्कूल के खेल शिक्षक एडी यादव और हिंदी शिक्षक अशोक कुमार दुबे को विदाई दी गई।इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा और वरिष्ट शिक्षक आरबी प्रसाद सहित अन्य शिक्षकों ने दोनों शिक्षको को माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और उपहार प्रदान कर विदाई दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि दोनों शिक्षकों ने 27 वर्ष तक ईमानदारी कर्तव्य निष्ठा और बच्चों के प्रति समर्पित होकर डीएवी मे अपनी सेवा दी है।स्कूल मे शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चो के सुनहरे भविष्य मे शिक्षक का योगदान अहम रहता है और उक्त दोनों शिक्षकों ने अपना योगदान बखूबी निभाया है।उन्होने कहा कि दोनों का योगदान डीएवी बचरा मे सदा के लिए याद रखा जाएगा।दोनो शिक्षकों की सेवानिवृत होना डीएवी बचरा के लिए अपूरणीय क्षति है।वहीं रिटायर शिक्षकों ने भी सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजुद थे।

कॉलेज के प्रचार्य डॉ विंध्याचल राम को दी गई भावभीनी विदाई

बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता): केसीबी कॉलेज के सभागार में बुधवार को विदायई समारोह का आयोजन किया गया। जहां कॉलेज के प्रचार्य डॉ0 विंध्याचल राम और आदेशपाल एतवा उरॉव को सेवा निमृति होने पर साल, गुलदशता देकर कॉलेज परिवार द्वारा भावभिनी विदाई दी गई। मौके पर सेवा निमृत प्रचार्य डॉ विंध्याचल राम ने कहा कि मैने इसी कॉलेज में 1985 व्याख्याता का पदभार ग्रहण किया था और आज इसी कॉलेज से प्रचार्य के पद से सेवानिमृत हो रहा हूँ। मैने चार दशक तक सेवा दिया। आगे भी जब भी कॉलेज में शिक्षण व विकास के लिए याद किया जायगा। मैं अपने आपको सेवा देना भाग्यशाली समझुंगा। विदाई समारोह के मौके पर पूर्व प्रचार्य डॉ0 मथुरा राम ओस्ताद, डॉ0 देलो मई हंसदा, डॉ0 आशा रानी लकड़ा, मो0 अयुब, डॉ0 तरूण कुमार चक्रवर्ती, डॉ0 विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, डॉ0 प्रदीप अधिकारी, डॉ0 अवधेश गुप्ता, प्रो0 राजा, प्रो0 नवल किशोर शाही, प्रधान सहायक सुकुल महतो, कॉलेज कर्मी, कॉलेज छात्र संघ के पदाधिकारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया

मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधवार को मांडर महाविद्यालय, मांडर में सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों में रामकुमार साहू, डॉ नाफर अली, बसंत साहू कर्मचारियों में रामकिशोर सिंह,मंगल महली, नंदकुमार सिंह तथा नवल किशोर उरांव शामिल थे। मौके पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्ति के अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त किए और भावुक हो गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ फैयाज अहमद जहांगीर ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सुखी एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। अपने सम्बोधन में डॉ बुदु उरांव, सोमरा उरांव, डॉ हुजैफा ने सभी की लंबी आयु एवं भावी जीवन के सुखमय होने की कामना की। अवसर पर सभी को पुष्पगुच्छ,शॉल, डायरी, कलम और महाविद्यालय का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर मंच संचालन दिव्या रानी तथा धन्यवाद ज्ञापन पवन कुमार दास ने किया। इस अवसर पर गामा तिग्गा, नत्थू गाड़ी, डॉ ममता कुमारी बाड़ा, डॉ विवेक कुमार, डॉ नीलम कुमारी, सुषमा कुजूर उपस्थित रहे।

पिपरवार से झामुमो कार्यकर्ता रांची के लिए हुए रवाना

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र से सैकड़ो झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता रांची के मोराबादी में आहुत विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए।झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिमरिया विधानसभा प्रत्याशी मनोज चंद्रा के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता एक साथ वाहनों पर सवार होकर रांची रवाना हुए।रांची जाने से पूर्व सभी झामुमो कार्यकर्ता पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर स्थित शहीद कृष्णा महतो चौक पर जमा हुए और जमकर नारेबाजी की।इस संबंध मे झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिमरिया विधानसभा प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने कहा कि झारखंड में चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही है। झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रताड़ित किया जा रहा है जो झारखंडियों के लिए अपमान है।केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर झारखंड में सरकार गिराने का प्रयास किया जा रहा है।जनता के द्वारा चुनी हुई महागठबंधन की सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी।उन्होंने कहा कि राज्य की जनता सब देख रही है आने वाले दिनों में राज्य की जनता इसका करारा जवाब देने का काम करेगा। ईडी के द्वारा मुख्यमंत्री को लगातार समन और पूछताछ के विरोध में राज्य की जनता में भारी आक्रोश देखा जा रहा है,जिसको लेकर रांची के मोराबादी में जोरदार विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में सभी जगह के कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं।इस मौके पर रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, जितेन्द्र सिंह,सलीम अख्तर सहित कई लोग मौजूद थे।

गाँव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

नामकुम : गांव चलो अभियान कार्यक्रम हेतु भाजपा टाटीसिलवे मंडल के द्वारा दिनांक 31 जनवरी 2024 को दिन बुधवार समय दोपहर 02ः00 बजे टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष श्री राजेंद्र महतो जी के महिलौग स्थित परिसर में एक बैठक राजेंद्र महतो जी की अध्यक्षता में आहूत की गई । इस बैठक में शक्ति केंद्रो को केंद्र

सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं सभी ग्रामीणों तक पहुँचाना है।

दिवार लेखन,पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।इस अवसर पर टाटीसिलवे मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महामंत्री अमित कुमार मिश्रा,मंडल प्रभारी व संयोजक मनोज कुमार चौधरी, गिरिधर मिश्र, सत्यजीत सिंह, श्री दाम सिंह मुंडा, रामचरण पाहन, सयनाथ महतो, मोहन कुमार, मनोज महतो, राकेश कुमार सिंह, कर्मा लोहरा, विजय महतो, राजीव कुमार सिंह, राम कृष्णा महतो इत्यादि गन मान्य लोग उपस्थित थे।

सहायक शिक्षक व प्रिसिंपल का हुआ विदाई समारोह

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली प्रखण्ड अन्तर्गत राज्यकृत मध्य विद्यालय सिंगपुर के प्रिसिंपल मोहीत कुमार सिंह सहायक शिक्षक उत्पल कुमार साहु का विदाई समारोह का आयोजन बुधवार को नए प्रिसिंपल मोहम्मद खलील अंसारी के द्वारा स्कूल परिसर मे किया गया। विदाई समारोह मे उत्पल कुमार साहु ने बच्चों से कहा की महत्वपूर्ण वातावरण मे विद्यालय अच्छी तरह से चले। शिक्षा के प्रति जागरूक रहे। माता पिता एवं समाज के बड़ों का सम्मान करना चाहिए। प्रिसिंपल मोहीत कुमार सिंह ने कहा की इस विद्यालय में मुझे कभी भी अकेला पन महसूस नहीं हुआ है। यह स्कूल सुचारू रुप से चलता रहे। स्कूल के प्रति आज भी हम समर्पित रहेगें। स्कूल मे बच्चों को पढ़ाते पढ़ाते किस तरह दिन बीत गया पता ही नहीं चला। जिस विद्यालय मे मै 12 साल बच्चों के बीच रहा आज उनसे अलग होने का बहुत दुख है। बच्चें अपने शिक्षा जगत मे आगे बढ़े और विद्यालय का नाम रोशन करे। सर्वप्रथम दोनों शिक्षकों को स्कूल के तरफ से बुके एवं अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। इस विदाई समारोह में पूर्व शिक्षक राजेंद्र कुमार महतो मोहम्मद शाहिद अंसारी सरोज महतो नरेश चंद्र महतो, दुपेंदु कुमार, कल्याणी, प्रमीला नाग, खिरो देवी, भूतपूर्व प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद महतो समेत अभिभावक मौजूद थे।

संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मे मना विदाई समारोह

मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधवार को संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज में विदाई समारोह मनाया गया। सईद अख्तर और शिक्षक प्रतिनिधि अनिल खलखो ने दीप प्रज्वलान के कार्यक्रम का आरम्भ किया। छात्र-छात्राओं द्वारा कई मनमोहक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मौके पर कॉलेज प्रचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप ने कहा की आप सभी कॉलेज में दो वर्षो तक शिक्षा ग्रहण किया इस दौरान हमारा ये प्रयास रहा की आप की ज्ञानात्मक विकास के साथ साथ अन्य योग्यताओं में भी विकास करें आप का आगे का जीवन उज्वल हो इसकी हम कामना करते है कार्यक्रम को सफल बनाने में करुणा प्रेम लता, स्वाति तिर्की, अंजलि तिर्की, रौशनी रुंडा, प्रतिभा तिर्की, बैजू गुप्ता, सुशांत चक्रवर्ती, उमेश प्रशाद, विजय किसपोट्टा, सहित अन्य अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

सरना एकेडमी में दशम कक्षा के छात्रों को दी गई विदाई

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): सरना एकेडमी के प्रांगण में एक समारोह आयोजित कर दशम कक्षा के विद्यार्थियों को विदायी दी गयी.समारोह की शुरुआत कक्षा नवम के छात्रों द्वारा विदा होने वाले छात्रों को तिलक लगाकर किया. इस विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव, प्रधानाचार्य गोपाल सिंह, उप प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गुप्ता ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथही जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी.इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक रतन सिंह, बलबीर यादव, रोनित सिंह, पवन सिंह, सुरेंद्र चौहान, बिलेंद्र उरांव, अजय सिंह, दिव्या कुमारी, सुमन सिंह, खुशी झा, पूनम, बबिता वर्मा, रोस्टी मिंज, सगुप्ता परवीन, विजेता टोप्पो, सुषाणा केरकेट्टा, नीलू मिंज सहित विद्यालय के सभी छात्र शामिल थे.

विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन

खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता): आगामी लोकसभा चुनाव के सुचारू रूप से सभी कार्यों के स-समय संचालन हेतु जिला स्तर पर विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया है। इसे लेकर अनुमंडल पदाधिकारी, अनिकेत सचान की अध्यक्षता में विभिन्न कोषांग की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान वाहन कोषांग, एमसीसी, एवं एमसीएमसी कोषांगों में प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए गए। कोषांग के वरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आगे की कार्य योजना तैयार करते हुए कार्य करें। आदर्श आचार संहिता, व्यय निगरानी, मीडिया शिकायत, एमसीएमसी- पेड न्यूज संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई।

हिंडाल्को सीएसआर के द्वारा चश्मा का वितरण किया गया

मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता): हिंडालको इंडस्ट्रीज के सी एस आर विभाग के द्वार 8 एवं 9 दिसंबर 2023 को दो दिवसीय नेत्र शिविर सामुदायिक भवन एवं कोकोराना मे आयोजित किया गया था। शिविर में शंकर नेत्रालय के अनुभवी एवं लोकप्रिय नेत्र विशेषज्ञों के द्वारा ग्रामीणों के आंखों की विभिन्न प्रकार की जांच की गई थी। विभिन्न प्रकार के जांच के दौरान सभी को वेन्यू ओएचसी हिंडाल्को मे 31-01-2024 बुधवार को एच आर आरुण राय एवं अनील सिंह के हाथों चश्मा का वितरण किया गया। मौके पर हिंडाल्को के एचआर हेड अरुण राय ने कहा की कंपनी के द्वारा जल कल्याण हेतु भविष्य में और भी योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम किया जाएगा ताकि आसपास के ग्रामीण लाभान्वित हो सके। मौके पर हिंडाल्को के सीएसआर हेड अनिल सिंह तथा संस्थान के कर्मचारी कुमार अभिषेक, राजेश महतो, संदीप कुमार महतो, भरत सिंह तथा सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

66वां वार्षिक खान सुरक्षा वार्षिक सप्ताह में अव्वल रहा एनके एरिया का सेफ्टी स्टाल

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): 66वां वार्षिक खान सुरक्षा वार्षिक सप्ताह में सीसीएल के एनके एरिया का सेफ्टी स्टाल को डीजीएमएस धनबाद के खान सुरक्षा महानिदेशक द्वारा अव्वल घोषित किया गया. तापिन साउथ के नेहरू स्टेडियम में आयोजित सीसीएल वर्ष 2022-23 का 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह में सीसीएल के अलावा, टाटा, एनटीपीसी के 36 सेफ्टी स्टालों में एनके एरिया के स्टाल को प्रथम पुरस्कार के लिए चयन किया गया. कार्यक्रम में खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद के खान सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार व सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंधन निदेशक डा वी बीरा रेड्डी ने सभी स्टालों का अवलोकन किया. एनके एरिया के स्टाल का थीम 'स्मार्ट साल्यूशंस फार स्मार्ट माइंस' था. इसमें उन्नत सुरक्षा सुविधाओं व सूचना प्रौद्योगिकी के पहल के साथ स्मार्ट ओपेनकास्ट माइंस की परिकल्पना को दर्शाया गया था.जिसमें सेंसर लगे स्वचालित डंप ट्रक, बायोमेट्रिक सिस्टम, फोटोग्रामेट्री सिस्टम, ड्रोन से सर्वे तथा निरीक्षण, स्वचालित वे-ब्रिज सिस्टम तथा जिओफेंसिंग को दर्शाया गया था. एनके एरिया के स्टाल की काफी सराहना की गई.

प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को विदाई दी गई

इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड सभागार में बुधवार को एक समारोह आयोजित कर प्रखंड पंचायती राज्य पदाधिकारी धनेश्वर राम की सेवानिवृत पर भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर प्रखंड परिवार की ओर से प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू ने शॉल ओढ़ा कर, और पार्टी की ओर से आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम के द्वारा फूल माला पहना और शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया किया। इस बीच प्रखंड उप प्रमुख परवेज़ राजा के द्वारा प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के कार्यकाल का सराहना की गई. मौके पर बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने बीपीआरओ धनेश्वर राम के योगदान से अब तक के कार्यकाल की सराहना की मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रमेश महली, बीएसओ हेमंत एक्का, पंचायत सचिव रईस मालिक, सुधीर तिवारी, शाह फैसल, जेई मजाज़ अहमद सहित अन्य शामिल थे।

वार्षिक उत्सव समारोह धूम धाम के साथ संपन्न

इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधवार को जीजेएस पब्लिक स्कूल सेमरा का वार्षिक उत्सव समारोह धूम धाम के साथ मनाया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सन्नी टोप्पो व विशिष्ठ अतिथि झारखंड एकेडमी काउंसिल के सदस्य दीपचंद उपस्थित थे।सन्नी टोप्पो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही समाज का विकास हो सकता है शिक्षा के बिना किसी समाज का विकास असंभव है शिक्षा के बिना हमारे जीवन एक अंधेरी कोठरी के बराबर है.

राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : जिले में चौबीस जनवरी से लेकर इकत्तीस जनवरी तक राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए गए जिसमें रंगोली चित्रांकन जैसे विभिन्न प्रतियोगिताएं की गई और बेहतर करने वाले छात्राओं को

पुरस्कृत भी किया गया सहियाओं के द्वारा रैली भी निकाली गई मौके पर जिले के सिविल सर्जन नागेश्वर मांझी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत में निरंतर घट रही महिलाओं की जनसंख्या के अनुपात को संतुलित करने के साथ-साथ उनके हक एवं अधिकारों की पूर्ति करना है। भारतीय संविधान द्वारा महिलाओं को प्रदत्त अधिकार जैसे शिक्षा का अधिकार, समान सेवा का अधिकार तथा सम्मान के साथ जीने के अधिकार को सुनिश्चित करता है। 24 दिसंबर से लेकर 30 दिसंबर के बीच जिले में कुल 22 लड़कियों का जन्म हुआ है इस योजना का साकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है।आज इस योजना के तहत बेटियों को एक नई प्रतिभा का विकास एवं लोगों के अंदर बेटियों की शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच का संचार बहुत तेजी से हो रहा है। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक कानन वाला तिर्की जिला डाटा प्रबंधक श्वेता सिंह प्रमुख लिपिक सुनीता दास जिला कार्यक्रम समन्वयक उदयन शर्मा सहित सीएचओ एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

विस्थापित रैयतों ने चार फरवरी से पिपरवार बन्द करने का किया आहवान

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के ग्राम बेंती,मंगरदाहा, सिदालु, कुटकी,किचटो और राजधर के विस्थापित ग्रामीणों ने अधिग्रहित जमीन के बदले नौकरी की मांग को लेकर 4 फरवरी से कोयला खनन से जुड़ी सभी कार्यो को बंद करने की घोषणा की है।उक्त गांव के ग्रामीणों ने स्थानीय सीसीएल पिपरवार प्रबंधन और स्थानीय पुलिस प्रशासन को ज्ञापन देकर बंदी की सूचना दी है।ग्रामीणो ने कहा कि वर्ष 2009 मे सीसीएल प्रबंधन द्वारा भूमि अधिग्रहण के बावजूद अभी तक नौकरी नहीं दी गई है। स्थानीय विस्थापित रैयत कार्यालय का चक्कर लगाकर थक चुके हैं जिसके बाद बंदी की घोषणा की गई है।

सार्वजनिक सूचना
शाखा कार्यालय स्थानांतरण

बजाज फाइनेंस लिमिटेड का रजिस्टर्ड ऑफिस, मुंबई- पुणे रोड, अकुर्डी, पुणे 411 035 और चौथी मंजिल पर कॉर्पोरेट ऑफिस, बजाज फिनसर्व कॉर्पोरेट ऑफिस, ऑफ पुणे-अहमदनगर रोड, विमान नगर, पुणे, महाराष्ट्र 411 014 एतद्द्वारा अपने कस्टमर और संबंधित को सूचित करता है कि यह डीयूएमआरआई ऑफिस जो ग्राउंड फ्लोर जीटी रोड, इसरी बाजार, निमियाघाट डुमरी डिस्ट्रिक्ट गिरिडीह, झारखंड - 825167 भारत में स्थित है, 10/05/2024 से बंद हो जाएगा। बेहतर ग्राहक सुविधा के लिए सभी मौजूदा सेवाएं बरनावल बाजार, आईएसआरआई बाजार, ओल्ड जीटी रोड, बैंक ऑफ इंडिया के पास डाकघर, डीयूएमआरआई जिला, गिरिडीह, 825167 में स्थानांतरित नई शाखा में उपलब्ध रहेंगी।

सभी ग्राहकों और संबंधित ग्राहकों से अनुरोध है कि वे पते में परिवर्तन पर ध्यान दें और उसके बाद बरनवल बाजार, आईएसआरआई बाजार, ओल्ड जीटी रोड, बैंक ऑफ इंडिया के पास डाकघर, डीयूएमआरआई जिला, गिरिडीह 825167 हमारे कार्यालय से संपर्क करने का अनुरोध करें।।

द्वारा:- बजाज फाइनेंस लिमिटेड
चौथा तल, बजाज फिनसर्व कॉर्पोरेट कार्यालय,
पुणे - अहमदनगर रोड, विमान नगर, पुणे,- 411014 महाराष्ट्र
दूरभाष क्रं - 020 30405060

दिनांक - 01/02/2024

PUBLIC NOTICE
BRANCH OFFICE SHIFTING

Bajaj Finance Limited having its Registered Office, Mumbai- Pune Road, Akurdi, Pune 411 035 and Corporate office on 4th Floor, Bajaj Finserv Corporate Office, Off Pune -Ahmednagar Road, Viman Nagar, Pune, Maharashtra 411 014 hereby informs its customers and concerned that this DUMRI office which is located at Ground Floor G.T. Road Isri Bazar, Nimiyaghat Dumari Dist Giridih Jharkhand - 825167 India, will be closing with effect from 10/05/2024. For better customer facility all the existing services shall continue to be available at new branch shifted to Barnawal market ISRI Bazar, Old GT road Post Office near Bank Of India DUMRI Dist Giridih 825167.

All customers and concerned are requested to take note of change of address and requested to contact our office at Barnawal market ISRI Bazar, Old GT road Post Office near Bank Of India DUMRI Dist Giridih 825167 thereafter.

Bajaj Finance Limited
4th Floor, Bajaj Finserv Corporate Office,
Off Pune - Ahmednagar Road,
Viman Nagar, Pune - 411 014 Maharashtra
Tel- 020 3040 5060

Date – 01/02/2024

पूर्व मध्य रेल

विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिये खुली निविदायें

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

ई–निविदा संख्या : ईएल/26/खुली/2023–24, **क्र.सं.** : 1, **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि** : धनबाद मंडल में 15 स्टेशनों (मतारी, निचितपुर, तेतुलमारी, प्रधानखंटा, सरमाटांड, गुरप्पा, टनकुप्पा, बंधुवा, परसाबाद, चौबे, चिचाकी, निमियाघाट, चौधरीबंध, फुसरो और गोमिया) पर 2x25 केवीए, एटी प्रदान करके सिग्नलिंग बिजली आपूर्ति प्रणाली में वृद्धि। (कार्य समापन अवधि : छः माह)। **क्र.सं.** : 2, **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि** : रू. 1,49,47,147.64, **क्र.सं.** : 3, **बिड सिक्युरिटी** : रू. 2,24,700.00

ई–निविदा संख्या : ईएल/27/खुली/2023–24, **क्र.सं.** : 1, **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि** : पाथरडीह & गोमो यार्ड और अन्य क्षेत्रों में अन्य विविध कार्यों के साथ–साथ हाईमास्ट टावर उपलब्ध कराकर प्रकाश व्यवस्था में सुधार। (कार्य समापन अवधि : छः माह)। **क्र.सं.** : 2, **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि** : रू. 1,26,91,932.62, **क्र.सं.** : 3, **बिड सिक्युरिटी** : रू. 2,13,500.00

ई–निविदा संख्या : ईएल/28/खुली/2023–24, **क्र.सं.** : 1, **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि** : धनबाद और पतरातू में रेलवे अस्पतालों के विभिन्न वार्डों में संबद्ध कार्यों के साथ ऊर्जा कुशल वीआरएफ एयर कंडीशनर का प्रावधान। (कार्य समापन अवधि : छः माह)। **क्र.सं.** : 2, **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि** : रू. 50,67,192.77, **क्र.सं.** : 3, **बिड सिक्युरिटी** : रू. 1,01,400.00

• **ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय** : ई–निविदा बंद होने की तिथि 27.02.2024 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि 27.02.2024 को 11:30 बजे के बाद। • **वेबसाईट का विवरण** : वेबसाईट : **www.ireps.gov.in.** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/02202/डीएवएन/ईजीईएन/टी/23–24/68

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

कोल्हान

रांची, गुरुवार, 1 फरवरी 2024 | पेज 5

उमवि बालजुड़ी के प्रधान शिक्षक को दी गई विदाई

खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता): कुचाई प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बालजुड़ी के प्रधान शिक्षक वीरेंद्र तिवारी सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को विद्यालय परिसर में भव्य तरीके से विदाई दी गई। मौके पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक चार्ल्स हेंब्रम, बीपीओ नाथो महतो ग्राम मुंडा, मारवाड़ी हेंब्रम उपस्थित रहे, साथ ही बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहायक शिक्षक ग्रामीण विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्य गण एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे। इस दौरान श्री हेम्ब्रम ने उन्हे बुके और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. मौके पर शीतल साहु, राजकुमार महतो तरूण सिंहदेव, दीनबंधु सिंह पात्र,पंचु मार्डी नीलांबर महतो भैरव चन्द्र दास,चुमरू हेम्ब्रम, मंगल सिंह बेसरा, आदि उपस्थित थे.

भुइयाडीह नीतिबाग कॉलोनी में भागवत कथा 16 से 22 फरवरी तक

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री हरि गोबिन्द सेवा समिति द्धारा भुइयाडीह स्लैग रोड़ स्थित नीतिबाग कॉलोनी (डीएभी स्कूल के पास) में सात दिवसीय भागवत ज्ञान सप्ताह कथा का आयोजन 16 से 22 फरवरी तक होने जा रहा हैं। इसकी तैयारी को लेकर समिति की एक बैठक नंदजी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि कथावाचक आचार्य बालव्यास पंडित विवेक महाराज (चित्रकुट) कथा का प्रसंग करने के लिए शहर पधार रहे हैं। भागवत कथा रोजाना दोपहर 3 बजे से संध्या 7 बजे तक होगा। बैठक में श्रीराम सरोज ने बताया कि पहले यह कथा का कार्यक्रम 01 से 07 फरवरी तक होना था लेकिन किसी कारणवश तिथि में बदलाव आया हैं। बैठक में प्रमुख रूप से हरिओम सरोज, विक्रम ठाकुर, रवि सिंह, श्रीराम सरोज, रामेश्वर सिंह, परसुराम पोद्दार, विकास शर्मा, दिलीप सिंह, एके श्रीवास्तव, शांति तिवारी, संजय सिंह, अल्पना मुखर्जी आदि उपस्थित थे।

शहर के बीपीसीएल आउटलेटों में निःशुल्क नाइट्रोजन का शुभारंभ

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत पेट्रोलियम के द्वारा शहर के सभी बीपीसीएल आउटलेटों में पेट्रोल पम्प मे फ्री नाइट्रोजन की सुविधा ग्राहकों कों उपलब्ध करवाने का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ देबाशीष नायक (प्रमुख खुदरा पूर्वी क्षेत्र) ने कदमा स्थित भारत पेट्रोलियम पम्प में हरी झंडी दिखाकर एवं गुब्बारा उड़ा कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि शहर के सभी भारत पेट्रोलियम के पम्प मे निःशुल्क नाइट्रोजन एयर उपलब्ध होगा। वही समारोह मे भारत पेट्रोलियम द्वारा पम्प मे पेट्रोल लेने पर ग्राहकों कों दिये गए लकी ड्रा के कूपनो की लॉटरी भी करवाई गई, जिसमे विजेताओं के नाम भी घोषित किये गए। साथ ही कई ग्राहकों कों यहाँ पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान समारोह में भारत पेट्रोलियम के कई रिजनल एवं कई अधिकारी मौजूद थे।

अल कबीर पॉलीटेक्निक में हर दूसरे दिन हो रही मारपीट, कॉलेज प्रबंधन मौन : तनवीर अहसन

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): शहर से सटे कपाली के अल कबीर पॉलीटेक्निक में बुधवार को दोबारा हिंसक झड़प हुई है जिसमे कई छात्र घायल हुए है. इस मामले में कॉलेज के पूर्व छात्र और समाजसेवी तनवीर अहसन ने कॉलेज प्रबंधन और उसके कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं, उन्होंने कहा की जब सोमवार को ही छात्रों के बीच झड़प हुई थी तो प्रबंधन ने उस पर कोई एक्शन नहीं लिया, अगर 3 दिन पहले एक्शन ले लिया होता तो आज यह हिंसक झड़प नहीं होती. छात्रो के बीच रोज हंगामा हो रहा है, लेकिन इस हालात को लेकर अब तक कॉलेज प्रबंधन या पुलिस की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया है. उन्होंने कहा की कॉलेज प्रबंधन के अध्यक्ष डॉ सलीम से वो इस मामले में मुलाकात करेंगे और जल्द ही ठोस कार्रवाई करने का आग्रह करेंगे जिससे छात्र निडर हो कर कॉलेज जा सके.

हाथीखेदा मंदिर में एक दिवसीय एंटी रेबीज टीकाकरण

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): बोड़ाम प्रखंड के हाथीखेदा मंदिर,लावजोड़ा परिसर के समीप बुधवार को जिला पशुपालन विभाग एवं स्ट्रे आर्मी चेरिटेबल ट्रस्ट, जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय युवाओं के सहयोग से किया गया। इस मौके पर जिला पशुपालन विभाग की ओर से डॉ अंबुज कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को रेबीज से बचाव के एवं टीकाकरण का महत्व के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुंदन कुमार ने सभी स्वान का टीकाकरण का कार्य सफलता पूर्वक संपादित किया। इस अभियान में अबतक विभिन्न क्षेत्र में शिविर आयोजित कर लगभग 500 स्वान एवं बिल्ली का टीकाकरण किया गया है। इस टीकाकरण शिविर को आयोजित करने में स्ट्रे आर्मी चेरिटेबल ट्रस्ट के पियूष अग्रवाल ,शिल्पा महापात्र, स्थानीय युवक रवींद्र गोराई, लालटू महतो,कर्मू महतो आदि ने अहम योगदान दिया।

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान को ले डीडीसी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक

सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता): उपायुक्त रवि शंकर शुक्ल के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई की अध्यक्षता में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान, 2024 के सफल संचालन को लेकर जिला समन्वय समिति की बैठक गूगल मीट के माध्यम से आहूत किया गया। उप विकास आयुक्त ने कुष्ठ नियंत्रण हेतु जिले में चलाए जा रहे कार्यो का जायजा लेते हुए और बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया। जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ. निशांत प्रिय ने स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी अवगत कराया गया। आगामी 13 फरवरी तक चलने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2024 के सफल संचालन को लेकर उप विकास आयुक्त ने अभियान से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन ने इस अभियान से जुड़े अधिकारियों को स्पर्श कार्यक्रम के तहत इस वर्ष के थीम -कलंक को मिटाना एवं गरिमा को अपनाना को जमीनी स्तर पर लाने हेतु 15 दिवसीय जागरूकता अभियान को व्यापक रूप से चलाने को कहा गया।

43वें ऑल इंडिया स्टील मेडिकल ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस टीएमएच व एसएनटीआई में आज से

सम्मेलन में विभिन्न श्रेणियों में सात अवार्ड पेपर सत्र शामिल होंगे

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : टाटा मेन हॉस्पिटल 1-4 फरवरी, 2024 तक ऑल इंडिया स्टील मेडिकल ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस के 43वें संस्करण की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। कॉन्फ्रेंस टीएमएच और एसएनटीआई बिस्टुपुर में आयोजित होगी। तीन फरवरी को होने वाले उद्घाटन समारोह में चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट (कॉर्पोरेट सर्विसेज), टाटा स्टील मुख्य अतिथि होंगे। कॉन्फ्रेंस को झारखंड राज्य चिकित्सा परिषद द्वारा 11 क्रेडिट घंटों के लिए मान्यता दी गई है। इस वर्ष की थीम, स्वास्थ्य देखभाल में सस्टेनेबिलिटी - आगे की राह एक स्वस्थ और अधिक सस्टेनेबल प्लेनेट को बढ़ावा देने के लिए टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। 3 दिवसीय कार्यक्रम में एक दिवसीय प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशाला शामिल होगी

और इसमें विभिन्न सत्र, कार्यशालाएं, पैनल चर्चाएं और शोधपत्र प्रस्तुतियां शामिल होंगी। कुल 530 प्रतिनिधियों ने पंजीकरण कराया है, जिसमें टीएमएच, मेहरबाई टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल (एमटीएमएच) और मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज (एमटीएमसी) और टाटा स्टील के अन्य मेडिकल सर्विस डिवीजनों के 456 चिकित्सक शामिल हैं। भिलाई, राउरकेला, बोकारो, वाईजैग, बर्नपुर, दुर्गापुर भद्रावती आदि सहित देश भर के अन्य इस्पात कंपनियों के अस्पतालों के लगभग 74 प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में विभिन्न श्रेणियों में सात अवार्ड पेपर सत्र शामिल होंगे, जिसमें एमबीबीएस पेपर्स, एमबीबीएस पोस्टर्स, लॉन्ग पेपर्स, शॉर्ट पीजी पेपर्स, पीजी पेपर्स और भी बहुत कुछ शामिल होगा। प्रख्यात वक्ताओं और पैनलिस्टों में बैंगलोर के आनुवंशिकीविद् डॉ. अनुप रावूल; डॉ. सुकेश नायर, प्रोफेसर एवं हेड, हेमेटोलॉजी एवं ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, सीएमसी वेल्लोर और डॉ. संजय पांडे, यूरोलॉजिस्ट और एंड्रोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन अस्पताल, मुंबई शामिल होंगे। सम्मेलन में चार अतिथि व्याख्यान भी होंगे, जिनमें डॉ. पी अरुण, निदेशक, टीएमसी, कोलकाता का एक व्याख्यान भी शामिल होगा, जिसमें पूर्वी भारत में कैंसर केयर तक पहुंच को संबोधित किया जाएगा। सम्मेलन में विभिन्न पहलों को भी शामिल किया जाएगा, जिनमें दो संगोष्ठी, दो पैनल चर्चा और रोबोटिक सर्जरी, ईसीएमओ, रेस्पिरेटरी सपोर्ट मैनेजमेंट, बेडसाइड इमेजिंग और एबीजी पहल जैसे विषयों पर पांच कार्यशालाएं शामिल हैं।

विधायक प्रतिनिधि ने पुलिया निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : पटमदा प्रखंड की पश्चिम बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित ओड़िया पंचायत के दांदूडीह से कांकु ग्राम जाने वाली रास्ते पर 45 लाख रुपये से अनाबद्ध निधि से स्वीकृत पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार को विधायक मंगल कालिंदी के अनुपस्थिति में प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने नारियल फोड़कर किया। निर्माण कार्य की ठेका एमरॉल्ड देवेलोपेर्स को मिला है। सुभाष कर्मकार ने बताया कि पुलिया निर्माण की मांग ग्रामीणों का वर्षो पुरानी थी। जिसे विधायक मंगल कालिंदी ने पूरा कर दिया। इस दौरान निर्मल मुर्मू, महेंद्र महतो, माणिक महतो,शिशुलाल महतो, काशीनाथ महतो, सुनील महतो, चंदन महतो, निजाम अंसारी, हिमांशु महतो, नेपाल मांडी, गुवा मांडी, धीरेन बेसरा, आदि थे।

बी 2 बी इंडस्ट्रीयल मशीनरी एंड इंजिनियरींग एक्सपो कल से आदित्यपुर ऑटोकल्सटर में

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : 2 से 4 फरवरी तक चलने वाला इंडोमैक बिजनेस शौल्युशन्स, आदित्यपुर ऑटोकल्सटर एवं एसिया के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय बी 2 बी इंडस्ट्रीयल मशीनरी एंड इंजिनियरींग एक्सपो (इंडोमैक जमशेदपुर) का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सरायकेला खरसावाँ के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला (आईएएस), विशिष्ट अतिथि के रूप में जियाडा आदित्यपुर रिजनल डायरेक्टर प्रेम रंजन, आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर के प्रबंध निदेशक श्री एस एन ठाकुर, एसिया के अध्यक्ष श्री इंदर अग्रवाल, संयुक्त रूप से किया जायेगा। उक्त जानकारी इंडोमैक के निदेशक मनीष सिन्हा एवं सुमित कोडवाल ने संयुक्त रूप से दी। इस एक्सपो में देशभर से करीब 20000 विजिटरों के आने की संभावना है एवं करीब 600 करोड़ से भी अधिक के व्यवसाय की आशा है। इस इंडो मैक एक्सपो में विजिटर्स को मीतु तोयो, मेटल एआरसी, टेम्कोन, दसना इंडस्ट्रीज, कोयकी इंडिया, बिरला प्रिसिजन, ईएमएच क्रेन्स, एडॉर बिल्डिंग, हैको मशीनरी, एलएनटी, आईगस, सहित अन्य कम्पनियों द्वारा अपने प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित किया जा रहा है। इस एक्सपो में सभी विजिटर्स के लिये प्रवेश निःशुल्क रखी गयी है। एक्सपो को विजिट करने का समय 11 बजे से शाम 7 बजे तक का रहेगा।

जैट का कट ऑफ मार्क्स हुआ जारी, एक्सएलआरआइ में एडमिशन का कट ऑफ बढ़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने जैट (जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट) 2024 के लिए कट ऑफ मार्क्स की घोषणा कर दी है. संस्थान के अधिकृत वेबसाइट पर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट व बिजनेस मैनेजमेंट के पोस्ट ग्रेजुएशन लेवल के उक्त दोनों कोर्स की जानकारी साझा की है. एक्सएलआरआइ प्रबंधन के अनुसार इस बार जैट 2024 में बिजनेस मैनेजमेंट (बीएम) में इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के पुरुष उम्मीदवारों के लिए कटऑफ 96 पर्सेंटाइल तय किया गया है, वहीं इंजीनियरिंग बैकग्राउंड की महिला उम्मीदवारों के लिए यह 91 पर्सेंटाइल तय किया गया है. जबकि नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के पुरुष उम्मीदवारों के लिए जहां 95 पर्सेंटाइल वहीं नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड की महिला उम्मीदवारों के लिए 90 पर्सेंटाइल अंक दिये तय किये गये हैं. इधर, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में इंजीनियरिंग बैकग्राउंड वाले पुरुष उम्मीदवारों के लिए कटऑफ मार्क्स 95 पर्सेंटाइल जबकि इंजीनियरिंग बैकग्राउंड की महिला उम्मीदवारों के लिए 90 पर्सेंटाइल अंक तय किये गये हैं. नॉन इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि के पुरुष आवेदकों को ह्यूमन रिसोर्स प्रोग्राम के लिए 93 पर्सेंटाइल जबकि नॉन इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि की महिलाओं के लिए सिर्फ 88 पर्सेंटाइल तय किया गया है. पिछले साल की तुलना में कटऑफ में अपेक्षाकृत बढ़ोतरी की गयी है.

महिला उम्मीदवारों के लिए कम किया गया कटऑफ

शिक्षा में महिलाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास : प्रो. राहुल शुक्ला

जैट 2024 के संयोजक प्रो. राहुल शुक्ला ने कहा कि एक्सएलआरआइ द्वारा महिलाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने की अपनी परंपरा रही है. इस परंपरा को जारी रखते हुए इस साल भी पुरुष उम्मीदवारों की तुलना में महिला उम्मीदवारों का कटऑफ मार्क्स कम रखा गया है.

इंटरव्यू के लिए 2200-2800 उम्मीदवारों को जाएगा कॉल लेटर

एक्सएलआरआइ जमशेदपुर व दिल्ली दोनों ही ब्रांच में एडमिशन के लिए उम्मीदवारों को कॉल लेटर भेजी जायेगी. एक्सएलआरआइ के दोनों परिसरों के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए 2023-2025 में एडमिशन के लिए करीब 2200- 2800 उम्मीदवारों का इंटरव्यू होगा. पीजीडीएम (जीएम) कार्यक्रम के इंटरव्यू अंतिम चरण में हैं. आईईवी और डबल मास्टर प्रोग्राम जैसे कार्यक्रमों के लिए कट ऑफ बाद में कार्यक्रम की विशिष्ट आवश्यकताओं को संबोधित करने वाले कार्यक्रम के परामर्श से तय किया जायेगा. दो राउंड की इंटरव्यू हो चुकी है. अब तीसरे राउंड के लिए इंटरव्यू होगी.

शहीद निर्मल महतो मेमोरियल ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पोटका की टीम जीती

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : मानगो बालीगुमा में खेले जा रहे शहीद निर्मल महतो ट्रॉफी में बुधवार को सेमीफाइनल मैच खेला गया। अंडर-14 आयु वर्ग के पहले सेमीफाइनल में पोटका की टीम ने पोखारी एकादश को तीन रन से हराया। पोटका की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में तीन विकेट 141 रन बनाये। यशदीप कुशवाहा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए तीन 64 गेंद में 102 रनों की शतकीय पारी खेली। जवाब में पोखारी एकादश की टीम 15 टीम सात विकेट के नुकसान पर 138 रन ही बना सकी. पोखारी के निखिल राय ने 32 व मनीष ने 31 रन बनाये। यशदीप मैन ऑफ द मैच रहे. समाजसेवी डॉ अफरोज शकील ने

उन्हें पुरस्कृत किया।

सतनाम सिंह संधू को राज्यसभा में मनोनीत करने पर पीएम का आभार : कुलविंदर

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्व प्रधानाध्यापक एवं अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के कुलपति सरदार सतनाम सिंह संधू को राज्यसभा के लिए मनोनीत करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के प्रति आभार जताया है। सरदार सतनाम सिंह संधू को बधाई देते हुए कुलविंदर सिंह ने कहा कि राष्ट्रपति जी ने एक शिक्षाविद एवं किसान के बेटे को देश के उच्च सदन के लिए नामित कर एक नई दिशा दी है। सतनाम सिंह संधू ने शैक्षणिक

संस्थाओं की चंडीगढ़ में स्थापना कर राष्ट्रीय एकता अखंडता को मजबूत करने के साथ ही नई पीढ़ी को वैश्विक स्तर की शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। कुलविंदर सिंह ने सतनाम

सिंह संधू से संपर्क कर उनसे आग्रह किया है कि वह इस तरह के संस्थानों को चंडीगढ़ पंजाब दिल्ली से बाहर झारखंड बिहार में भी स्थापित करने का काम करें।

कांड्रा विद्युत सब स्टेशन निर्माण का विरोध कर रहे लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, ग्रामीणों में रोष

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : कांड्रा में विद्युत सब स्टेशन निर्माण का विरोध कर रहे 17 नामजद समेत 50 अज्ञात ग्रामीणों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराए जाने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस मामले को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने बैठक कर इसपर रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि पावर ग्रिड के कर्मचारियों द्वारा फर्जी मामला दर्ज कराकर ग्रामीणों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि जिनका जिनका नाम प्राथमिकी में दर्ज कराया गया है उनमें से कई लोग वहां मौजूद भी नहीं थे। इधर, बुधवार को धातकीडीह के वार्ड सदस्य बिमल कुमार महतो के नेतृत्व में कई ग्रामीण कांड्रा थाना में पावर ग्रिड के अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने पहुंचे। लेकिन उनका आवेदन नहीं लिए जाने से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि सब स्टेशन का निर्माण बगैर ग्रामसभा कराए ही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि का आबंटन रद्द करने की मांग को लेकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष सामूहिक भूख हड़ताल किया जाएगा।

मंडल कारा में बंद नाबालिगों की पहचान कर बाल सुधार गृह पहुंचाने अभियान जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : नालसा नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार 18 वर्ष से कम आयु के जेल में बंद नाबालिगों की पहचान कर उन्हें बाल सुधार गृह पहुँचाने के संबंध में एक अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश के निर्देशानुसार सचिव अनामिका किस्कु, लीगल एड डिफेंस कौंसिल के चीफ राधेश्याम साह, डेपुटी सुनीत कर्मकार, अस्सिस्टेंट नील भार्गव द्वारा मंडल कारा, सरायकेला में विगत 27 जनवरी से लगातार कार्यक्रम किया जा रहा है। वयस्क कैदियों के साथ नाबालिक रहने से उनके संपर्क में इन पर मानसिक रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसी कारण यह अभियान चलाया जा रहा है, ताकि कारा में नाबालिग बच्चों की पहचान कर उन्हें बच्चों के सुधारगृह में भेजा जा सके। यह अभियान 27 फरवरी 2024 तक जारी रहेगा।

लावा के शिक्षक का प्रतिनियोजन दूसरे स्कूल में करने पर भड़के बच्चे, धरना पर बैठे

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : पटमदा प्रखंड अंतर्गत लावा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों ने बुधवार की सुबह ग्राम प्रधान सह पंसस बृंदावन दास के घर के बाहर हरि मंदिर में बैठकर प्रर्दशन किया। इस दौरान बच्चों ने कहा कि उनके स्कूल में पदस्थापित 7 शिक्षकों में से एक सहायक शिक्षिका अलका प्रधान को करीब एक माह पहले दूसरे स्कूल में प्रतिनियोजन कर दिया गया है। जबकि प्रधान शिक्षक प्रदीप कुमार दत्त 5 दिवसीय प्रशिक्षण में हैं और सहायक अध्यापक उज्ज्वल कांति दास को 30 जनवरी से दांदुडीह में प्रतिनियोजन कर दिए गए हैं। स्कूल में पढ़ाई बाधित होने पर छात्र-छात्राओं ने सुबह स्कूल से सीधे ग्राम प्रधान के घर पहुंच गए। इसके बाद सूचना पाकर पहुंचे जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, मुखिया कानूराम बेसरा व झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने बच्चों को समझाने का प्रयास किया लेकिन बच्चे मानने को तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि जब तक हमारे शिक्षकों को पुनः स्कूल में वापस बुलाया नहीं जाता है तब तक न तो स्कूल लौटेंगे और न ही मिड डे मील खाएंगे। इस बीच स्कूल के अन्य शिक्षक भी हरि मंदिर पहुंच गए। फिर झामुमो नेता द्वारा बीईईओ प्रभाकर कुमार को दूरभाष पर समस्याओं से अवगत कराए जाने पर बीईईओ ने आश्वासन दिया कि शुक्रवार तक एक शिक्षक उज्ज्वल कांति दास को वापस किया जाएगा। सभी के संयुक्त प्रयास से बच्चे स्कूल लौट गए। इस दौरान बच्चों के अभिभावक भी पहुंच चुके थे और इस घटना के लिए बीईईओ को ही जिम्मेवार बता रहे थे।

ताश के पत्ते की तरह ढह रहा है विपक्ष

नीतीश कुमार के पाला बदल लेने से विपक्षी दलों के बीच जो अराजकता और बेचैनी बढ़ी है, उसके जिम्मेदार वे स्वयं हैं। बेशक नीतीश कुमार का पाला बदलना अनैतिक हो सकता है, पर कांग्रेस की अगुआई वाले %इंडिया% गठबंधन ने इसे होने दिया। जून, 2023 से, जब %इंडिया% गठबंधन अस्तित्व में आया, कमेटी राज, कई शक्ति केंद्र, एक ही पार्टी को प्रमुखता और संवाद की कमी ने इसका संकेत दे दिया था। यह भले अजीब लगे,लेकिन कुछ अस्पष्ट कारणों से कांग्रेस ने अपने ही पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने या गठबंधन का अध्यक्ष बनने से इन्कार कर दिया। इसने एक क्षेत्रीय क्षत्रप को संयोजक के पद से वंचित करने, गठबंधन की स्थापना करने या नेतृत्व के मुद्दे को निपटाने की संभावनाओं को खत्म कर दिया। इस तरह से, इस गड़बड़ी की जिम्मेदारी पूरी तरह से कांग्रेस और गांधी परिवार की है, खासकर राहुल गांधी की, जिन्होंने सीट समायोजन के लिए गठबंधन में आम सहमति बनाने के बजाय न्याय यात्रा को चुना। गांधी परिवार को अफसोस हो रहा होगा कि कैसे उन्होंने नीतीश को %इंडिया% गठबंधन का संयोजक बनाकर शांत करने का सुनहरा मौका गंवा दिया। सभी लोग जब नीतीश को संयोजक बनाने पर सहमत हो गए थे, तब राहुल ने कथित तौर पर तर्क दिया कि चूंकि ममता बनर्जी नहीं थीं, इसलिए उनकी सहमति ली जानी चाहिए। अगले दो सप्ताह तक राहुल इसे या तो भूल गए या नजर अंदाज करने का फैसला लिया। ममता के साथ कोई बातचीत नहीं हुई। अंततः निराश नीतीश ने भाजपा के साथ मिलने का फैसला किया। भाजपा की रणनीति 2024 के चुनाव में अपनी संभावनाओं को मजबूत करने से ज्यादा विपक्षी गठबंधन को लोकसभा सीटों से वंचित करने से प्रेरित है।अब मई, 2024 के बाद की पटकथा लिखने की कोशिश हो रही है। जिसमें क्षेत्रीय दल कांग्रेस को दोषी ठहराने की योजना बना रहे हैं। कांग्रेस के भीतर भी राहुल के वफादार नेता खरगे को दोषी ठहराने में रुचि रखते हैं, जबकि कांग्रेस के भीतर आम तौर पर लोग राहुल के खिलाफ हैं। प्रियंका गांधी की अनुपस्थिति संकेत देती है कि 10 जनपथ के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है। मई, 2024 के बाद कांग्रेस में औपचारिक विभाजन को खारिज नहीं किया जा सकता है। नीतीश कुमार के इस पालाबदल से जहां विपक्षी गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है, वहीं आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत की संभावनाएं और मजबूत हुई हैं। हालांकि हिंदी पट्टी में भाजपा की स्थिति मजबूत है, पर पार्टी किसी तरह का जोखिम लेना नहीं चाहती थी। इसलिए नीतीश को अपने पाले में लाकर उसने कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन की जो थोड़ी भी संभावना थी, उसे ध्वस्त कर दिया है। इसके अलावा, भाजपा लोकसभा चुनाव से ठीक पहले वह एक और राज्य में सत्ता में साझेदार बन गई है और जदयू के लिए राहत की बात है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी पर उसके नेता नीतीश कुमार ही बने हुए हैं। जब-जब भाजपा और जदयू ने मिलकर चुनाव लड़ा है, उसके नतीजे अच्छे ही आए हैं।पिछली बार लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जदयू के साथ मिलकर बिहार की 40 में से 39 सीटों पर जीत हासिल की थी। राज्य में मुख्यमंत्री कौन बनेगा, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण भाजपा के लिए लोकसभा चुनाव था। भाजपा की रणनीति है कि विपक्षी गठबंधन की एकता को झटका देकर कैसे उसे लोकसभा सीटों से वंचित रखा जाए। पश्चिम बंगाल और पंजाब में पहले ही इंडिया गठबंधन में दरार पैदा हो गई है, हालांकि तृणमूल कांग्रेस और आप अभी इंडिया गठबंधन में बने हुए हैं।विपक्षी एकता के बारे में कहना जितना आसान है, उतना करना नहीं। अतीत में कई ऐसे मौके आए हैं, जब विभिन्न दलों एवं विचारधाराओं के लोग 1977, 1989, 1996, और 2004 में एकजुट हुए। वर्ष 1977 में जब शक्तिशाली इंदिरा गांधी को पराजित किया गया था, तो विपक्षी जहाज को सहारा देने के लिए एक लंगर था। जयप्रकाश नारायण की पहल पर चार प्रमुख विपक्षी पार्टियां-कांग्रेस (ओ), जनसंघ, संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और भारतीय लोक दल 23 जनवरी, 1977 को एकजुट हुई और जनता पार्टी बनाई। इसी तरह, 1989 में दक्षिणपंथी और वामपंथी दल ने विश्वनाथ प्रताप सिंह के साथ राजीव गांधी को सरकार बनाने का मौका नहीं दिया, हालांकि कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। 2004 में भी जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा को कांग्रेस से कम सीटें मिलीं, तो वीपी सिंह और माकपा महासचिव हरकिशन सिंह सुरजीत ने क्षेत्रीय क्षत्रपों को पर्दे के पीछे से कांग्रेस के करीब लाने का काम किया। फिर यूपीए का गठन हुआ, जिसने दस वर्षों तक राज किया। इस तरह से युग-निर्माण के हर मौके पर एकता के लिए मुश्किल से कुछ महीने काम किया गया। अब जबकि अप्रैल-मई में होने वाले चुनाव की उल्टी गिनती शुरू होने वाली है, विपक्ष ताश के पत्ते की तरह ढह रहा है। एक और बात है, जो विपक्षी खेमे को बांधे हुए है। अधिकांश विपक्षी नेता यह भी जानते हैं कि राहुल 2024 में प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहते हैं।

दुनिया के एक महत्वपूर्ण मंच, वर्ल्ड इक्नॉमिक फोरम, का सम्मेलन डावोस (स्विट्जरलैंड) में सम्पन्न हुआ

अमीरों का क्लब है वर्ल्ड इक्नॉमिक फोरम

डा. अश्विनी महाजन

वर्ष 1971 में अस्तित्व में आया वल्ड इक्नॉमिक फोरम, पिछले लगभग 53 साल से वैश्विक आर्थिक संरचना पर चर्चा करने वाली एक महत्वपूर्ण संस्था के नाते उभरा है। व्यापार, भू-राजनीति, सुरक्षा, सहकार, ऊर्जा से लेकर पर्यावरण और प्रकृति समेत अनेकानेक मुद्दों पर इस मंच पर चर्चा होती रही है। आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी हस्तियों ने डावोस के इस सम्मेलन में भाग लिया। 60 देशों के शासनाध्यक्षों के अलावा बड़ी कई संस्थाओं के प्रतिनिधि, राजनेता, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रमुख, और अनेकानेक आर्थिक जगत के प्रमुख महानुभाव इस सम्मेलन में आयोजित बैठकों और गोष्ठियों में दिखे।

जनवरी 15 से 19 के बीच दुनिया के एक महत्वपूर्ण मंच, वल्ड इक्नॉमिक फोरम, का सम्मेलन डावोस (स्विट्जरलैंड) में सम्पन्न हुआ। वर्ष 1971 में अस्तित्व में आया वल्ड इक्नॉमिक फोरम, पिछले लगभग 53 साल से वैश्विक आर्थिक संरचना पर चर्चा करने वाली एक महत्वपूर्ण संस्था के नाते उभरा है। व्यापार, भू-राजनीति, सुरक्षा, सहकार, ऊर्जा से लेकर पर्यावरण और प्रकृति समेत अनेकानेक मुद्दों पर इस मंच पर चर्चा होती रही है। आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी हस्तियों ने डावोस के इस सम्मेलन में भाग लिया। 60 देशों के शासनाध्यक्षों के अलावा बड़ी कई संस्थाओं के प्रतिनिधि, राजनेता, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रमुख, और अनेकानेक आर्थिक जगत के प्रमुख महानुभाव इस सम्मेलन में आयोजित बैठकों और गोष्ठियों में दिखे। 1000 बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा पोषित यह मंच, अपने सम्मेलनों में भाग लेने वालों से मोटी रकम फीस के रूप में लेता है। यानी किसी भी तरह से यह सर्वसमावेषी मंच तो नहीं कहा जा सकता। समाज में कम भाग्यशाली लोगों की ओर से बोलने वालों में से शायद कोई यहां नहीं पहुंच पाता। यह मंच दुनिया की उन विशालकाय कंपनियों की दुनिया का ही मंच कहा जा सकता है, जिनके पैसे से इसका काम चलता है, क्योंकि इसमें दुनिया के सामान्य जन के हित साधने जैसी कोई बात नहीं होती। यदि वर्ष 2024 के ही डावोस में आयोजित वल्ड इक्नॉमिक फोरम की बात करें तो देखते हैं कि 5 दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई उनका सामान्यजन से कोई खास सरोकार दिखाई नहीं देता। उदाहरण के लिए एक सत्र में इस बात पर चर्चा होती है कि दुनिया में व्यापार और निवेश तथाकथित रूप से कुशल साझेदारी के स्थान पर मित्रता के आधार पर हो रहा है। रूस-यूक्रेन संघर्ष, इजराइल-हमास युद्ध आदि स्थितियां इन कंपनियों के लिए इसलिए शुभ नहीं हैं, क्योंकि इनके कारण उनके निवेश प्रभावित हो रहे हैं, जिनके कारण उनमें चिंता व्याप्त है। वल्ड इक्नॉमिक फोरम के इस मंच पर जिन 60 शासनाध्यक्षों ने भाग लिया वे सभी वैश्विक भू-राजनीति में उथल-पुथल, देशों के बीच बढ़ती वैमनस्यता और युद्ध की स्थिति से चिंता व्यक्त करते हुए देखे गए। चाहे उनकी चिंता वाजिब है, लेकिन आर्थिकी की चर्चा करते समय उनका ध्यान

मुल्कों के बीच असमानताओं और दुनिया में गरीबी, निरक्षरता और बेरोजगारी की तरफ नहीं था। एक विषय पर जिसमें पूरे दुनिया का सरोकार है, यानी पर्यावरण और मौसम परिवर्तन, उस पर बात तो हुई, लेकिन समाधान के लिए वैश्विक नेताओं में कोई विशेष इच्छाशक्ति दिखाई नहीं दी। पिछले कई पर्यावरण सम्मेलनों से यह स्पष्ट हो रहा है कि आज पर्यावरण पर चर्चा से ज्यादा समाधान की जरूरत है। काफी साल पहले विकसित देशों ने यह वादा किया था कि वे हर वर्ष 100 अरब अमरीकी डॉलर की सहायता पर्यावरण समस्या से निपटने के लिए करेंगे। लेकिन वह सहायता कहीं दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही। उसी तरह से बहुराष्ट्रीय कंपनियां, जिनकी संपत्ति खरबों डॉलरों की है, वल्ड इक्नॉमिक फोरम या अन्य मंचों पर पर्यावरण की समस्या पर चाहे चर्चा करती होंगी, लेकिन वे अभी भी अपने पास उपलब्ध प्रौद्योगिकी को भी बिना भारी शुल्क पर्यावरण समस्या से निपटने के लिए साझा करने के लिए तैयार नहीं हैं। यह स्थिति बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के दोहरे चरित्र की ओर इंगित करती है।

मुद्दों के प्रति ईमानदारी की कमी : वे सभी महानुभाव जो डावोस की बैठक में भाग लेने आए, उन्होंने दुनिया में बिगड़ते पर्यावरण और बदलते मौसम के कारण तबाही की आशंकाओं पर चर्चा तो की, लेकिन उनमें से अधिकांश अपने-अपने निजी विमान से वहां आए। उससे कार्बन का कितना उत्सर्जन हुआ और पर्यावरण का कितना ह्रास हुआ, उस ओर वे उदासीन दिखे। यदि वास्तव में वे वल्ड इक्नॉमिक फोरम के कर्ता-धर्ता दुनिया के समक्ष प्रस्तुत मुद्दों के प्रति संवेदनशील होते तो इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारी-भरकम शुल्क की अनिवार्यता नहीं होती। ऊंचे शुल्क के कारण इस सम्मेलन में हाशिये पर खड़े समुदायों, पिछड़े समाजों के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं और सामान्य लोगों को भी इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता। शासनाध्यक्षों और सरकारों में बड़े मंत्रियों और बड़ी कंपनियों के चहेते चुनिंदा बुद्धिजीवियों की उपस्थिति इन कंपनियों के एजेंडे को वैधता प्रदान करती है।

महामारी में उजागर हुआ था बड़े कारपोरेट का वीभत्स चेहरा : जाहिर है चाहे ये बहुराष्ट्रीय कंपनियां मानवता और विश्व कल्याण की कितनी भी बातें करें, इनका इस सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान व्यवहार दानवों को भी लज्जित करने वाला था। फाइजर नामक कंपनी ने तो अप्रभावी वैक्सीन ही जानबूझ कर दुनिया भर में बेच दी। कंपनी को भली भांति मालूम था कि उनकी वैक्सीन प्रभावी नहीं, उसके बावजूद वो अमरीकी सरकार के माध्यम से भारत सरकार भी दबाव बना रही थी। यही नहीं अमरीकी दबाव में भारत की विपक्षी पार्टियां भी सरकार पर इसकी वैक्सीन खरीदने हेतु दबाव बना रही थी। पिछले वल्ड इक्नॉमिक फोरम (2023) में जब पत्रकारों द्वारा फाइजर कंपनी के प्रमुख से इस बाबत जवाब मांगा गया तो वो कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं हुए। यह बात छुपी हुई नहीं है कि 'गैट' समझौतों में अधिकांश समझौते बहुराष्ट्रीय कंपनियों के दबाव में हुए, ट्रिप्स समझौते में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हित में न केवल दवाओं और चिकित्सीय उपकरणों समेत सभी प्रकार के उत्पादों पर पेटेंट की अवधि बढ़ाई गई, प्रक्रिया पेटेंट से उत्पाद पेटेंट की व्यवस्था भी लागू की गई, जिससे दुनिया के सभी देशों में स्वास्थ्य सुरक्षा बाधित हुई। जब भारत की कैडिला कंपनी से दक्षिण अफ्रीका द्वारा दवाई खरीदने का न कंपनियों ने विरोध किया और इसके कारण उन्हें जनता के रोष का सामना करना पड़ा तो डब्ल्यूटीओ में मान्य किया गया कि महामारी और अपातकालीन परिस्थितियों में पेटेंट अप्रभावी रहेंगे। लेकिन दुनिया ने देखा कि सदी की सबसे भयंकर महामारी के बावजूद बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अपने पेटेंट अधिकारों को नहीं छोड़ा। यही नहीं जब भारत और दक्षिण अफ्रीका के नेतृत्व में 100 से अधिक देशों ने ट्रिप्स काउंसिल के सामने 'ट्रिप्स वेवर' यानी ट्रिप्स से छूट का प्रस्ताव रखा तो अपनी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के दबाव में अमरीका और यूरोपीय देशों समेत सभी विकसित देशों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया।

दृष्टि कोण

बड़े विजन के रंग निर्देशक थे डा. कैलाश

खालिद शरीफ ने कहा है, 'बिछुड़ा कुछ इस अदा से कि रुत ही बदल गई। इक शख्स सारे शहर को वीरान कर गया।' 20 जनवरी 2024 की सुबह 5 बजे डा. कैलाश आहलूवालिया साहित्य और रंगमंच की दुनिया को वीरान करके चले गए। हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और बॉम्बे तक उनके देहावसान की खबर से सन्नाटा पसर गया। शोकग्रस्त नामी गिरामी दोस्तों, रंगमंच, फिल्म और लेखकों की हस्तियों को जैसे यकीन ही नहीं हो रहा था। उत्तरायण काल में उन्होंने नश्वर देह का त्याग कर दिया और हंस अकेला अनंत उड़ान भर गया था। 30 जनवरी 1937 को डा। कैलाश का जन्म कांगड़ा जिले के डुहक गांव में हुआ था। बचपन के दौरान उनका गांव विकास की बलिवेदी पर चढ़ा दिया गया था। पौंग बांध के निर्माण में उनका गांव भी अधिग्रहण की चपेट में आया और देखते ही देखते उनका गांव पौंग बांध में समा गया। विस्थापन की इस टीस को उनकी अंग्रेजी में लिखी एक पुस्तक 'बैरेज आफ मेमोरीज' (एन आटोबायोग्राफी आफ पौंग डैम आउस्टीज) और अन्य रचनाओं यथा कहानियों व कविताओं में देखी जा सकती है। एक बार उन्होंने जिक्र किया कि जब पौंग बांध बना और उनका गांव जलमग्न हुआ तब ऐसा लगा कि गांव डूबा ही नहीं, पर जितना पानी भर गया उतना तो हमारी आंखों से बह गया था। प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण करने के उपरान्त उनका परिवार चंडीगढ़ आ गया था। पढ़ाई के साथ तरुण कैलाश ने चंडीगढ़ के साहित्यिक सांस्कृतिक माहौल में दस्तक देनी शुरू कर दी थी। 1954 में पहली बार चंडीगढ़ में 'कोणार्क' नाटक खेला गया था जिसका निर्देशन डा. वीरेंद्र मेहदीरत्ता ने किया और और नायक विश्व की भूमिका डा. कैलाश ने निभाई थी। इस तरह उनको चंडीगढ़ हिंदी रंगमंच का प्रथम नायक बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। नाटककार मोहन राकेश, रंग समीक्षक और कथाकार वीरेंद्र मेहदीरत्ता और अतुलवीर अरोड़ा जैसे साथियों के साथ खूब बैठकें जमती थी। बाद में युवा कैलाश को जब हिमाचल में अध्यापन का कार्य मिला तो अपनी रंगमंचीय लेखकीय अभिरुचियों के चलते मधुर व्यवहार से हिमाचल के साहित्यिक माहौल को और रंगमंच को उन्होंने 35 वर्ष से अधिक समय देकर खाद-पानी दिया। अध्यापन के अतिरिक्त उन्होंने हिमाचल के यूनिवर्सिटी और कॉलेज रंगमंच की दशा और दिशा संवारने में अन्यतम योगदान दिया। उनके संवारे रंगकर्मियों में अनुपम खेर, विजय कश्यप, जवाहर कौल, देवेंद्र गुप्ता, ओमपाल, जॉली (अश्वनी सूद), जावेद आदि के अतिरिक्त और भी रंगकर्मी ऊंचे मुकाम पर पहुंच गए हैं। मुझे भी उनके निर्देशन में कई नाटकों में अभिनय का मौका मिला था। वह मृदु भाषी और आहिस्ता से बोलने वाले प्राणी थे और बड़े ध्यानपूर्वक सुनना पड़ता था। वर्ष 1995 में हिमाचल प्रदेश क्रिएटिव राइटर्स फोरम ने उनके योगदान पर बचत भवन में एक भव्य समारोह का आयोजन करवाया जिसकी अध्यक्षता तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह कर रहे थे। कार्यक्रम में थोड़ा विलम्ब हो गया था। डा. कैलाश को सम्मानित करने के उपरांत जब डा. साहेब बैठने लगे तो सीएम साहेब से आशीर्वचन देने का अनुरोध आयोजकों ने किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तो मैं डा. कैलाश आहलूवालिया से ही मिलने और उनको सुनने आया हूं। आज आप बोलेंगे। डा. कैलाश के ओजस्वी लेखकीय वक्तव्य सुनने के उपरात वीरभद्र जी इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने कहा कि क्या ही अच्छा होता डा. कैलाश सेवानिवृत्ति के उपरान्त शिमला में बस जाते। इससे बड़ा सम्मान और क्या हो सकता था। हमारे जमाने में शिमला कालेज में उनके तीन सहकर्मियों- प्रोफेसर अनिल विल्सन, डा. कमल अवस्थी और प्रोफेसर सुनील शर्मा और डा. कैलाश आहलूवालिया साहित्य संस्कृति जगत में 'गैंग ऑफ फोर' के नाम से जाना जाता था। यूथ फेस्टिवल्स और अन्य प्रतियोगिताओं के लिए चारों मिल कर तैयारी करते. ताकि ड्रामा के निर्देशक डा. कैलाश चन्द्र अगर किसी काम से उपलब्ध नहीं तो रिहर्सल कार्य निर्बाध चलता रहे। डा. कैलाश बड़े विजन के डायरेक्टर थे। वो अपने जेहन में पहले ही तय कर लेते थे कि क्या और कैसे करना है। सबकी सुनते थे? यदि कोई सुझाव उनकी निर्देशकीय परिकल्पना/स्कीम में फिट बैठता तो उसको यथोचित महत्त्व देते थे। कैसे और क्या करना है, के उपरान्त क्यों करना है, के लिए उसकी व्याख्या से वह तरुण अभिनेता को समझाते, फिर अभिनय के लिए खुला छोड़ देते थे। यही कारण था कि उनके निर्देशित नाटक यूथ फेस्टिवल्स में अव्वल आते थे। डा. कैलाश अभिनेता रंग निर्देशक होने के साथ साथ कवि, कहानीकार, आलोचक और संस्मरणकार भी रहे। बहुविध प्रतिभा के स्वामी डा. कैलाश आहलूवालिया अंग्रेजी भाषा में भी समान अधिकार से लिखा करते थे। भारतीय इंग्लिश लेखकों की श्रेणी में भी उनका सम्मानजनक स्थान था। अंग्रेजी में लिखी पुस्तक ने सबका ध्यान आकृष्ट किया। उनकी कहानियां, कविताएं और पुस्तक समीक्षाएं देश-विदेश की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में समय समय पर छपती रही और काव्य तथा कथा संग्रहों से भी हिंदी का साहित्य संसार समृद्ध हुआ। यह दीगर है कि विस्थापन का चित्रण होने के कारण कुछ हिंदी आलोचकों ने उनको छोटा/बौना करने का कुत्सित प्रयास भी किया। वह कहते थे कि यही वो लोग हैं जो आपको और भी ज्यादा अच्छा लिखने की ऊर्जा प्रदान करते हैं। देवेन्द्र जी आपको भी ऐसे लोगों की पहचान कर लेना सीखना चाहिए। लेकिन आज मैं स्पष्ट कहना चाहता हूं कि कैलाश चन्द्र की कहानियों में गांव असली रूप में सामने आता है। मात्र नोस्टाल्जिया बन कर नहीं। देहात में हो रहे नित नए बदलाव को उन्होंने महसूस करते हुए नया कथावृत रचने में सफलता प्राप्त की है।

कुछ अलग

लोगन राम खिलौना जाना

कबीर जिए तो राजशाही में थे। पर शायद उन्होंने पन्द्रहवीं सदी में ही विश्व गुरू के लोकतंत्र का हाल देख लिया होगा। तभी अपने निर्वाण के लिए काशी छोड़ मगहर चले गए थे। आजकल काशी में जीने का पता नहीं। पर चुनाव जीतने के लिए कुछ लोग काशी ज़रूर जाते हैं। दस साल पहले खाँसी वाले एक मफलर भाई झाड़ू लेकर चुनाव लडने बनारस पहुँचे थे। लेकिन काशी ने कहा कि उसे सफाई पसन्द नहीं। उसका नारा है- 'रांड, साँड, सीढ़ी, संन्यासी, इनसे बचे तो पावे काशी।' इसलिए उसने नमो-नमो जपते हुए विश्व गुरू को भारी बहुमत से चुनाव जिता दिया। उन्होंने तमाम दावों के बावजूद काशी को भले अभी क्योटो न बनाया हो, पर वह देश को विश्व गुरू बनाने पर आमादा हैं। लेकिन विश्वगुरू की हालत देखकर लगता है कि अगर काशी, काशी ही रह जाए तो बेहतर है। काशी को नया स्वरूप प्रदान करने की कोशिश में सभी पुराने मंदिरों को ज़मींदोज़ करने के बाद ढेर बने उसके देवी-देवता पास में बहती गंगा में स्नान करने की बजाय गंदे नालों के पानी में डूबे नज़र आए। ऐसे में पता नहीं कि अगर काशी क्योटो बनी तो राम जाने क्या होगा? पर काशी तो महाकाल की है। वहाँ राम का क्या काम? राम को अयोध्या में होना चाहिए। भले आत्मसंधानी राम को ब्रह्मांड के कण-कण में देखते हों, पर चुनावसंधानी उसे उँगली से पकड़ कर अयोध्या में ले आए हैं। कहते हैं काशी में मरने पर स्वर्ग मिलता है। इसलिए लोग मरने के लिए काशी पहुँच जाते हैं। विश्व गुरू के राम राज्य में अपनी आर्थिक स्थिति से परेशान आंध्र प्रदेश के एक दम्पति ने पिछले दिनों अपने दो युवा बच्चों के साथ काशी में आत्महत्या कर ली। जीते जी राम राज्य के तमाम सुख भोगने के बाद यह दम्पति इतना लालची हो गया था कि सरकार द्वारा दिए जा रहे पाँच किलो फ्री राशन को महीनों खाने के बावजूद वह मरने के बाद स्वर्ग को छोडना नहीं चाहता था। लेकिन उसके इस बलिदान ने ऐसे सभी अंधभक्तों के लिए स्वर्ग प्राप्ति के रास्ते खोल दिए हैं, जो अपने जीवित ईष्ट को प्रसन्न रखने के लिए जेब में दस रुपये न होने के बावजूद एक हज़ार रुपये लीटर डीज़ल-पेट्रोल और रसोई गैस का सिलेंडर पाँच हज़ार में ख़रीदने की बात करते हैं। बात सही भी है। अगर उनका देवता अन्न और औद्योगिक उत्पादन में गिरावट आने के बाद भी देश को पाँच ट्रिलियन की इकॉनमी बनाने की बात कर सकता है तो अंधभक्त भी जेब में दमड़ी न होने के बावजूद हज़ार रुपये लीटर तेल और रसोई सिलेंडर पाँच हज़ार में ख़रीदने का दावा तो कर ही सकते हैं। जब फैंकना ही है तो ज़ोर से और दूर तक फैंकना चाहिए। जाल भी अपना है और मछली भी। फिर चाहे जाल समुद्र से बड़ा हो जाए या मछली जाल से। चुनावी रैलियों में दोनों हाथ फैलाकर जाल और मछली का साइज़ ही तो बताना है। अंधभक्त तो तालियाँ बजाएंगे ही। कबीर ने शायद अपने समय में पंडों को देखकर कहा होगा कि माथ तिलक हाथ माला बानाए लोगन राम खिलौना जाना। लेकिन अब तो राम से पंडे और नेता ही नहीं विधर्मियों ने भी खेलना शुरू कर दिया है। कुछ दिन पहले मेरे एक ने मुझे एक वीडियो भेजा था, जिसमें कुछ विधर्मी लड़कियाँ बड़े सुन्दर स्वर में राम महिमा का गायन कर रही थीं। पर मेरा संशय बरकऱार है। तुलसी बाबा ने कहा है कि भय बिनु होए न प्रीति। मैं सोच रहा हूँ कि यह लड़कियाँ डर के मारे राम की महिमा गा रही थीं या प्रेमवश। हालांकि मेरे मित्र दावा कर रहे थे कि यह सब विश्व गुरू के ओजस्वी और कुशल नेतृत्व के कारण ही संभव हो पाया है कि अब विधर्मी भी श्रीराम बोलने लगे हैं।

देश दुनीया से

चीन पर अंकुश लगाने के लिए म्यांमार सीमा पर जरूरी है बाड़बंदी

म्यांमार में उथल-पुथल और हिंसा के चलते बीते दिसंबर तक 6,000 से ज्यादा शरणार्थियों ने मणिपुर में शरण ली है और उन्हें राज्य सरकार द्वारा भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। म्यांमार के साथ मणिपुर 398 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। बाड़ लगाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 1970 में शुरू की गई मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) खत्म हो जाएगी। लेकिन मुश्किल यह है कि मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने बाड़ लगाने का विरोध किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से इस संबंध में अनुरोध किया है।

म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध के कारण सीमा पार से शरणार्थियों एवं विद्रोहियों की आमद के चलते भारत सरकार ने म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है, ताकि बांग्लादेश सीमा की तरह मुक्त आवाजाही व्यवस्था खत्म की जाए। सितंबर, 2023 में मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने केंद्रीय गृहमंत्री से संदिग्ध तत्वों एवं शरणार्थियों की घुसपैठ रोकने का अनुरोध किया था। म्यांमार में उथल-पुथल और हिंसा के चलते बीते दिसंबर तक 6,000 से ज्यादा शरणार्थियों ने मणिपुर में शरण ली है और उन्हें राज्य सरकार द्वारा भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। म्यांमार के साथ मणिपुर 398 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। बाड़ लगाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 1970 में शुरू की गई मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) खत्म हो जाएगी। लेकिन मुश्किल यह है कि मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने बाड़ लगाने का विरोध किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से इस संबंध में अनुरोध किया है।

फरवरी, 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद से म्यांमार के 38,500 से अधिक लोगों ने मिजोरम में शरण ली है, जिससे राज्य प्रशासन पर बोझ बढ़ गया है। रखाइन प्रांत के पश्चिमी हिस्सों में जातीय अकरम सेना (एए) द्वारा सैन्य शिविरों पर कब्जा करने के बाद 500 से अधिक म्यांमार सैनिक मिजोरम में चले आए थे। मणिपुर, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड समेत भारत के पूर्वोत्तर राज्य म्यांमार के साथ 1,643 किलोमीटर लंबी खुली पहाड़ी सीमा साझा करते हैं, जिससे सुरक्षा की समस्या पैदा होती है और निवारक उपायों की जरूरत पड़ती है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के चीन के साथ घनिष्ठ रिश्ते को देखते हुए भारत को हिंसाग्रस्त म्यांमार में युद्धरत समूहों और सेना जनरलों के बीच शांति स्थापित करके सीमावर्ती क्षेत्रों के विद्रोहियों का समर्थन करने के अलावा, बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के बहाने म्यांमार के नजदीक आने की चीनी रणनीति से उसे बचाने के लिए 'पड़ोसी पहले' की नीति के अनुरूप एक यथार्थवादी रणनीतिक खाका विकसित करने की जरूरत है। एक फरवरी, 2021 को जब म्यांमार में सेना ने तख्तापलट किया था, तो भारत ने सतर्क रुख अपनाया। भारत ने कूटनीतिक और अप्रत्यक्ष रूप से जुंटा का समर्थन किया था, आंग सान सू की के नेतृत्व वाली लोकतांत्रिक ताकतों का खुले तौर पर समर्थन करने से परहेज किया था, जिसने अब इसे दुविधा में डाल दिया है। भारत के सामने चीन पर अंकुश लगाने की चुनौती है, जो इसलिए खतरनाक है, क्योंकि वह कुछ जातीय समूहों का समर्थन करता है। इस जटिल परिदृश्य में 'द थ्री ब्रदरहुड एलायंस' द्वारा दिसंबर, 2023 में ऑपरेशन 1027 चलाया गया था, जिसमें ता'आंग नेशनल लिबरेशन आर्मी, एए और म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी शामिल थी, जिसने जुंटा को हिलाकर रख दिया था। जुंटा के खिलाफ आक्रामक हमले ने इसे एक विनाशकारी झटका दिया था, जिससे चीन को इसका समर्थन करना पड़ा। 'द थ्री ब्रदरहुड एलायंस' ने प्रमुख सड़कों और सैन्य चौकियों पर कब्जा कर लिया था, जिससे नकदी संकट से जूझ रहे जुंटा के राजस्व पर असर पड़ा और उसकी आवाजाही में बाधा उत्पन्न हुई। रिपोर्टों से पता चलता है कि शान राज्य पर अचानक हुए हमलों के बाद एए ने पश्चिमी तट पर रखाइन प्रांत में अपने बेस में सेना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। यह विद्रोहियों द्वारा पूर्व में थाईलैंड की सीमा से लगे काया राज्य और भारत की सीमा से लगे सागांग क्षेत्र और चिन प्रांत तक फैला एक समन्वित प्रयास था। यह सशस्त्र समूहों और जुंटा के बीच एक साल से जारी संघर्ष विराम का उल्लंघन था। इस साहसिक कदम से चीन के महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों पर सेना के नियंत्रण को खतरा है, जिससे उसके हितों पर असर पड़ेगा। एलायंस देश के एक हिस्से से जुंटा को अलग करने में सफल रहा है, जिससे होकर चीन के साथ म्यामार का 40 फीसदी द्विपक्षीय सीमा व्यापार होता है; लगभग एक अरब डॉलर का व्यापार चीन में पाइप द्वारा भेजी जाने वाली प्राकृतिक गैस से होता है। इससे पहले कि इसके चलते भारत के हितों को खतरा हो, भारत को म्यांमार के प्रति अपनी पुरानी स्थिति पर पुनर्विचार करना होगा।

आप का नजरीया

जदरांगल में शिक्षा का पानीपत

इस हमाम में सब नंगे हैं-क्या भाजपा, क्या कांग्रेस। अब केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर का संताप वही भाजपा कर रही है, जो इसकी कतरब्यौंत की जिम्मेदार है। नाखून सिर्फ केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे पर नहीं चढ़े, बल्कि हिमाचल में हर सत्ता की टोह में कुर्बानियां यूं ही लिखी जाती हैं, वरना जिस धर्मशाला में ब्रिटिश विरासत के तहत आजादी के पहले से ही शिक्षा व चिकित्सा के सबसे अव्वल मुकाम लिखे गए, उससे यह साजिश न होती। पहला दौर चिकित्सा का आया और यहां की तत्कालीन विधायक चंद्रेश कुमारी से मेडिकल कालेज की नींव छीन कर जीएस बाली टांडा ले गए। प्रदेश के बड़े अस्पतालों में शुमार अस्पताल, जो कभी चंबा, ऊना व हमीरपुर के मरीजों को उपचार देता था, उसे धर्मशाला से बाकायदा छीना गया। इसके बाद वीरभद्र सिंह ने केंद्रीय विश्वविद्यालय की सौगात को धर्मशाला में चिन्हित किया, तो धूमल सरकार ने सियासी वास्तुकला के तहत इसका बोरिया बिस्तर समेटा और इस अजूबे को अंजाम देने के लिए तत्कालीन धर्मशाला के विधायक किशन कपूर ने संकल्प लिया कि इस तरह के संस्थान योग्य यह विधानसभा क्षेत्र नहीं है। यह पहला संस्थान था जिसे सियासत की हांडी में खिचड़ी की तरह उबाला जा रहा है। ऐसा वातावरण तैयार किया गया कि धर्मशाला की जमीन को अभिशप्त किया जाए और कारिंदे बदलते गए। तत्कालीन मंत्री रविंद्र सिंह रवि ने सर्वप्रथम धर्मशाला की जमीन को खड्डों-नालों और भूकंप की जननी बता कर यहां की जनता का अपमान किया, तो यह तोहमत वर्तमान सरकार की चुप्पी तक पसर रही है। जिस स्थान में हिमाचल के सबसे बड़े और विश्व के अनूठे क्रिकेट स्टेडियम में पच्चीस हजार लोगों का जमावड़ा कोई हाय तौबा नहीं करता, उसी के बगल में जदरांगल सीयू की प्रस्तावित जमीन को कभी दिल्ली के पर्यावरण मंत्रालय, तो कभी कोलकाता के भूगर्भीय सर्वेक्षण की सतत निगरानी में अग्नि परीक्षा देनी पड़ती है और अब एक साल से राज्य सरकार अनावश्यक अवरोध लगा रही है जबकि ढाई सौ करोड़ का बजट भी मुहैया है। हम इसे कांगड़ा की राजनीतिक नामर्दी भी कह सकते हैं या यह मान सकते हैं कि यह क्षेत्र सत्ता का पिछलग्गू हो गया है। आश्चर्य यह कि जिस परिसर के पक्ष में दो बार के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रहे शांता कुमार बार-बार दरख्वास्त कर रहे हैं, उस पर शिमला की सत्ता खामोश है। ऐसे में क्या चार बार के विधायक व पूर्व मंत्री रहे सुधीर शर्मा के विधानसभा क्षेत्र को अभिशप्त करने की कोई कोशिश है या कांगड़ा के लाभ अब हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की बपौती हैं। आश्चर्य यह कि वर्तमान सरकार हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर के सपने को साकार करती हुई देहरा व धर्मशाला परिसर के बीच घात-प्रतिघात कर रही है। बहरहाल भाजपा के विरोध एवं चक्का जाम ने जदरांगल परिसर की बिसात पर कांग्रेस से लोकसभा चुनाव का मुद्दा छीन लिया है। जदरांगल परिसर के एक छोर में धर्मशाला, दूसरे में पालमपुर, तीसरे में नगरोटा और चौथे में शाहपुर-कांगड़ा के सरोकार समाहित हैं। ऐसे में कांग्रेस एक मुद्दा भाजपा के सुपुर्द कर रही है।

संक्षिप्त खबरें

पत्थलगड़ा संवेदक द्वारा लगाया जा रहे जलमिनार में बरती जा रही अनियमिता

प्रभात मंत्र संवाददाता

पत्थलगड़ा : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत PHED विभाग द्वारा लगाया जा रहा जल मीनार प्रखंड में पांच पंचायत का टेंडर करीब साढ़ेसात करोड़ का है और एक जल मीनार की लागत 7 लाख से ऊपर का है जो संवेदक रविराज तिवारी द्वारा अपने मनमानी तरीके से जल मीनार का कार्य करवा रहें हैं जिसमे भारी अनियमता बरती जा रही है। बताते चले की यह योजना पूरे देश में केंद्र सरकार द्वारा नल जल योजना के तहत हर गांव के हर वार्ड तक दिया जाना है जिसे हर घर हर तक पानी की व्यवस्था हो सके उसे सोचकर केंद्र सरकार यह योजना लाया है लेकिन संवेदको द्वारा निर्माणाधीन तरीके से जल मीनार में लगे स्ट्रक्चर व ढ्ढ लोहे का पाईप कमजोर से ले कर सोलर प्लेट, समर्सीबल, पाईप घटिया किस्म का लगाया जा रहा है।इतना ही नहीं। संवेदक रविराज तिवारी व PHED विभाग के सभी पदाधिकारियों के मिलीभगत से अपने मनमानी तरीके से बेलहर में अवैध रूप से किसी के व्यक्तिगत घर के चारदिवारी के अंदर व्यक्तिगत स्थानों पर जलमीनार लगाया गया है जिससे प्रखंड के स्थानीय जनता वरीय पदाधिकारी से जांच करने की मांग की है।

झोलाछाप डॉक्टर ने गर्भवती महिला का किया इलाज, हुई मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : थाना के अंतर्गत बरियातू पंचायत से सनसनी बढ़ाने की खबर सामने आई है। एक झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा गर्भवती महिला का इलाज किया गया। और महिला की मौत हो गई। विस्तार पूर्वक बता दें की महिला 5 महीने की गर्भवती थी। जो अबॉर्शन करवाने के लिए झोलाछाप डॉक्टर जो गंगापुर निवासी वीरेंद्र कुमार साव के घर में करीबन 20 साल से क्लीनिक चल रहा डॉ शिवनारायण शाव के द्वारा इलाज किया गया था। इलाज लगभग दो-तीन दिन पहले किया गया।और महिला का जब स्थिति बिगड़ने लगी। तो आनंद-फानन में डॉक्टर ने हजारीबाग सदर अस्पताल परिजनों को ले जाने को कहा। वहां भी स्थिति ना सुधर हुई। तो डॉक्टरों ने रिम्स रेफर कर दिया। जहां रास्ते में ही बीते मंगलवार के शाम महिला की मौत हो गई। जिसे लेकर लोगों ने झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर जाकर बुधवार सुबह से ही जमकर शोर सराबा किया। जब की डॉक्टर रात में ही क्लीनिक बंद कर फरार हो चुका है। लोगों की शोर शराबा की खबर सन फोन पर डॉक्टर ने परिजनों से आपसी समझौता कर लिया है। बता दे की मृत्यक महिला का नाम अंजू देवी पति सुनील भुईयां बताया गया है। लड़की का ससुराल कटकमसांडी थाना के अंतर्गत हेदलॉग गांव बताया गया। अंजू देवी अपने नैहर बरियातू में कुछ दिनों पहले इलाज करवाने के लिए आई थी। अंजू देवी के पिता का नाम मांनकी भुइंया बताया जा रहा है। महिला का दो छोटे-छोटे लड़की भी है। इसकी खबर गिद्धौर थाना प्रभारी गुलाम सरवर को बतलाया गया। जो जांच के लिए गांगपुर पहुंचे परंतु तब तक सभी लोग शांत हो चुके थे। मृतक महिला का अंतिम संस्कार बरियातू में ही शमशान घाट में किया जाएगा।

ओबीसी मोर्चा ने किया लातेहार नये भाजपा जिलाध्यक्ष का विरोध

जिलाध्यक्ष ने कहा लोकतंत्र में बोलने का सभी को है अधिकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : भाजपा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह व जिला प्रभारी मुकेश कुमार सिन्हा को बनाए जाने का राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने विरोध किया है। बुधवार को शहर के वाटिका होटल में बैठक कर इसकी निंदा की है। राष्ट्रीय ओबीसी के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने कहा कि लातेहार में ओबीसी की 55 प्रतिशत आबादी होने के बाद भी पार्टी के दोनों महत्वपूर्ण पद पर एक भी स्थान नहीं दिया गया है। जबकि ओबीसी समाज के लोग बीजेपी का वोट करते रहे है। उन्होंने कहा कि जिले के दो महत्वपूर्ण पद में एक पद ओबीसी समाज को हिस्सेदारी देना होगा। अगर भाजपा ऐसा नहीं करती है। तो आगामी होने वाला लोकसभा चुनाव में इसका भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज सिर्फ वोट देने के लिए नहीं है। अगर पार्टी ऐसा नहीं करती है। तो हम लोग विरोध करेंगे। पवन गुप्ता ने कहा कि भाजपा में कई कार्यकर्ता 20 से 25 वर्षों तक लगातार पार्टी को शीचने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन बीजेपी कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज करते हुए दूसरे पार्टी से आए नेता को अध्यक्ष बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेताओं की यही रवैया रही तो आगामी लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। बैठक में आगामी चार फरवरी को होटल कार्निवल में बैठक कर आगे की रणनीति बना लिया है।

प्रस्तावित प्रखंड पांडेयपुरा में आजसू पार्टी ने किया कमिटी गठित

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत ने चतरा विधान सभा क्षेत्र के हंटरगंज प्रखंड के प्रस्तावित पांडेयपुरा प्रखंड के पंचायत स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष पिन्टु यादव, उपाध्यक्ष अतुल गुप्ता, सचिव रंजित माथुर, महासचिव सिकंदर अंसारी, संगठन सचिव समेन्द्र दास, संयुक्त सचिव संतोष पासवान, कोषाध्यक्ष संजय यादव बनाया गया है। किसान मोर्चा प्रखंड कमिटी अध्यक्ष सूर्यदेव यादव, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार, ओबीसी मंच मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष राजेश प्रसाद, उपाध्यक्ष राजेश यादव, सचिव अरूण प्रसाद गुप्ता, पंचायत कमिटी पंचायत अध्यक्ष पांडेयपुरा आकाश गुप्ता, पंचायत अध्यक्ष गेंजना पिन्टु यादव, पंचायत अध्यक्ष लेंजवा राजेश साहू, उपाध्यक्ष लेंजवा देवनंदन यादव को बनाया गया है।इस मौके पर आजसू के केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत गहलौत ने कहा कि पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भोगता समाज ने शांति पूर्ण तरीके से किया संख्या प्रदर्शन, गिरफ्तारी की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड मुख्यालय के कर्बला मैदान में भोगता समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर बल्तकारी संजय पांडेय को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग किया। यह प्रदर्शन हजारीबाग रोड़ स्थित सिंघम होटल से शांति पूर्ण तरीके से सिमरिया चौक होते हुए सैकड़ों की संख्या में आयोजित कार्यक्रम स्थल कर्बला मैदान में पहुंचा। संख्या प्रदर्शन में करीब दो हजार की संख्या में महिला पुरुष से लेकर भोगता समाज के केंद्रीय अध्यक्ष तक शामिल हुए। सभी महिलाओं के हाथों में कई तरह का गिरफ्तारी से सम्बंधित तख्ती लिए हुए थे। और गिरफ्तारी के फांसी की सजा की मांग कर रहे थे। सभा स्थल में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ गंझू, केंद्रीय सलाहकार झलकु गंझू, केंद्रीय प्रवक्ता देवनरायन गंझू, प्रदेश अध्यक्ष अमृत भोगता शामिल हुए। जहां मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 19 जनवरी को मामला दर्ज किया गया है। किन्तु अभी तक आरोपी एवं बल्तकारी संजय पांडेय को गिरफ्तार नहीं किया गया। हमारे समाज को हमेशा शोषण किया जाता है। यदि हम ऐसे बल्तकारी संजय पांडेय को गिरफ्तारी को लेकर आक्रोशित होंगे तो लोग हमें उग्रवादी कहेंगे। हमें पुलिस द्वारा परेशान किया जाएगा। जबकि हम गरीब इछड़ी दलित आदिवासियों एवं गंझू समाज के लोगों के साथ ऐसे उच्चस्तरीय समाज के लोगों ने हमेशा अत्याचार और बलात्कार करते आया है। अब हम लोग जाग चुके हैं शिक्षित हो चुके है कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम लोग हद से पार हो गए तो उन्हें सबक सिखाना में समय नहीं लगेगा। हम लोग सविंधान के तहत जीने और चलने वाले हैं अभी सविंधान के तहत गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। इससे भी बात नहीं बनी तो भोगता समाज उग्र होकर उसका जबाब शक्ति के साथ देगा। अभी हम लोग पुलिस प्रशासन से मात्र एक सप्ताह का समय दे रहें हैं। यदि एक सप्ताह के अंदर गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा गया तो हम लोग अगला सप्ताह पूरे प्रदेश स्तर का शक्ति पूर्ण आंदोलन इसी सिमरिया के धरती पर किया जाएगा। जिसका जिमेवार खुद पुलिस प्रशासन होगी। मौके पर लातेहार जिला अध्यक्ष प्रेम गंझू, चतरा जिल्क् अध्यक्ष जगदीश सिंह भोगता,सचिव विजय कुमार भोगता, उपाध्यक्ष कामेश्वर भोगता, कोषाअध्यक्ष रणजीत भोगता, सदर प्रखंड अध्यक्ष मोहन गंझू,सिमरिया प्रखण्ड अध्यक्ष छोटू सिंह भोगता, सचिव नामधारी गंझू, छठु सिंह भोगता, उपेंद्र भोगता, जगदीश भोगता, सत्यनरायन भोगता, बहादुर गंझू, योगेंद्र भोगता,सुरेंद्र भोगता,चंदू गंझू,नेमधारी गंझू, भुवनेश्वर भोगता, लालजीत भोगता, कौलेश्वर गंझू, कामख्या सिंह भोगता, गुली गंझू, राजू भोगता, बैजनाथ भोगता, घनश्याम गंझू, मादी गंझू, सुनील भोगता, बिनोद गंझू, बासुदेव भोगता, केशो गंझू, सूरज गंझू, प्रकाश भोगता, हुलास गंझू, बिरजू भोगता, राजू भोगता के अलावे करीब दो हजार की संख्या में भोगता समाज शामिल थे।

युएचएस पिंडारकोण में ईएलसी के बारे में बिआरपी ने दी जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड के अंतर्गत मंझगावा पंचायत के पिंडारकोण गांव में संचालित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मंगलवार को मतदाता साक्षरता क्लब के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। यह कार्य बीआरपी कृष्ण मुरारी शर्मा एवं शिक्षक संजय कुमार सिंह के द्वारा बतलाया गया।एवं बुथ के बारे में बच्चों से जानकारी ली गई। जहां बच्चों ने बतलाया की रास्ता ठीक ना होने के कारण यहां मतदान कम होती है।साथ ही साथ बच्चों ने शिकायत किया कि उप स्वास्थ्य केंद्र में कभी भी डॉक्टर नहीं आते हैं।इसकी भी यहां बहुत बड़ी कमी है। लगभग 41 बच्चों ने इसकी जानकारी लिया। प्रिंस कुमार राणा पूनम कुमारी श्वेता कुमारी मानसी कुमारी उज्जवला कुमारी जसोदा कुमारी सुमन कुमार यादव राहुल कुमार यादव मुन्ना ठाकुर दीपक सिंह गुप्ता ज्योति कुमारी सलोनी कुमारी व दर्जनों बच्चे उपस्थित थे।

एबीभीपी चतरा नगर इकाई ने चतरा कॉलेज के प्राचार्य को दी विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : स्थानीय चतरा कॉलेज के प्रभारी प्रचार्य प्रो डॉक्टर आरपी रॉय बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् चतरा नगर इकाई की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रो डॉक्टर आरपी रॉय को अंगवस्त्र और बुके देकर कर विदाई दी गयी। एबीभीपी विभाग संयोजक रोहित पांडे ने कहा कॉलेज में डॉ प्रो आरपी रॉय सर का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा। प्रो आरपी रॉय कॉलेज के विद्यार्थी की समस्याओं के समाधान के लिये हमेशा तत्पर रहे। आशा है आगामी दिनों में भी ऐसे योग्य शिक्षक पुनः कॉलेज की बागडोर संभालेंगे, जो छात्रहित में सदैव काम करें. इस अवसर पर विभाग संयोजक रोहित पांडे जिला संयोजक मुन्ना यदुवंशी नगर मंत्री उज्वल कुमार, कालेज अध्यक्ष साहिल कुमार, कालेज मंत्री प्रियांशु पांडेय, जिला सोशल मीडिया संयोजक अभय राज, कारण राज, अनुराग, अर्णव, सनी,सत्यम, लोकेश, सुंदरम विशाल, प्रियांशु सिंह, रौनक, आफताब आलम, रितिक, दीपू समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा के तहत करवाया गया एकदिवसीय प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड परिसर में संचालित पंचायत सचिवालय गिद्धौर में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) चतरा के द्वारा जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया।यह कार्य गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी के अध्यक्षता में की गई। जहां कृषक मित्र एवं किसानों के बीच वैज्ञानिक विनोद पांडेय के द्वारा जैविक खेती करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताएं। उपस्थित किसानों को जैविक खेती करने पर विशेष फोकस भी किया।आगे बतलाए की नाडेप खाद का इस्तेमाल करें जो खरपतवार से बनाई जाती है?। घनजिवा मृत खाद बनाने की भी विस्तृत जानकारी दिए।नीमस्त्र दवा बनाने की भी विधि बताएं। यह सभी घरेलू सामग्री का उपचार कर बनाने की बात कही। मौके पर उपस्थित सिंगल विंडो से बिटीएम अरमेन्द्र पांडेय एटीएम दीनदयाल कुमार एवं क्षेत्र से दर्जनों किसान महिला पुरुष उपस्थित थे।

भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष बने रामदेव भोगता, प्रखंड में उत्साह

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड के अंतर्गत तिलैया गांव निवासी एवं चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी रामदेव सिंह भोक्ता को भाजपा के जिला अध्यक्ष बनाया गया। जिसे लेकर प्रखंड में खुशी का माहौल है। और गिद्धौर प्रखंड के भाजपा नेताओं में भी खुशी की लहर देखी जा रही है। कहीं लोग पुष्पमाला पहनकर स्वागत कर रहे हैं। तो कहीं पुष्प गुछ देखकर तो कहीं सौल ओड़ा कर सम्मानित किए जा रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बनाएं जाने के बाद से ही रामदेव भोगता का राज्यनीति में एका एक उछाल आ गया था। और सामाजिक कार्यकर्ता एव मृदुभाषी होने के वजह से उसी का नतीजा आज देखने को मिल रहा है। एवं खुशियां मनाई जा रही है।

गैरकानूनी जुगाड़ से फलफूल रहा है अवैध नर्सिंग होम

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : गैरकानूनी जुगाड़ तंत्र के सहारे टंडवा में फल-फूल रहा है अवैध नर्सिंग होम का अवैध कारोबार। सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीणों को अवैध नर्सिंग होम संचालक बना रहे हैं शिकार। न तो निबंधन न ही यहां डाक्टर होते है कार्यरत, फिर भी कर दिया जाता हैं बड़ा ऑपरेशन। मामला बिगड़ने पर बड़कागांव इलाके में गुप्त स्थान पर ले जाकर की जाती है इलाज। टंडवा चिकित्सा प्रभारी ने अवैध नर्सिंग होम संचालकों के विरूद्ध जांच कर कार्रवाई की कही है बात। बताया गया पूर्व में टंडवा स्वास्थ्य विभाग द्वारा सूर्य नर्सिंग होम का मांगा गया था पेपर नहीं दिया गया। अवैध संचालित नर्सिंग होम में भ्रूण हत्या का गोरखधंधा का सिंडिकेट है हावी।

कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया शुरू बच्चियों का जल्द करायें नामांकन

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय में संचालित कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में 2024- 2025 हेतु कक्षा छ्और सात में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।इच्छुक अभिभावक विद्यालय कार्यालय से फॉर्म प्राप्त करें। और अपने बच्चियों का नामांकन करवाए इस आशय की जानकारी गिद्धौर कस्तूरबा विद्यालय के वार्डन बिंदु पोद्दार ने दिया है।

भू-माफिया जाली दस्तावेज बनाकर कर रहा है जमीन मालिक होने का दावा

प्रभात मंत्र संवाददाता

पत्थलगड़ा : प्रखण्ड अंतर्गत नोनगांव पंचायत के ग्राम बनवरा में बने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र का जमीन जबरन कब्जा करने का किया जा रहा है प्रयास। बनवारा गांव समेत आस पास के अन्य गांवों के ग्रामीणों ने बताया यहां पर कई एकड़ जमीन गैरमजरूआ भूमि है और गैरमजरूआ होने के कारण वर्षो से यह जमीन खाली है। विगत 2010 में यहां के कुछ भाग में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बना है बाकी जमीन अस्पताल के लिए ही खाली रखा गया है। उक्त गैरमजरूआ जमीन पर बनवारा गांव निवासी मो0अकबाल, मो0 हलीम मियां व अन्य के द्वारा फर्जी दस्तावेज बना कर जमीन पर अपना दावा कर रहा है। जबकी ग्रामीणों ने बताया कि यह जमीन पूरी तरह से जीएम है और यहां पर किसी का कोई कब्जा नहीं रहा है। इस जमीन का मामला अंचल में चल रहा। जबकि सीओ मोनी कुमारी द्वारा मो0इकबाल एंव अन्य दावेदारों से जमीन का दस्तावेज मांगा गया लेकिन कई बार नोटिस देने के बाद भी अब तक जमीन का दस्तावेज अंचल को नहीं दिया गया। मो इकबाल के पर जो की अंचल में नही दिया गया। बताते चलें की जाली दस्तावेज का मामला प्रकाश में तब आया जब विशेष प्रमंडल से लगभग 24 लाख की लागत से वहां मुख्य पथ से हॉस्पिटल तक पीसीसी पथ निर्माण के लिए संवेदक द्वारा स्थल का नापी लिया गया। संवेदक के द्वारा पथ निर्माण का कार्य शुरू किए जाने पर मो0 इकबाल के द्वारा जबरन कार्य रोका गया। वही सीओ मोनी कुमारी ने बताया कि बिना दस्तावेज जमा किये हुवे या अंचल के बिना निर्देश के कोई भी व्यक्ति उक्त गैरमजरूआ भूमि पर पिलर व घेरा बंदी नही कर सकते है। ऐसा करने या निर्देश का उलंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सेवानिवृत शिक्षक सहदेव साहू को दी गयी भाव भिंनी विदाई

अंगवस्त्र व जरूरी सामान देकर शिक्षकों ने सम्मान पूर्वक दी विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड के आदर्श मध्य विद्यालय बगरा में सेवानिवृत सहदेव साहू को भाव भिंनी विदाई दी गयी। यह विदाई एक समारोह आयोजित कर किया गया। जहां शिक्षकों ने अंगवस्त्र एवं जरूरी सामान देकर उन्हें विदाई दी। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बगरा मुखिया चंदा देवी मौजूद थी। बच्चों ने शिक्षक सहदेव साहू के कार्यकाल समाप्ति पर एक संगीत समारोह आयोजित कर सम्मान गीत प्रस्तुत किया। बता दें कि सेवानिवृत सहदेव साहू का कार्यकाल 17 अक्टूबर 1994 से 31 जनवरी 2024 तक रहा। इनका स्वभाव बहुत अच्छा रहा। बच्चों के प्रति इनका पढ़ाने का तरीका अच्छा रहा। जिससे इनके द्वारा पढाई गए कितने बच्चे आज पुलिस से लेकर अन्य सेवा में अभी योगदान दे रहें हैं। बच्चों के प्रति स्नेह काफी रहा है। शिक्षक पद पर प्रथम योगदान पुंडरा स्कूल में रहा था और कार्यकाल समाप्ति आदर्श मध्य विद्यालय बगरा से हुआ। हालाकिं विदाई समारोह में शिक्षक सहदेव के परिजन भी उक्त कार्यक्रम में शिरकत किए हुए थे। मौके पर विपिन कुमार सिंह अजप्ता चतरा पूर्व अध्यक्ष, प्रभारी प्रधानध्यापक अरुण कुमार सिंह, वरीय शिक्षक जयचंद साहू, सहायक शिक्षक रामचरण राम, शशिभूषण यादव, नागेंद्र गोस्वामी, रोशनियां कुजूर, विमला कुमारी,सुमन देवी, नागेंद्र कुमार, मो इलियास, समाजसेवी इंद्रदेव पासवान, सेवानिवृत शिक्षक के पत्नी रीता देवी, पुत्र हरेंद्र कुमार, रविन्द्र कुमार, विकास रंजन, पुतोहु, रेखा देवी, रेहा रानी, अर्चना रानी, पोती दिव्या प्रियदर्शनी, ऋ षभ कुमार, अवनी प्रिया के अलावे स्कूली छात्र और छात्रा शामिल थे।

धूम्रपान ना करें, पकड़े जाने पर 200 का कटेगा चालान

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड परिसर सभागार में बुधवार को कोटपा 2003 अधिनियम के तहत सभी धाराओं में अनुपालन से संबंधित प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति गठित करने को लेकर बुधवार को बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने किया। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने किया। जहां जिला सलाहकार रेशमी दुबे के द्वारा धूम्रपान निषेध है। से संबंधित कई जानकारियां बताई।जिसमें कहा गया कि प्रखंड के अंतर्गत जितने भी जनप्रतिनिधि हैं। उन लोगों के बीच एक समूह का गठन करना है।और अदि कहीं भी सार्वजनिक स्थान में धूम्रपान करते हुए कोई व्यक्ति दिखे। तो उनका कोटपा 2003 अधिनियम के तहत चालान कटवाएं ताकि लोग सार्वजनिक स्थान में धूम्रपान ना करें। तथा लोगों को शपथ दिलाई गई। मौके पर उपस्थित उप प्रमुख प्रीतम यादव मुखिया निर्मला देवी एवं दर्जनों ग्रामीण जनता बैठक में उपस्थित थे।

धर्मांतरण करने वालों को आरक्षण के दायरे से हटाने की मांग

आदिवासी के नाम पर आरक्षण लेने वालों का खत्म करें आरक्षण : हरिकृष्णा

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : आदिवासी सुरक्षा मंच के बैनर तले बुधवार को डीलिस्टिंग को लेकर महाधरना, प्रदर्शन किया गया। इसी के निमित विशाल रैली का आयोजन किया गया, जो जिला मुख्यालय के बाजारटांड से प्रारंभ हुआ और थाना चौक, महाबीर मंदिर चौक, शहीद चौक, जुबली चौक, पूराना बस स्टैंड और कचहरी होते हुए समाहरणालय परिसर पहुंचा, जहां पर यह धरना सभा में तब्दील हो गया। इससे पहले रैली में आदिवासियों का धर्मांतरण कराना बंद करो, बिरसा मुंडा जिंदाबाद, भारत माता की जय, धर्मांतरित व्यक्ति को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर करो, जनजाती समाज, धर्म, संस्कृति बदलना बंद करो जैसे नारे लगाए जा रहे थे। इस अवसर पर मनिका के पूर्व विधायक हरिकृष्णा सिंह ने कहा कि रूढ़िवादी परंपरा को छोड़कर कुछ लोग अन्यत्र चलें गए हैं, लेकिन फिर भी वे आदिवासियों के नाम पर आरक्षण का लाभ ले रहे हैं। हमारी संस्कृति, धर्म और परंपरा रूढ़िवादी पर आधारित है। पर कुछ लोग अपनी संस्कृति को छोड़कर दूसरे धर्म में चले गए है पर आरक्षण लेने के लिए अपने आप को आदिवासी बताते है और आरक्षण का लाभ ले रहे हैं। आज जो सही मायने में आदिवासी है उनका हक भी वह खा जा रहे है। हमारी राज्य सरकार से मांग है कि वैसे व्यक्ति को चिन्हित कर आरक्षण सूची से बाहर करें। हरातु पंचायत मुखिया मुंद्रिका सिंह ने कहा कि पुरातन काल से रूढ़ि और परंपरा का निर्वहन कर रहे जनजाति समाज की उन्नति के लिए संविधान निर्माताओं ने आरक्षण व अन्य सुविधा का प्रावधान किया था। इस सुविधा का लाभ दूसरे लोग उठा रहे हैं। यह अब बंद होना चाहिए। रैली में वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि जनजाति आरक्षण पर एक खास धर्म द्वारा संवैधानिक अतिक्रमण हुआ है। वक्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार से मांग की। अपने हक के लिए इस लड़ाई को शुरू किए हैं- छत्रपति बड़ाईक इस अवसर पर आदिवासी रक्षा मंच के संयोजक छत्रपति बडाईक ने कहा कि आरक्षण की नीति साफ है।

प्रभात मंत्र

हजारीबाग

रांची, गुरूवार, 1 फरवरी 2024 | पेज 8

संक्षिप्त खबरें

भारतीय जनता पार्टी का गावँ चलो अभियान को लेकर हुई बैठक

दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता): नए जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह का किया भव्य स्वागत प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश के अनुसार गावँ चलो अभियान के तहत दारू मंडल भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं का बुधवार को बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय में एक बैठक आहूत किया गया। बैठक की अद्यक्षता मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण व संचालन उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा ने किया। इस बैठक के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह व विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यकरणी सदस्य केपी ओझा व मंडल प्रभारी रंजीत सिन्हा थे। प्रदेश से आए निर्देश के अनुसार प्रखंड के तीन विधानसभा सदर हज़ारीबाग के 31 बूथ ,बरकट्ठा विधानसभा के 19 बूथ एवं मांडू विधानसभा क्षेत्र के चार बूथ कुल 54 बूथ पर कार्यकर्ता प्रवास करेंगे। यह प्रवास 24 घण्टा का होगा। इस दौरान प्रत्येक प्रवासी कार्यकर्ता अपने अपने प्रवासी क्षेत्र में हर घर जाकर हर लाभुक को माननीय प्रधानमंत्री के कार्य को बताएंगे। वहीं मुख्य अतिथि विवेकानंद सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता पार्टी के द्वारा दिया गया निर्देश ईमानदारी से कार्य करते है। गावँ चलो अभियान कार्यक्रम में आप सभी आपके आवंटित प्रवास क्षेत्र में जाकर केंद्र सरकार के योजनाओं को हर घर तक मिलकर बताने का काम करेंगे। साथ ही की वोटर एवं मठ मंदिरों के पुजारी से संपर्क करेंगे।वहीं केपी ओझा ने कहा कि आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में अपने क्षेत्र से भारी बहुत से विजय बनाने के लिए गावँ चलो अभियान के तहत प्रवास करेंगे। बैठक में उपाध्यक्ष शत्रुंजय प्रसाद, राजन सिन्हा, दीपक देव, विनोद कुमार, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, मिठू रविदास, विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबु, बसंत नारायण सिंह, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष देवदत्त प्रसाद, किसान मोर्चा अध्यक्ष किसुन प्रसाद , महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, धर्मेंद्र सिंह, धनपत प्रसाद , छत्रधारी राणा ,अर्जुन शर्मा, नागेश्वर महतो, संतोष राणा , मोहन कुशवाहा, कमल प्रजापति , कृष्णकांत रवि, राजेन्द्र राम , बलदेव राम, चिंतामणि साव, सुरेश साव, संजय कुशवाहा , विकाश यादव, संदीप कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। नए जिला अध्यक्ष का किया स्वागत– दारू मंडल के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हज़ारीबाग जिला के भारतीय जनता पार्टी के नए अध्यक्ष विवेकानंद सिंह को भव्य स्वागत किया । उनके स्वागत में कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा व माल्यर्पण कर स्वागत किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा कि मुझे अध्यक्ष बनने के बाद दारू प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले स्वागत किया है। मैं कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया स्वागत से अभिभूत हूँ ।इसके लिए हम दारू प्रखंड के कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई दी।

राजस्व कर्मचारी हुए सेवानिवृत

दारु (प्रभात मंत्र संवाददाता): अंचल के राजस्व कर्मचारी सुरेश कुमार चौदह वर्ष तक सेवा देने के बाद 31 जनवरी को सेवानिवृत हो गये। सेवानिवृत कर्मचारी ने बिष्णुगढ़,बरही, काटकमदाग के बाद दारु अंचल मे कार्य किये और यही से सेवानिवृत हो गये। इस अवसर पर अंचलाधिकारी अदिति गुप्ता , राजस्व उपनिरिक्षक रागिनी कक्षप, अभय् पासवान चंदा पाठक, सुमंत कुमार,सुनिल् कुमार साहित अन्य कर्मियों ने उनके कार्य की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई के समय सेवानिवृत कर्मचारी साहित अन्य सहकर्मी काफी भावुक हो गये वहां मौजूद अन्य कर्मियों ने एक दूसरे को ढाढस बंधाते हुए उन्हे विदाई दिया।

सेवानिवृत्त एमओ को दी गई विदाई, लोगो ने सौंपे उपहार

विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):-विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय सभागार में आज विष्णुगढ़ खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार के सेवानिवृत्त होने पर विष्णुगढ़ डीलर संघ एवं ब्लॉक के पदाधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें ससम्मान विदाई दी गई। उपस्थित लोगों ने उन्हें फूल माला,पुष्पगुच्छ तथा शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया। इस बेहद भावुक क्षण में अपने अंतर्मन से लोगो को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान एमओ आलोक ने कहा पिछले पाँच वर्ष चार माह के कार्य काल मे उपस्थित सभी लोग मेरे परिवार का हिस्सा रहे,मेरे सुख-दुख में ये बराबर के भागीदार रहे जो मेरे लिए अविस्मरणीय है।मेरे जीवन मे दो पल है,जो भुलाए नही भूला जायेगा पहला मेरी पहली जॉइनिंग हाजीपुर और मेरी नौकरी के अंतिम कार्यकाल विष्णुगढ़ में मेरी विष्णुगढ़ में जॉइनिंग 13 अक्टूबर 2018 से 31 जनवरी 2024 तक,जिसमे मुझे आप सबो का भरपूर प्यार मिला,इसके लिए आपसबो का तहेदिल से शुक्रिया।मुझे अपने जीवन मे सबसे ज्यादा सन्तुष्टि का कार्यकाल,कोरोनाकाल की विकट घड़ी के दौरान लगा जिसमे मैं मेरे साथी पदाधिकारी और डीलरों ने मेरा भरपूर सहयोग दिया जिसकी वजह से मैं विष्णुगढ़ प्रखण्ड को हरएक घर मे समय से खाद्यन्न पहुँचा सका,जिससे सभी को अनाज मिला।आज के बाद से अब मेरा पूरा समय अपने परिवार को दूँगा परन्तु आप सबो से बिछड़ने की पीड़ा रहेगी।

स्वर्णिम सरोज कंपलेक्स में दो दुकानों में हुई चोरी, पुलिस मामले की कर रही छान बीन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बरही हजारीबाग रोड पुराना बस स्टैंड के सामने बीते मंगलवार रात्रि स्वर्णिम सरोज कंपलेक्स के दो दुकानों में अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर लिया। जिसको लेकर दोनों भुक्तभोगी ने बरही थाना में आवेदन देकर न्याय का गुहार लगा है। स्वर्णिम सरोज कंपलेक्स में संचालित गायत्री मेडिकल हाल के मालिक मनोज कुमार ने बताया कि प्रतिदिन की तरह रात दुकान बंद कर सुबह दुकान खोलने आया तो देखा दुकान का सटर उठा हुआ है। जब दुकान में पैसे रखने वाले ड्रावर खोला तो उसमें रखे पैसे और कुछ कागजात गायब मिले। चोरों ने करीब 2 लाख की नगद चोरी की है और कुछ कागजात भी गायब मिले। इस बाबत उससे पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अपने बेटी बेटा की पढ़ाई एवं एलआईसी के लिए किस्त के लिए प्रतिदिन कमाई का जमा राशि काउंटर के ड्रावर में जमा कर रखी थी। जिसे चोरों ने सटर का ताला तोड़कर हाथ साफ कर लिया। वहीं गुनगुन इलेक्ट्रॉनिक के मालिक दिनेश प्रसाद ने बताया कि दो माह दुकान का किराए के रखे एवं दुकान का बिक्री का करीब 25 हजार नगद एवं करीब 25 हजार की इलेक्ट्रोनिक्स सामाग्री चोरों ने सटर का ताला तोड़ कर चुरा लिया है। भुक्तभोगी के द्वारा आवेदन देने के बाद बरही थाना प्रभारी रोहित कुमार सहित पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे ,और मामले का निरीक्षण किया। हालांकि दो चोरों की हरकत सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस उक्त मामले की छान बीन करना शुरू कर दी है।

झारखंड चेंबर के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का हुआ स्वागत

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): कल देर शाम फेडरेशन ऑफ़ झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रांची के अध्यक्ष किशोर मंत्री एवं उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा का हजारीबाग आगमन हुआ। फेडरेशन चैंबर हजारीबाग के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यालय में एक बैठक हुई जिसमें जीएसटी कानून एवं विभाग से हो रही परेशानी,अवांछित प्रोफेशनल टैक्स राज्य की विधि व्यवस्था में गिरावट,बढ़ रहे अपराध एवं बालू की किल्लत के संदर्भ में गहन विचार विमर्श हुआ।अध्यक्ष द्वारा इन विषयों को राज्य के मंत्रियों एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारी के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया।इसके अतिरिक्त हजारीबाग शहर में चरमराई हुई ट्रैफिक व्यवस्था,बढ़ता हुआ आपराधिक ग्राफ, शहर में सफाई की अव्यवस्था समेत अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई।बैठक में फेडरेशन चैंबर हजारीबाग के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल,सचिव राकेश ठाकुर,,उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल,नीरज अग्रवाल, सहसचिव तारिक अहमद, राजा नत्थू लाल शर्मा , सतीश बंसल समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

अरुण सेकेंडरी स्कूल झरपो में दसवीं कक्षा विद्यार्थियों को दी गई विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

टाटीझरिया : प्रखंड के झरपो पंचायत अंतर्गत अरुण मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल परिसर में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा 10 वी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उच्च कक्षा श्रेणी में शिक्षा ग्रहण करने के लिए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंदन कुमार,सहायक शिक्षक शिक्षकाओ में अनुज कुमार मिश्रा, दयाल कुमार,रागनी,प्रदीप,नंदकिशोर प्रसाद उर्फ नंदू सर प्रीति ,डोली ने उज्ज्वल भविष्य की कामना कर नम आंखों से विद्यार्थीयो को विदा किया । वही स्कूल प्रधानाध्यापक कुंदन कुमार ने विद्यार्थियों से प्रेरणा देते हुए कहा की दृढ़ संकल्प हो तो मंजिल दूर नहीं आप सभी विद्यार्थी आने वाले कल के लिए नेता ,मंत्री, प्रखंड ,जिला,प्रदेश,केंद्र के इंजीनियर ,चिकित्सक,सिपाही, समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी होंगे आपकी कामयाबी ही हमारा परम कर्तव्य और उद्देश्य है।

हज़ारीबाग में खुला बेनेली, कीवे का एक्सक्लुज़िव शोरूम

प्रभात मंत्र संवाददाता

हज़ारीबाग : बेनेली, कीवे इंडिया ने हज़ारीबाग में अपनी नई डीलरशिप की शुरुआत की है। एनएच-20, सिंदुर मेरावाल स्थित डीपीएम ऑटोमोबाइल्स आस-पास के क्षेत्रों के बेनेली, कीवे राइडरों को सेल्स, सर्विस और स्पेयर सपोर्ट प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।डीलर दामोदर प्रसाद ने बताया कि इस नए आउटलेट के साथ बेनेली, कीवे इंडिया ने देश भर में अपने टचपॉइन्ट्स के नेटवर्क को और भी सशक्त बना लिया है। इस डीलरशिप में बेनेली की सुपरबाईकों की रेंज तथा हाल ही में लॉन्च की गई हंगेरियन मार्की कीवे को पेश किया जाएगा। शोरूम में मर्चेन्डाइज़ और एक्सेसरीज़ की आकर्षक रेंज भी

डिस्प्ले पर रखी जाएंगी। मौके पर विकास झबख, मैनेजिंग डायरेक्टर, बेनेली, कीवे इंडिया ने कहा कि देश भर में अपने उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने के लिए हम तेज़ी से अपने डीलरशिप नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। इस विस्तार से न सिर्फ वे बेनेली एवं कीवे जैसे जाने-माने ब्राण्ड्स की ओर से सर्वश्रेष्ठ सुपरबाइकों का अनुभव पा सकेंगे, बल्कि बेजोड़ कस्टमर सर्विस का लाभ भी उठा सकेंगे। मैसर्स डीपीएम ऑटोमोबाइल्स के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। हमें विश्वास है कि उनके साथ मिलकर हम उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ कस्टमर सर्विस उपलब्ध कराएंगे, जिसके लिए ब्राण्ड को जाना जाता है। उनका उपभोक्ता उन्मुख दृष्टिकोण कंपनी के मूल्यों के अनुरूप है।'' उद्घाटन के अवसर पर बात करते हुए दामोदर प्रसाद, डीलर प्रिंसिपल, बेनेली, कीवे, हज़ारीबाग ने कहा, ''बेनेली, कीवे इंडिया के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। हमें उम्मीद है कि अपने उपभोक्ता उन्मुख दृष्टिकोण के साथ हम उन्हें आसान सेल्स एवं सर्विस के साथ प्रीमियम अनुभव प्रदान कर सकेंगे।

सनातन जागरण ही धर्मान्तरण को रोकने का सफलतम मार्ग : स्वामी केशवानंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में ईसाई मिशनरियों द्वारा धर्मांतरण के खेल को रोकने के लिए इस्कॉन मंदिर के आचार्य केशवानंद प्रभु एवं विश्व हिंदू परिषद की टीम मलकोको पंचायत पहुंची। यहां सैकड़ो महिलाएं ईसाई मिशनरियों की चंगुल में फंसते जा रही थी। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए स्वामी केशवानंद ने बताया कि सनातन ही सर्वोपरि है और इसके गुण रहस्यों को समझने की जरूरत है, जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु निश्चित है, लेकिन सनातन वह धर्म है जो आदि और

अंत से परे है। लाख परिस्थितियाँ आई लेकिन सनातन के वजूद को मिटाने में असफल रही। यूं कहें तो समूचे प्रकृति में सनातन विद्यमान है और आज कुछ अन्य मत पंथ के लोग सनातन को विकृत करने के लिए विविध प्रकार के हथकंडे अपना रहे है, ऐसी स्थिति में समस्त सनातन समाज में सनातन जागरण की प्रबल आवश्यकता है।सनातन जागरण ही वह मार्ग है जिससे धर्मांतरण के अवैध खेल को रोका जा सकता है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का प्राथमिक लक्ष्य है अवैध धर्मांतरण को समूल नष्ट करना। जब तक हम सभी इस धर्मांतरण के खेल को पूरी तरह से लगाम नहीं लगा देते तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे।

भामाशाह में भैया बहनों के बीच स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बुधवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में कक्षा नवम एवम् दशम के भैया बहनों के बीच स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मौक़े पर विद्यालय के संरक्षक त्रिवेणी साव, अध्यक्ष अमित साहू, साहू समाज मुखिया सह पदेन सदस्य सुरेश साव, समिति सदस्य कुन्दन साव उपस्थित रहें। अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि प्रगति पथ की यह पहली सीढ़ी है और आप तैयार है। इन्होंने भैया बहन के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। संरक्षक त्रिवेणी साहू ने कहा कि विद्यालय में आप

ज्ञानार्थ आये थे अब सेवार्थ जा रहे हैं। जीवन के हर क्षेत्र में सफलता आपकी कदम चूमें यही मंगलकामना है। साहू समाज मुखिया सुरेश साव ने कहा कि विद्यालय से आपने जो संस्कार प्राप्त किए हैं वह संस्कार हमेशा याद रखकर जीवन में आगे बढ़ें। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि ज्ञान वह कुंजी हैं, जिससे सफलता की सभी तलायें खुलती है और वह कुंजी आज आप के पास है। सभी आचार्य दीदीजी ने अपनी शुभकामनाएँ प्रदान की।

झामुमो के महाजुटान रैली में सैंकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुए संजीव बेदिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : झारखंड मुक्ति मोर्चा का महा जुटान रैली में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में सैकड़ो लोग शामिल हुए। श्री बेदिया ने कहा भाजपा सरकार के इशारों पर ईडी हमारे आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बार-बार परेशान करने का काम कर रही है। इसको किसी भी हाल में झारखंड की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। बीजेपी सरकार का मनोकामना झारखंड में कभी पूरा नहीं होगा। आदिवासी मूल निवासी के हित के लिए हेमंत सरकार बहुत ही अच्छा काम कर रही है इसलिए भाजपा सरकार का होश उड़ गया है। सोनाराम मांझी एवं संजय सिंह ने संयुक्त से कहा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

को बीजेपी सरकार के इशारे पर बार-बार ईडी परेशान कर रही है ताकी विकास से काम रुक सके लेकिन जनता सब समझ चुकी है। इसका परिणाम आने वाला दिन में बहुत बुरा होगा। मौके पर मुख्य रूप से हेमंत भुईयां, संजय करमाली, रांजेंद भुईयां, मुकेश रावत, सरोज कुमार, नंदकिशोर भुइयां, इंदरदेव राम, महेन्द्र पासवान, हरिलाल मांझी, मोती भुइयां, गणेश राम, सुनील राम, राजेंद्र भुईयां, विनोद बेसरा, दीपन साव, बसंत ठाकुर, पवन तुरी , रामब्रिज राम, सुरज वर्मा, घनश्याम महतो, कृष्णा प्रजापति, प्रयाग महतो, सुरेश गिरी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

सेवानिवृत आचार्यों के सम्मान में हुआ स्नेह मिलन कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हार टोली के आचार्य प्रेम कुमार पांडे, प्रभात कुमार सिन्हा एवं पंकज कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को हुआ।संस्कृत विषय के आचार्य प्रेम कुमार पांडे,सामाजिक विज्ञान के आचार्य प्रभात कुमार सिन्हा एवं पंकज कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआद्य गौरतलब है कि तीनों आचार्य विद्यालय में भैया- बहनों को विषय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे थेद्य स्नेह मिलन कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव संजय उपाध्याय, विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन ने माला पहनाकर एवं सम्मान पत्र, साल, वस्त्र एवं अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित कियाद्य मौके पर सम्मान समारोह में सेवानिवृत हो रहे आचार्य प्रेम कुमार पांडे,प्रभात कुमार सिन्हा एवं पंकज कुमार मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा - इस विद्यालय में पूरी लगन एवं निष्ठ के साथ भैया-बहनों को पढ़ाया द्यआप सभी आचार्य बंधु- भगिनी का सानिध्य मिलाद्य इसके हम आभारी है द्य परंतु आप सभी से बिछोह पीड़ादायक हैद्य कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव संजय उपाध्याय ने कहा दोनों आचार्य जी ने अपने ज्ञान को भैया- बहनों में पूर्ण रूप से भरने का कार्य अपनी सेवा के दौरान किया हैद्य आप तीनों आचार्य हमारे लिए सदैव प्रेरणा के स्रोत रहेंगे द्य वही विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने तीनों आचार्य को व्यक्तित्व का धनी एवं विषय ज्ञाता बताया द्य उन्होंने कहा शिक्षक और आचार्य कभी रिटायर नहीं होतेद्य आप तीनों आचार्य ने भैया- बहनों को संस्कृत एवं सामाजिक विज्ञान विषय की शिक्षा पूरे वात्सल्य भाव के साथ दिया, विद्यालय इसका सदैव आभारी रहेगा ।

चलो गांव की ओर कार्यक्रम को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता व महामंत्री दिनेश करमाली के संचालन में हरली विवाह मंडप में बैठक की गई। बैठक में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मंडल के सभी 11 पंचायतों में चलो गांव की ओर अभियान के तहत दीवाल में स्लोगन लेखन का कार्य 1 फरवरी से 5 फरवरी तक करने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें पंचायत प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक एवं बुथ कमेटी सदस्यों समेत पंचायत के कार्यकर्ता शामिल होंगे। साथ ही साथ पार्टी के द्वारा कई अन्य कार्यक्रमों को लेकर विशेष जानकारी दी गई जिसे कार्यकर्ताओं ने तन, मन, धन एवं समर्पित भाव

से करने का संकल्प लिया। बुथ सशक्तिकरण को लेकर प्रत्येक पंचायत में जल्द से जल्द बैठक करने का निर्णय लिया गया। मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, महामंत्री दिनेश करमाली, सुमन गिरी, उपाध्यक्ष किशोर राणा, देवंती देवी, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भुपाल स्वर्णकार, एस सी मोर्चा अध्यक्ष अकल मुंडा, मंत्री कृष्णा गुप्ता, रफीक अंसारी, सचिदानंद पांडेय, भगीरथ ठाकुर, दिनेश्वर कुमार, कार्तिक उरांव, तुलसी महतो, जगरनाथ महतो, गणेश कुमार, छत्रपाल कुमार, कार्तिक महतो, फुलचंद बेदिया, जागेश्वर कुमार, श्याम प्रसाद गुप्ता, चिंतामणि महतो, सुरेश महतो समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दूसरे दलों को छोड़कर दर्जनों युवकों ने थामा आजसू पार्टी का दामन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड के सांढ पंचायत भवन में आजसू पार्टी का मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा व संचालन वीरेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के युवा प्रखंड उपाध्यक्ष पप्पू प्रसाद मेहता अपने दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस को छोड़कर आजसू पार्टी में शामिल हुए। मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी ने कहा कि पढ़े-लिखे युवाओं के आगे आने या राजनीति में सक्रिय होने से ही सामाजिक लड़ाई को गति दिया जा सकता है। आज के राजनीतिक में युवाओं की भागीदारी अहम हो गई

है आगे उन्होंने कहा कि बड़कागांव में इस बार परिवर्तन की लहर चल पड़ी है और 2024 में आजसू पार्टी बड़कागांव विधानसभा जीत कर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का कायाकल्प करने के लिए तैयार है। आगे उन्होंने कहा कि आज जो पार्टी हमेशा विकास की राजनीति करती है इसी का दिन है कि आज बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में लगातार कांग्रेस पार्टी को छोड़कर लोग आजसू पार्टी से जुड़ रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि जल्द ही बड़कागांव में पंचायत स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस छोड़ आजसू पार्टी में शामिल होने वाले पप्पू प्रसाद मेहता ने कहा कि आजसू पार्टी के नीति सिद्धांत और केंद्रीय अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व के कारण आज हम आजसू पार्टी में शामिल हो रहे हैं। वर्तमान में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की विकास की पहिया रुका हुआ है जिसको आजसू पार्टी और रोशन लाल चौधरी ही आगे ले जा सकते हैं। आगे उन्होंने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार ने युवाओं को ठगा है। युवाओं का भविष्य अंधकार में डाल दिया है। इस सरकार में युवाओं का वर्तमान और भविष्य दोनों बर्बाद हो रहा है। इसीलिए हम लोगों ने कांग्रेस पार्टी छोड़ कर के आजसू पार्टी का दामन थामा है। पार्टी में शामिल होने वालों में अभय कुमार, अशोक कुमार महतो, दीपक कुमार, कृष्ण प्रजापति, रोहित ठाकुर, बबलू प्रसाद साव, महेंद्र कुमार, अरुण कुमार महतो, कारू राणा, केला महतो, संजय कुमार, संदीप कुमार, कैलाश महतो, देवनाथ महतो, गणेश भारती, रंजीत कुमार, उपेंद्र कुमार दांगी, वीरेंद्र कुमार, शंकर प्रसाद मेहता, ओमकार कुमार, मटुकधारी कुमार, दीनानाथ कुमार, वासुदेव महतो, योगेंद्र कुमार, कमलेश कुमार, अनिल कुमार, सहित दर्जनों सामिल हैं। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव नागेश्वर तूरी, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, राजा खान, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, उपेंद्र दांगी, वीरेंद्र प्रसाद, सुरेश दांगी, तुलेश्वर राम, महेंद्र विश्वकर्मा, अजीत कुमार, तपेश्वर तापस, संजय कुमार, कामेश्वर महतो, मोहम्मद आवेश, लीलारधन साहू सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड/रामगढ़
रांची, गुरुवार, 01 फरवरी 2024 | पेज 9

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से ग्रामीण बन रहे आत्मनिर्भर : मुखिया किसुन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का उद्देश्य झारखंड के किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध करना है। बुधवार को रामगढ़ प्रखंड के कुंदरूकला पंचायत भवन में झारखंड पशु विकास फर्म के सौजन्य से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 34 लाभुकों के बीच बकरा/बकरी तथा 7 लाभुकों के बीच सूकर वितरण किया गया। वितरण बतौर मुख्य अतिथि

कुंदरूकला मुखिया किसुनराम मुंडा व विशिष्ट अतिथि प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी डॉ शशि सिन्हा ने संयुक्त रूप से किसानों के बीच 34 बकरा/बकरी एवं 7 शुकर वितरण किया गया। मौके पर मुखिया ने कहा कि क्षेत्र के हर किसान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार योजनाएं चला रही है उसे धरातल पर सफल बनाने के लिए सभी किसानों को कार्य करना होगा। जो योजनाएं दी जा रही है उसे सफल बनाकर आगे वृहद पैमाने पर योजनाओं को चलाकर लोगों को रोजगार से जोड़ने का काम करें। वही पशु पालन पदाधिकारी डॉ शशि सिन्हा ने कहा कि सरकार की यह योजना स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों को जोड़ा जा रहा है। जिससे लोग आत्मनिर्भर बनकर स्वरोजगार से जुड़ेंगे। सूकर पालन कर अधिक मुनाफा कमाया जा सकता हैं। मुख्यमंत्री पशु धन योजना के तहत बकरा-बकरी एवं सुकर पाकर लाभुक काफी उत्साहित दिखे। लाभुकों ने कहा कि सरकार द्वारा यह कल्याणकारी योजना हैं, जो हमलोग के लिए काफी लाभदायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि आपूर्तिकर्ता द्वारा जो पशु उपलब्ध कराया गया हैं। सभी काफी बेहतर हैं।मौके पर झारखंड पशु विकास फर्म के प्रोपराइटर कुसुम रंजन, बारलोंग मुखिया रेखा देवी, उप मुखिया मोहराय महतो,तुलसी महतो, महेंद्र ओहदार, हेमलाल महतो, वीरेंद्र नायक, फेकन बेदिया, प्रिया कुमारी, राम कुमार, सुजीत कुमार, मोहंती देवी, निरंजन महतो, मुकेश कुमार महतो, चंदन कुमार, दिलीप महतो, सुनील महतो, ओमप्रकाश महतो, रंजीता कुमारी, मीणा कुमारी, सन्ध्या कुमारी, मिथलेश महतो, ममता कुमारी, कैलाश महतो, संदीप कुमार राजेश सिन्हा, ललकी देवी आदि थे।

डॉ. मोहम्मद रिजवान अली ने ग्रहण किया पदभार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : डॉ मोहम्मद रिजवान अली ने स्नातकोत्तर उर्दू विभाग के अध्यक्ष का पदभार विभागाध्यक्ष डॉक्टर शकील अहमद से ग्रहण किया। इस अवसर पर जे एन कालेज के प्राचार्य डॉक्टर अबरार अहमद, डॉक्टर राजेश कुमार, डॉक्टर हैदर अली, नसीम अहमद, मोहम्मद राशिद , शाहिद हुसैन, माहताब आलमआदि उपस्थित थे। वर्तमान विभागाध्यक्ष डॉक्टर शकील अहमद ने अश्रुपूर्ण संवेदना के साथ डॉ अली को उज्जवल भविष्य की मंगलकामना

मारवाड़ी महिला समिति ने किया लक्ष्मी सांवरिया का सम्मान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : मारवाड़ी महिला समिति की सदस्या लक्ष्मी सांवरिया को भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्टैंड अप इंडिया के अंतर्गत श्री बालाजी बुटीक को महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्ट योगदान के लिए चयन किया गया है उन्हें भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा दिल्ली आमंत्रित किया गया तथा वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के समक्ष उन्हें इस कार्य के लिए प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो दिया गया। साथ ही , गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में शामिल होने का सुअवसर प्रदान किया। लक्ष्मी सांवरिया की इस उपलब्धि के लिए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने अपने तथा अपनी

समिति की तरफ से शुभकामनाएं प्रदान की तथा उनके आवास पर जाकर उन्हें समिति का अंगवस्त्र पहनकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया । श्रीमती जैन ने बताया लक्ष्मी सांवरिया जी की इस अभूतपूर्व उपलब्धि कर हमारी शाखा गौरवान्वित है। उपरोक्त कार्यक्रम में समिति की अध्यक्षा के अलावा अरुणा जैन, प्रिया अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, रिद्धि जैन, रंजना मित्तल आदि शामिल थी।

किरीगढ़ा मापी करने आए अधिकारियों का ग्रामीणों ने किया विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातु : प्रखंड अंतर्गत ग्राम किरिगढ़ा में जमीन मापी करने आए अधिकारियों का ग्रामीणों ने पुर जोर विरोध किया ग्रामीणों को शिकायत थी कि रेलवे लाइन बिछाने के लिए मापी की जा रही है और रेलवे लाइन बिछाई जाएगी तो हम लोग का गांव रहने लायक नहीं रह जाएगा। तथा हम सभी ग्राम वासी पूर्व में भी इस नई रेलवे लाइन बिछाने की योजना का पुरजोर विरोध किए थे और आगे भी करते रहेंगे किसी भी स्थिति में गांव के बीचो-बीच नई रेलवे लाइन बिछाने नहीं देंगे। मौके पर मुखिया पानो देवी, अजय कुमार सिंह, ब्रजेश सिंह, राहुल कुमार, कामेश्वर साहू, स्वेता भारती, इंद्रजीत कुमार,

केशर सिंह, शत्रुघन कुमार, भूपेंद्र कुमार, अरविंद कुमार सिंह, यदुनंदन सिंह, देवेंद्र कुमार, ईश्वर आशीष मुंडा, रोशनी देवी, संजू देवी, मंजू देवी, बिंदु देवी, रीता देवी, कांति देवी, डूबनी देवी, यशोदा देवी, सुनीता देवी, सुबरन सिंह, उमेश सिंह, सिद्धार्थ रजवार, प्रदीप सिंह, लोकेश्वर कुमार, विक्की कुमार, अखिलेश कुमार, राजेश साव, राहुल रजवार, जीतेश रजवार, केसवर सिंह, ओमकार सिंह, विकी कुमार, शिवनारायण सिंह, अमरेश कुमार, बसंत सिंह सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

23 साल बाद झारखंड का बेटा योगेंद्र महतो बना आयोग के अध्यक्ष

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) : दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र महतो को बनने पर उनके आवास मुरुबंदा पहुंचकर बुके देकर बधाई देते हुए कहा कि 23 साल बाद झारखंड के बेटा बना आयोग के अध्यक्ष इसका फायदा लोगों को मिलेगा। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। आयोग की अपनी शक्तियों और दायित्वों का प्रयोग करते हुए पिछड़ा वर्ग के उत्थान और अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आयोग से पिछड़ा वर्ग के लोगों को जो उम्मीदें हैं, उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। लंबित सभी मामलों और राज्य के संबंधित ज्वलंत मुद्दों का निष्पादन करना प्राथमिकता होगी और आयोग को सक्रिय किया जाएगा।

सरस्वती विद्या मंदिर में विदाई समारोह आयोजित

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सीसीएल क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर सिरका के प्रांगण में बुधवार को दो आचार्य संजय कुमार, विभेश चंद्र पांडे के सेवानिवृत व पूर्व प्राचार्य कुमार विमलेश का तबादला दुमका होने पर विदाई समारोह आयोजित की गई। अवसर पर मुख्य अतिथियों के द्वारा मोमेंटो व शाल ओढ़कर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वस्थ और कुशल जीवन की शुभकामनाएं दी गई। कायक्रम का संचालन लक्ष्मीकांत यादव ने किया। अवसर पर आचार्य नवलेश प्रसाद सिंह, विनोद प्रसाद, विनोद कुमार श्रीवास्तव, रामानंद तिवारी, कुंजलाल प्रजापति ने अपने शब्दों को रखा। कक्षा द्वादश के भैया सिद्धार्थ कुमार ने भी भावना व्यक्त की। बहनों के द्वारा विदाई गीत की प्रस्तुति की गई। मौके पर एसवीएम सिरका के सचिव सतीश कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष एसएन तिवारी, प्राचार्य शंभू कुमार सिंह, अभिभावक वृंद एवं आचार्यगण उपस्थित थे।

प्राथमिक विद्यालय कुम्हार टोली जयनगर के बच्चों के बीच बैग व बोतल का हुआ वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : प्रखंड अंतर्गत जयनगर पतरातू में सामुदायिक विकास कार्य के तहत पीवीयुएनएल द्वारा प्राथमिक विद्यालय जयनगर कुम्हार टोली के बच्चों के बीच बैग एवं बोतल का वितरण किया गया। मौके पर पंचायत मुखिया हीरा देवी पीवीयुएनएल अधिकारी संतोष कुमार एवं निशात सेनी, चेतक कुमार, राजबलम, समाज सेवी बिजेन्द्र मुंडा और विद्यालय के शिक्षक सहित दर्जनों बच्चे उपस्थित रहे ।

रामगढ़ महाविद्यालय में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद और अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डॉ के सी दुबे के सेवा पूर्ण होने के अंतिम दिन अनके सम्मान में एक समारोह आयोजित किया गया। समारोह में टॉपर के तौर पर एक वर्षीय शिक्षण कार्य पूर्ण करने वालीं अर्चना कुमारी और नेहा कुमारी को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर इंचार्ज डॉ रत्ना पांडेय ने किया और संचालन ब्यूटी कुमारी ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ आर के उपाध्याय ने किया। दोनों विद्वानों की विशेषता और व्यक्तित्व बयान करने के

लिए वक्ता थक रहे थे चूंकि इनकी असंख्य विशेषताएं हैं। अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों और शिक्षकों के द्वारा सामुहिक और व्यक्तिगत रूप में उपहार देने के अतिरिक्त डॉ सरिता सिंह सहित कई शिक्षकों ने व्यक्तिगत तौर पर उपहार भेंट किए। इसी तरह महाविद्यालय के बी सी ए डिपार्टमेंट और लाइब्रेरी एंड इनफॉर्मेशन डिपार्टमेंट में भी प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता दोनों विभाग के समन्वयक डॉ बक्शी ओम प्रकाश ने किया और संचालन प्रो गोपाल कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो प्रेमचंद महतो ने किया। इस अवसर पर डॉ सरिता सिंह, डॉ रणविजय प्रसाद देव, डॉ बक्शी ओम प्रकाश, डॉ सतीश सिंह, डॉ सतीश कुमार, डॉ आर के उपाध्याय, डॉ सी टी एन सिंह, डॉ असीम खालको, डॉ शालिनी प्रकाश, डॉ नीतू मिंज, डॉ शाहनवाज खान, प्रो. बीरबल महतो, प्रो मोहित जैन, प्रो साजिद हुसैन, अर्चना कुमारी, नेहा कुमारी बासुदेव प्रसाद, उज्वल रॉय, आई एन झा, सरजू महतो, गौरव, सुरेश महतो, राकेश रौशन, मो उस्मान, शैलेश कुमार, विजय कुमार आदि उपस्थित थे।

भाजपा व इडी के खिलाफ उरीमारी से सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता रांची हुए रवाना

उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : उरीमारी के जरजरा चौक स्थित बुधवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा की मोदी सरकार व गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जानबूझकर परिवर्तन निर्देशालय का ग़लत इस्तेमाल कर परेशानी

किया जा रहा है। इसी आलोक में आज उरीमारी से झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता रांची मोराबादी मैदान में हुंकार रैली में शामिल हुए। वहीं झामुमो कार्यकर्ताओ का नेतृत्व झामुमो केन्द्रीय सचिव सह हजारीबाग जिला संयोजक संजीव बेदिया कर रहे थे।वहीं संजीव बेदिया ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की मोदी सरकार व गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा हमारे माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी भेजकर परेशान कर रही है।मैं उन विरोधियों को बता दूं कि हमारे? मुख्यमंत्री के सर पर झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता का हाथ है। ये इडी विडी से हमारे मुख्यमंत्री डरने वाले नहीं हैं। संजीव बेदिया ने यह भी कहा कि आज उरीमारी से सैकड़ों की संख्या में झामुमो का सिपाही हमारे साथ रांची रवाना हो रहे हैं। रांची रवाना होने वालों में संजय करमाली, विनोद हेम्ब्रोम, सूरज बेसरा,संकर साव, प्रकाश सिंह, सतेन्द्र यादव, विनोद बेदिया, राजेंद्र बेदिया, नित्यानंद बेदियां, पूरन मांझी, जगदीश प्रजापति, बड़कागांव झामुमो प्रभारी संजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, संजय राम, विनोद यादव इत्यादि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रामगढ़ में होगा भव्य स्वागत

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव सह प्रवक्ता शांतनु मिश्रा ने राहुल गांधी के रामगढ़ में होने वाले कार्यक्रम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया । देश में बढ़ रही नफरत की राजनीति और अराजकता के खिलाफ और आम जनता को न्याय दिलाने के लिए हमारे नेता राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई तक कि भारत जोड़ो नया यात्रा पर निकले हैं । यह यात्रा झारखंड में 800 किलोमीटर से अधिक होगी राहुल गांधी 8 दिनों तक झारखंड में यात्रा करेंगेद्ययात्रा 4 फरवरी को संभावित रामगढ़ जिले में प्रवेश करेगीद्य 5 जनवरी की सुबह रामगढ़ शहर से गुजरने की संभावना हैद्य इस प्रेस वार्ता के माध्यम से रामगढ़ की जनता से अपील करते हैंद्य राहुल गांधी की न्याय यात्रा जो महिलाओं के शोषण के खिलाफ युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए दबे कुचले और वंचित समाज के लोगों को न्याय दिलाने के लिए हो रही हैद्य इस यात्रा में आप सादर आमंत्रित हैंद्यआप रामगढ़ शहर में यात्रा में अपनी उपस्थिति से देश में हो रही अत्याचार और तानाशाही सरकार के खिलाफ राहुल गांधी के मुहिम को समर्थन दे । रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी इस यात्रा को लेकर व्यापक तैयारी कर रही हैद्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी से भी संयोजक समिति बनाई गई हैद्य जो इस कार्यक्रम को सफल करेगी रामगढ़ जिले का एक-एक कार्यकर्ता उत्साहित हैद्य पंचायत से लेकर जिला स्तर के कार्यकर्ता और नेता अपने-अपने क्षेत्र में इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार कर रहे हैंद्य पूरा शहर पूरा जिला बैनर पोस्टर और झंडे से पढ़ चुका हैद्य कांग्रेस पूरे जिले में राहुल गांधी की यात्रा को स्वागत करने के लिए उत्साहित है उत्साह से लबरेज हैद्य कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता कर और पांच तारीख को सड़कों पर होगा और अपने नेता के स्वागत में खड़ा रहेगा ।यह यात्रा की संभावित रूट गोला से होते हुए चितरपुर,रामगढ़ नगर और फिर रांची की ओर बढ़ेगी। प्रेस वार्ता में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत सिंह बेदी रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संजय साव उपस्थित थे।

दो बार लोकल सेल सिरका मुद्दे पर वार्ता हुई विफल, अब हो रहा टाल मटोल, तीन दिनो में होगा बृहद आंदोलन : समसूद

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : अरगड्डा के कांग्रेस कार्यालय के समक्ष बुधवार को लोकल सेल सिरका को ले प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। इसमें कांग्रेस जिला महासचिव समसूद खान ने बताया कि बीते 17 जनवरी 24 को पांच सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन बंदी के बाद प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि त्रिपक्षीय वार्ता करा मांगों को पूरा किया जाएगा। लेकिन दो-दो बार त्रिपक्षीय वार्ता विफल हो गई, अब प्रशासन, सेल समिति और सीसीएल प्रबंधन टाल मटोल कर रही हैं, जिसके फल स्वरुप कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि तीन दिनों के बाद कभी भी सिरका

लोकल सेल में आंदोलन का बिगुल बजाकर चक्का जाम करेंगे। इस बीच किसी तरह की भी घटना घटने पर सीसीएल प्रबंधन और प्रशासन जिम्मेवार होगा। आरोप लगाया की सेल समिति द्वारा अभी भी लूट खसोट मचा हुआ हैं, आज भी मजदूरों को 6500 रुपये लोडिंग की जगह 2400 रुपया दिया जा रहा हैं। वहीं हाईवा लोडिंग से रेलीगढ़ा में 50 रुपया टन एवं गिद्दी सी में 75 रुपए टन दिया जाता हैं। सिरका में हाईवा का पैसा हड़प्पा जा रहा हैं। इन

बैंक ऑफ इंडिया मगनपुर शाखा के द्वारा ऋण शिविर का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गोला : प्रखंड क्षेत्र के मगनपुर पंचायत सचिवालय में बुधवार को बैंक ऑफ इंडिया मगनपुर शाखा के द्वारा ऋण शिविर का आयोजन किया गया। शाखा अदालत में पंहुचे एनपीए ऋण खाताधारकों को छूट देकर एक मुश्त राशी के साथ समझौता किया गया। इस शिविर में पंहुचकर कई खाताधारकों ने इसका लाभ उठाया। बैंक की ओर से इस तरह का आयोजन कर ऋण खाताधारकों को लोन चुकता करने का मौका देती है। इस शिविर के माध्यम से 4,78000 /रूपये की नगद वसूली की गई। मौके पर

एलडीएम संजीव कुमार, शाखा प्रबंधक मनोज कुमार, बैंक ऑफ इंडिया के ऋण अधिकारी संतोष कुमार, इन्द्रनाथ महतो के आलावा हितेश कुमार, पंचायत के मुखिया नुरुल्लाह अंसारी,बैंक मित्र अशफाक अहमद, सुरेश ठाकुर, मोहम्मद इजहारुल हक सरस्वती देवी, मकुंद महतो, ब्रह्मदेव महतो, महेंद्र महतो इत्यादि मौजूद थे।

रामगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य ने गेट टूगेदर का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद ने अपनी सफलतापूर्वक सेवा काल पूर्ण होने के उपलक्ष में कार्यकाल के अंतिम दिन अपने सहकर्मियों के सम्मान में सेमिनार हाल में गेट टूगेदर का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद ने किया और संचालन डॉ बक्शी ओम प्रकाश ने किया। प्रो इंचार्ज डॉ रत्ना पांडेय ने कहा कि डॉ रेखा प्रसाद मैडम व्यक्तित के धनी हैं इनकी विशेषता और व्यक्तित्व बयान करने के लिए शब्द नहीं मिल रहे हैं। चूंकि इनकी विशेषताएं और व्यक्तित्व की खूबियां असंख्य हैं। प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद ने कहा कि सेवा समाप्त होने की वजह से प्रतिदिन मिलना नहीं

होगा लेकिन दिल में महाविद्यालय परिवार के सदस्य के लिए जो स्थान है वह हमेशा रहेगा। डॉ रणविजय प्रसाद देव ने कहा कि सभी विभाग के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण घड़ी है क्योंकि प्राचार्या रेखा प्रसाद और अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डॉ के सी दुबे स्वस्थ रूप में सेवानिवृत हो रहीं हैं। इस अवसर पर डॉ सरिता सिंह, डॉ रणविजय प्रसाद देव, डॉ बक्शी ओम प्रकाश, डॉ सतीश सिंह, डॉ सतीश कुमार, डॉ आर के उपाध्याय, डॉ सी टी एन सिंह, डॉ प्रीति कमल, डॉ रोज उरांव, डॉ कामना रॉय, डॉ अनामिका, डॉ राहुल गुप्ता, डॉ रामाज्ञा सिंह, डॉ मालिनी डीन, डॉ असीम खालको, डॉ शालिनी प्रकाश, विजेता तिग्गा, डॉ नीतू मिंज, डॉ शाहनवाज खान, प्रो. बीरबल महतो, प्रो मोहित जैन, प्रो साजिद हुसैन, प्रो गोपाल कुमार, प्रो प्रेम चंद महतो, अर्चना कुमारी, नेहा कुमारी, जितेंद्र कुमार राणा, किसून महतो, बासुदेव प्रसाद, उज्वल रॉय, आई एन झा, अजीता किंडो, सरजू महतो, दामोदर महतो, वीरेंद्र उरांव, योगेंद्र राम, सुरेश महतो, इन्द्रमनी सिंह, भुनेश्वर राम, मनोज कुमार, चंदन कुमार, राकेश रौशन, शिवआनंद, आनंद शारदेय, गौरव प्रधान, मो उस्मान, शैलेश कुमार, विजय कुमार, कुंवर महतो, विनोद

सहारा इंटरप्राइजेज प्रतिष्ठान का हुआ उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गोला : थाना क्षेत्र के रा.उ.प.संख्या-23 के मठवाटाँड़ स्थित सहारा इंटरप्राइजेज नामक प्रतिष्ठान का विधिवत् उद्घाटन पंडित के द्वारा मंत्रोचारण व नारियल फोड़ कर किया गया।प्रतिष्ठान के संचालक अमित कुमार ने बताया की पूर्व की तरह इस प्रतिष्ठान से ग्राहकों को बेहतर सुविधा दी जायेगी। इस प्रतिष्ठान में ग्राहकों के लिए सभी प्रकार के सेनेटरी व हार्डवेयर से संबंधित सामग्री उपल्ध है। मौके पर विशाल कुमार, अरविंद महतो, अंकित कश्यप, दिलीप महतो, गुलाब अंसारी, खालिद अंसारी के साथ कई ने लोग मौजूद थे।

रांची-जन जागृति मंच, बूटी मोड़ रांची का विस्तार

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) : मंगलवार देर रात जन जागृति मंच की बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। जो इस प्रकार है। महावीर मुंडा कार्यकारी अध्यक्ष, महेंद्र महतो सहसचिव एवं उपाध्यक्ष कर्मदेव बैठा, अरविंद कुमार, अजीत महतो, महेश नायक को बनाया गया। उपरोक्त नामों की

घोषणा सर्वसम्मति से मंच के संयोजक रामेश्वर प्रसाद ने की। मौके पर जितेंद्र महतो, अध्यक्ष, अशरफ अंसारी सचिव, संजय साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बबलू महतो कोषाध्यक्ष, अर्जुन महतो, संजय महतो, राहुल महतो, राजकुमार महतो, शिवनारायण महतो प्रदेश अध्यक्ष (वन विभाग कर्मचारी संघ), निरंजन चौधरी, आशीष कुमार, राहुल कुमार, राम ओहदार, रजनीकांत ओहदार, शिक्षाविद मोहनलाल महतो निर्देशक गुरुकुल गुरुकुल स्कूल, खिजुरटोला, बुटी एवं अन्य सदस्य शामिल हुए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
धनबाद/गिरिडीह
रांची, गुरुवार, 01 फरवरी 2024 | पेज 10

पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो तस्करों को किया गिरफ्तार

अवैध हथियार, 43000 नगद और दो मोबाईल फोन जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : सुदामडीह में अवैध हथियार के दो विक्रेता चढ़े पुलिस के हत्थे, पुलिस ने भेजा जेल। वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन के आलोक में सभी थाना में वाहन चैकिंग अभियान चल रही थी। इसी क्रम में सुदामडीह पुलिस द्वारा मोहनबाजार भाटडीह मोर में स्प्लेंडर बाइक से दो संदिग्ध लोगो को भागते देखा गया। सुदामडीह थाना प्रभारी प्रदीप राणा, एएसआई अमलेश राम, आरक्षी महेंद्र सिंह,हवलदार अमरजीत दास के द्वारा दल बल के साथ उन दोनों का पीछा किए और सख्ती से पूछताछ किए उनकी वाहन को जांच किया तो प्रेम कुमार गोप जो पीछे बैठा था और अभिषेक कुमार पंडित बाइक चला रहा था के पास से अवैध देशी सिक्सर हथियार, 43000 नगद और आईफोन, दो मोबाईल फोन पाया। सिंदरी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने मीडिया को बताया की जोरापोखर थाना क्षेत्र के रहने वाले दो युवक पाथरडीह से मोहनबाजार होते हुए अपने निवास डिगवाडीह जोरापोखर जा रहे थे, इसी क्रम में सुदामडीह पुलिस ने अवेध देशी सिक्सर हथियार, 43000 नगद, आईफोन, दो मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया जोरापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह के रहने वाले दोनो युवक प्रेम कुमार गोप और अभिषेक कुमार पंडित ने कबूला है की वे अवैध हथियार बेचते हैं और इनके साथ इस कारोबार में अन्य कई लोग भी शामिल हैं। उन सभी लोगों की तलाश पुलिस कर रही है। अनुसंधान जारी है। इन दोनो का अपराधिक इतिहास पुलिस खंगाल रही है।

27 स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि का विस्तार मार्च-अप्रैल तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा चलायी जा रही 27 स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी संख्या 03215 पटना-थावे स्पेशल पटना से 01.02.2024 से 30.04.2024 तक प्रतिदिन (कुल 90 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

2. गाड़ी संख्या 03216 थावे-पटना स्पेशल थावे से 01.02.2024 से 30.04.2024 तक प्रतिदिन (कुल 90 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

3. गाड़ी संख्या 03230 पटना-पुरी स्पेशल पटना से 01.02.2024 से 25.04.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को (कुल 13 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

4. गाड़ी संख्या 03229 पुरी-पटना स्पेशल पुरी से 02.02.2024 से 26.04.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को (कुल 13 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

5. गाड़ी संख्या 02024 पटना-हावड़ा स्पेशल पटना से 04.02.2024 से 28.04.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को (कुल 13 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

6. गाड़ी संख्या 02023 हावड़ा-पटना स्पेशल हावड़ा से 04.02.2024 से 28.04.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को (कुल 13 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

7. गाड़ी संख्या 03225 दानापुर-सिकंदराबाद स्पेशल दानापुर से 01.02.2024 से 25.04.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को (कुल 13 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

8. गाड़ी संख्या 03226 सिकंदराबाद-दानापुर स्पेशल सिकंदराबाद से 04.02.2024 से 28.04.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को (कुल 13 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

9. गाड़ी संख्या 03245 दानापुर-एसएमभीबी, बेंगलूरू स्पेशल दानापुर से 07.02.24 से 24.04.24 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को (कुल 12 फेरे और) परिचालित की जायेगी ।

6 फरवरी से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ का होगा आयोजन

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : शिवशक्ति मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ का भव्य आयोजन 6 से 12 फरवरी 2024 से शिव शक्ति मंदिर श्री राम कुंज नवाडीह नियर असर्फी हॉस्पिटल धनबाद में किया जा रहा है। आयोजन के तहत तुलसी भागवत कलश नगर शोभायात्रा - 5 फरवरी प्रातः 9:00 बजे से शुरू होगा। महायज्ञ का शुभारम्भ सुरेन्द्र हरिदास जी महाराज के द्वारा किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी शिवशक्ति मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोपाल सिंह ने बैठक कर दी। बैठक में ट्रस्ट के सचिव कपिलदेव सिंह, कोषाध्यक्ष पी.एन दुबे, दीपक महतो, दीपक शर्मा, ओमकार सिंह, आलोक कुमार सिंह, सरयुग प्रसाद, मनीष पांडेय, बीरेंद्र मिस्त्री, दीपक चौहान, विजय कुमार सिंह, अशोक सिंह एवं सरोज कुमार सिंह उपस्तिथ थे।

धर्म ध्वजा स्थापना सह भूमि पूजन महायज्ञ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गिरिडीह प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मघैया टोला (हरिलवाटांड) पंचायत पिण्डाटांड के समस्त सनातनी हिन्दू धर्म प्रेमियों ने बुधवार को आयोजित धर्म ध्वज स्थापना सह भूमि पूजन महायज्ञ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह जिला परिषद् अध्यक्ष मुनिया देवी एवं समाजसेवी व युवा दिलों के धड़कन मनीष वर्मा तथा पिण्डाटांड पंचायत व गिरिडीह प्रखंड से सपरिवार हजारों के संख्या में शामिल हो कर भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने में यज्ञ समिति का भरपूर सहयोग किया साथ ही पंचम्बा थाना प्रभारी दल बल के साथ उपस्थित थे, चारों तरफ भक्तिमय माहौल के साथ भगवा ही भगवा रंग के ध्वज से सभी का मन मुग्ध कर दिया और जय श्री राम एवं जय बजरंगबली, हर हर महादेव की नारा से वातावरण राममय हो गया, समाजसेवी एवं निवर्तमान जिला परिषद् सदस्य जनप्रतिनिधि सह-यज्ञ समिति के सचिव महेंद्र वर्मा एवं यज्ञ समिति अध्यक्ष डॉ जगदीश कुशवाहा ने एक स्वर में बताया कि ग्राम मघैया टोला में विगत 20 वर्ष पहले यहां बड़े ही धूमधाम से यज्ञ किया गया था उसके बाद आज इस तरह का महायज्ञ धार्मिक कार्यक्रम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जो यहां के सनातनी धर्मप्रेमियों को लम्बे वर्षों अंतराल पर मिला है जिसकी आज 31 जनवरी को पंडित गजेन्द्र शास्त्री महाराज के द्वारा धर्म ध्वज सह भूमि पूजन कर के झंडा गाड़ कर समिति सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि आज से इस गांव के सभी व्यक्ति मांस मछली, अंडा, लहसुन- प्याज, दारू, बीड़ी सिगरेट व तम्बाकू आदि का सेवन जब तक यज्ञ नहीं हो जाता तब तक कोई भी व्यक्ति मांसाहार का उपयोग नहीं करेगा और न ही चोरी छिपी खायेगा अगर कोई इस तरह से करते हुए पकड़े गए तो ज्ञय समिति समाजिक तौर तरीके से उन्हें कानूनन रूप से दंडित करेगा इसपर सभी धर्म प्रेमियों ने एक स्वर में हां में सहमति व्यक्त किया और प्रण लिया की मांसाहारी भोजन एवं दारू का उपयोग नहीं करूंगा सिर्फ सुध साकाहारी भोजन ग्रहण करूंगा, यज्ञ 1 मार्च से 9 मार्च तक चलेगा जिसकी तैयारी जोर-शोर से चल रहा है इसमें आप सभी का भरपूर सहयोग का जरूर है, मौके पर समस्त ग्रामीणों के अलावा अगल बगल गांव तथा दूर दराज से आए धर्म प्रेमी ने हिस्सा लिया वहीं वर्ड सदस्य छठु महतो, मुखिया प्रतिनिधि सह सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ वर्मा, ओम् प्रकाश वर्मा, नरेश वर्मा, दुलारचंद वर्मा, भागीरथ वर्मा, पत्रकार- जितेन्द्र कु. वर्मा, रामदेव वर्मा, सुरेन्द्र प्रसाद वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, राजेश वर्मा, संजीत कुमार वर्मा, गणेश वर्मा, राधेश्याम, राजु, संजय, लालू, दीपा, रेखा, रिना, मिना, संजू, मंजु देवी इत्यादि लोग हजारों हजार के संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित थे।

दशम के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह संपन्न

बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय-गेनरो पंचायत के गेनरो में वर्ग दशम के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत गेनरो के मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र सोरेन, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य,स्कूल अध्यक्ष आदि ने कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य द्वार पर फीता काटकर किया। इससे पहले विद्यालय के शारिरिक शिक्षक अजय पटेल द्वारा विद्यार्थियों को पंक्तिबद्ध कर मार्च परेड के साथ मुख्य अतिथियों को मुख्य द्वार तक लाया गया। संचालन का दायित्व, विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक घनश्याम सिंह जी निर्वहन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत कराई।

चिमनी शाह बाबा के मजार पर चादरपोशी कर मांगी गई दुआ

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) : आम आदमी पार्टी धनबाद जिला के चरणबद्ध आंदोलन में झरिया विधानसभा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मोहम्मद इम्तियाज पिंटू के नेतृत्व मे होरलाडीह चिमनी शाह बाबा के मजार पर चादर चढ़ाया गया तथा दुआ मांगा गया कि अब भारत में रह रहे लोगों को इस तानाशाह सरकार के सरकारी किसी भी तंत्र पर भरोसा नहीं रहा जिसके कारण आज चिमनी शाह बाबा से दुआ मांगते हैं कि केंद्र सरकार द्वारा आम आदमी पार्टी के केंद्रीय नेताओं को झूठे मुकदमे में जेल से ईश्वरीय शक्तियों से जल्द रिहा करए।

STATE WATER & SANITATION MISSION, JHARKHAND
Drinking Water And Sanitation Department
Government Of Jharkhand
Programme Management Unit
Water Tower Campus, Besides Doranda Thana, Ranchi
Ph. 18003456502, Website-dwsd.jharkhand.gov.in

Notice of Cancellation of Adv. for Post of Director, ViSWA

Due to unavoidable reasons Advertisment Published through PR No-314817 for the post of Director ViSWA, is hereby cancelled.

PR 317515 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

Chief Engineer-cum-Executive Director

झारखण्ड सरकार
कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा।
गृह (कारा) विभाग।

ई0 –निविदा सूचना

1	कारा का नाम	मंडल कारा, कोडरमा।
2	विषय	कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार ,खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण (प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.01.2024 से 31.03.2024 तक)
3	निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी।	रूपये 5,000.00 (पॉच हजार) मात्र।
4	वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय।	दिनांक– 12.02.2024 से 20.02.2024 के अपराहन 05:00 बजे तक।
5	निविदा Online Upload करने की तिथि	दिनांक– 12.02.2024 से 20.02.2024 के अपराहन 05:00 बजे तक।
6	आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि।	दिनांक– 22.02.2024 के अपराहन 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
7	अग्रधन राशि (EMD) रूपये 2500/–से अधिक होने पर जमा करने की तिथि।	दिनांक– 22.02.2024 के अपराहन 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
8	निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान	दिनांक–23.02.2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी कोडरमा के कार्यालय कक्ष में।

नोटः–
1.उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, कोडरमा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
अधीक्षक,
मंडल कारा, कोडरमा।

PR 317459 (Home, Prison And Disaster Management) 23-24 (D)

GOVERNMENT OF JHARKHAND
SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND
(DEPARTMENT OF TOURISM, ART-CULTURE, SPORTS & YOUTH AFFAIR'S)
Gate No. 29-30, Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi
e-mail- sajha9@gmail.com

VERY SHORT TENDER NOTICE

Notice No. 20, Dated : 29/01/2024

The undersigned, invite the sealed Tenders in two parts, Part-I (Technical part) and Part-II (price part) subscribed on sealed envelope from the reputed tenderers having good experience and financial soundness of following similar type of civil works and having sound financial status

NIT No.	Name of the works	Estimated cost in Rs./-	Earnest money to be deposited in Rs./-	Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./-	Time of completion of work.
12/PR/SAJHA/2023-24	Renovation work of Block D at Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi.	49,31,200/-	98,700/-	5,000/-	15 Days
13/PR/SAJHA/2023-24	Repair work of South Block, 1st Floor at Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi.	49,47,000/-	1,00,000/-	5,000/-	15 Days
14/PR/SAJHA/2023-24	Restructure work of East Block, Ground Floor at Birsa Munda Football Stadium, Morhabadi, Ranchi.	49,18,400/-	98,500/-	5,000/-	15 Days
Last date and time for submission of tender			Up to 15/02/2024 up to 11.00 AM		
Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial)			At 01:00 PM on 15/02/2024		
Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part)			At 03:00 PM on 15/02/2024		
Tendering Officer and address for communication			Executive Director office, SAJHA, Morabadi, Ranchi		

1. Tender documents can be purchase from the office of Civil wing SAJHA from 12/02/2024 to 13/02/2024, 10:00 am to 5:00 pm after depositing cost of BoQ (Non-refundable) on office working hour, in the name of **SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND, Morhabadi, Ranchi** in shape of Bank Draft.
2. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/to extend the date of sale/submission and opening of tender/distribute the works among the tenderers or reject any or all the tenders without assigning any reason thereof.

Sd./-
Executive Director,
Sports Authority of Jharkhand

PR 317432 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24).D

कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी,चतरा

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2023–24 के लाभुकों द्वारा लाभुक अंशदान राशि जमा करने हेतु अपील :–

सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 10 रा0 (वि0) दिनांक 14–06–2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अन्तर्गत पशुपालन प्रभाग के लिए चतरा जिला के योग्य लाभुकों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा कर लिया गया है। निर्देशानुसार योजना के कार्यान्वयन हेतु लाभुकों का Escrow / Dedicated Bank Account खोला जाना है इसके पश्चात् ही लाभुक के खाता में सरकारी अनुदान की राशि DBT की जायगी।

ईंडियन बैंक के चतरा शाखा में प्रति दिन योजना के लाभुकों का बैंक खाता खोला जा रहा है (अवकाश छोड़कर)। खाता खोलने की गति में तेजी लाने हेतु पंचायत स्तर पर भी बैंक प्रतिनिधि के द्वारा खाता खेला जा रहा है जिसकी सूचना स्थानीय पशुचिकित्सकों एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

सभी चयनित लाभकों से अपील है कि यथाशीघ्र अपना Escrow / Dedicated Bank Account खोलवा लें तथा अपना लाभुक अंशदान संबधित बैंक खाता में जमा कर जमा पर्ची / साक्ष्य, जिला पशुपालन कार्यालय चतरा में जमा करें ताकि योजना की सरकारी अनुदान की राशि आपके संबधित बैंक खाता में DBT की जा सके। चयनित लाभुकों की सूची सभी स्थानीय पशुचिकित्सकों के पास उपलब्ध है। **ससमय लाभकों द्वारा लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं की जाती है तो प्रतीक्षा सूची से लाभुकों को बदल दिया जायेगा।**

राज्यादेश के आलोक में योजनावार लाभुक अंशदान का विवरणी निम्नप्रकार है –

क्र0	योजना का नाम	योजना लागत	सरकारी अनुदान का प्रतिशत एवं राशि	लाभुक अंशदान की राशि
1	बकरा विकास योजना (4+1)	24800	75 % अधिकतम 18600	6200
			90 % अधिकतम 22320	2480
2	सूकर विकास योजना (4+1)	57800	75 % अधिकतम 43350	14450
			90 % अधिकतम 52020	5780
3	बैकयार्ड लेयर कुक्कुट योजना (400)	118200	75 % अधिकतम 88650	29550
			90 % अधिकतम 106380	11820
4	ब्रायलर कुक्कुट योजना (500)	67500	75 % अधिकतम 50625	16875
			90 % अधिकतम 60750	6750
5	बतख चूजा वितरण योजना (15)	1700	75 % अधिकतम 1275	425
			90 % अधिकतम 1530	170
6	जोड़ा बैल योजना	40000	90 % अधिकतम 36000	4000

नोट – उपरोक्त योजनाओं में सूचना एवं सहयोग और अधिक जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्डों के भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी अथवा जिला पशुपालन कार्यालय चतरा से सम्पर्क करें।

जिला पशुपालन पदाधिकारी
चतरा

PR 317443 Animal Husbandry(23-24).D

कार्यालय, जिला परिषद, रॉची
(अभियंत्रण शाखा)

अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना
संख्या –30/2023–2024

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद रॉची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद रॉची। जिला अभियंता, जिला परिषद, कार्यालय, रॉची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 08.02.2024 (अपराहन 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 09.02.2024 को अपराहन 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, रॉची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 09.02.2024 को अपराहन 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, रॉची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

क्र०सं०	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
01	मोराबादी स्थित इण्डोर बैडमिंटन स्टेडियम में पेवर ब्लॉक एवं बॉन्ड्री वॉल की मरम्मति हेतु।	40,59,883.00	81,500.00	5000.00	छः माह

नोटः 1. निविदा की अन्य शर्ते जिला परिषद, कार्यालय, रॉची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में **जिला परिषद, रॉची** अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद, रॉची।

PR 317462 (Panchayati Raj) 23-24 (D)

Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board
(Government of Jharkhand Undertaking)
4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi 834001
Phone- 9262219999, Email Id: contact.cmlaghukutir@gmail.com

Ref. No.: MMLKUVB/71 **NOTICE INVITING SHORT TENDER** **Date: 30.01.2024**

Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board, Ranchi invites tenders from the reputed vehicle rental service providers (firms/ agencies/ individuals) for providing one chauffer driven Toyota Innova Crysta/ Maruti Ciaz/ similar or upgraded version vehicle for a period of two years, which may be extended for further one year depending upon the service performance of the service provider. Brand new vehicle will be preferred however vehicle not older than one year may be consider based on the condition of vehicle.

1	Tender Fees	A non-refundable tender fees of ₹ 1 ,180.00 (Rupees One Thousand One Hundred Eighty) only including GST @18% in the form of DD in favour of MUKHYAMANTRI LAGHU EVAM KUTIR UDYAM VIKAS BOARD, Ranchi, payable at any Bank in Ranchi, Jharkhand, India.
2	EMD (Earnest Money Deposit)	₹ 20,000.00 (Rupees Twenty Thousand only) in the form of DD or the Bank Guarantee) in favour of MUKHYAMANTRI LAGHU EVAM KUTIR UDYAM VIKAS BOARD, Ranchi, payable at any Bank in Ranchi, Jharkhand, India.
3	Date of publication of Bid on Website	01.02.2024
4	Pre-bid meeting	05.02.2024 at 11:30 am (both offline and virtual can be joined) Offline Meeting Venue: **4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi** Online Meeting Link: **https:// meet.google.com/ujk-ppmm-pgt**
5	Bid submission start date	07.02.2024
6	Last date of submission of Technical & Financial Bid	15.02.2024
7	Opening of Technical Bid	16.02.2024 at 11:30 a.m.

Detailed tender document comprising the terms and conditions may be downloaded from the website: mmlkuvb.jharkhand.gov.in or collected from the office of the Board during 10:00hrs to 17:00hrs on any working day (Monday-Friday).
Note: Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board reserves the right to cancel or/and postpone the tender or reject any bid without assigning any reason at any point of time or stage of the tender.

Sd/-
(Chief Executive Officer)

PR 317472 Mukhyamantri Laghu And Kutir Udyam Vikas Board(23-24)D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING,
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

e-Procurement (Very Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-25/2023-24
1st Call

e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/25/2023-24 **Date:-31.01.2024**

1	Name Of Work	Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for strengthening and widening of road from Tetron chowk to Bariyadih paodhashala via chopnadih in Jaynagar Prakhand including Replacement of Culverts and Bridges, Proposal for Construction of new Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettleme nt and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division Koderma in the State of Jharkhand. (Tentative Length-18km) *Empanelled consultant with RCD under category I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to Bid.
2	Tentative Length	18.00 km
3	Period of Completion of Work	60 Days
4	Cost of Tender documents	Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee. Tender fee will be received through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of ₹33,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Perothen Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & eGovernance Department, Government of Jharkhand vide letter no-120 dated 03.10.2023.
5	Mode of Bid Submission	e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in)
6	Date/Time of Publication of Tender on Website	02.02.2024,10:30 AM
7	Last Date/Time of Bid Submission	08.02.2024 12:00PM
8	Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD	08.02.2024 12:00PM
9	Date and Time of Bid opening	09.02.2024 12:30 PM
10	Bid validity	120 days
11	Bid Submission Address	Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,Ist Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004
12	Designation and Contact no. of Tender inviting Officer	Executive Engineer, Soil Investigation Division Advance Planning RCD, Ranchi Mob-9905660677.

Note:-Only e-Tender shall be accepted.

Sd./-
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department,Ranchi.

PR 317468 Road(23-24)D

OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR
District Planning Office, Latehar, 829206
Website: www.latehar.nic.in

अति अल्पकालीन निविदा 01/2023–24

S.no	Particular	Details
1	Name of the work	Request for Proposal (RFP) for Supply, Installation & Maintenance of Lightning Conductors on turnkey basisin school Buildings across Latehar District
2	Date of Issue of RFP	30.01.2024
3	Last Date for submission of Proposal	08.02.2024
4	Date of opening of Technical Proposal	09.02.2024
6	Date of opening of Financial Proposal	09.02.2024
7	Time allowed for Completion	06 Months
8	Earnest money deposit EMD) (Refundable) & Bid Processing Fee (Non-refundable)	EMD - 05,00,000 (FiveLakhs Rupees Only/-) Refundable & TenderFeesRs10,000(Ten Thousand Rupees Only/-)(Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar
10	Address at which the tenders (Hard Copies) are to be submitted:	District Planning Office, Latehar, Jharkhand
11	Place of opening tenders:	District Planning Office, Latehar, Jharkhand
12	Mode of submission	Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected.
13	Method of Selection	Quality and Cost-Based Selection (QCBS) Method; Stage 1: The eligibility criteria documents, Bid Fee EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid valuation. Stage 2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the **lowest financial bid** will be awarded the project. **The rates quoted by the agencies should be valid for 2year from the issue of the RFP.**

Note:
1. Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/
2. The District Planning Office reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly.
3. Proposals must be received no later than the time, and date mentioned in the Fact Sheet. Proposals that are received after the deadline will not be considered.
4. The District Planning Office, Latehar reserves the right to cancel or change the tender without any prior notice/information.

District Planning Officer
Latehar

PR 317429 District(23-24)#D

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

लोहरदगा/सिमडेगा

रांची, गुरुवार, 01 फरवरी 2024 | पेज 11

संक्षिप्त खबरें

गांधी मेला का अवधि विस्तार न करे प्रशासन : झापा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : झारखंड पार्टी ने जिला प्रशासन से गांधी मेला का अवधि विस्तार नहीं करने की मांग की है। झापा सुप्रीमो एनोस एक्का ने कहा कि गांधी मेला के कारण परिवहन व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई है। गांधी मेला के कारण स्कूल आने जाने वाले बच्चों को भी काफी परेशानी हो रही है। साथ ही साथ परीक्षा लिखने वाले छात्रों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मेला का डाक भी 31 जनवरी तक के लिए ही हुआ था। सवेदक के द्वारा भी मेला में टैक्स वसूली कर ली गई है। इसलिए जनमानस की भावनाओं एवं सुविधाओं का ख्याल रखते हुए प्रशासन मेला अवधि का विस्तार न करें।

टंडवा डीएसपी बने प्रभात रंजन बरवार, लेंगे योगदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारियों का तबादला की सूची जारी की गई है। जिसमें सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी को कहीं पदस्थापित नहीं किया गया है। वहीं टंडवा के लिए रांची में पदस्थापित प्रभात रंजन बरवार को एसडीपीओ के पद पर भेजा गया। हलांकि टंडवा कोल नगरी है जिसके कारण यहां जिम्मेदारी काफी रहती है। वैसे में देखना यह होगा कि इनका कार्यकाल कैसा होगा। इनके पूर्व शम्भू सिंह का कार्यकाल ठीक रहा ।उनका प्रमोशन होने के कारण यहाँ रिक्त रह गया था।

उपायुक्त व एसपी ने स्वतंत्रता सेनानी बुद्धन सिंह की पुण्यतिथि पर मलयार्पण कर दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिले के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी, गांधीवादी तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रबल विरोधी बुद्धन सिंह की पुण्यतिथि पर आज उनके प्रतिमा में जिले के उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण,पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा समेत जिले के प्रशासनिक, शैक्षणिक, राजनीतिक, सामाजिक आदि संगठनों से जुड़े क्या आम और क्या खास सभी लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी! मौके पर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बिल्कुल निर्धन परिवार से जन्मे बुधन सिंह घर परिवार की चिंता ना कर देश की आजादी की खातिर कई जेल यात्रा तथा उनके जुनून व संघर्ष सचमुच अद्भुत है, साथ ही समाज के कुरीतियों के खिलाफ कार्य करना प्रेरणा

स्रोत है। स्व सिंह आजादी की खातिर कोयल नदी पर रेलवे पुल को बम से उड़ने की साजिश, बड़ा पोस्ट ऑफिस,नदिया स्कूल में तिरंगा फहराने, धरना-प्रदर्शन, क्रांतिकारी भाषण देने जैसे आरोपों में अंग्रेज हुकूमत ने देशद्रोह का मुकदमा चलाया था। 1940 में रामगढ़ के कांग्रेस अधिवेशन में डॉ राजेंद्र प्रसाद ने शर्त रखी थी कि जो भी नियमित खादीधारी होगा वही मेरे वाहन को चलाकर मुझे मंच तक पहुंचाएगा, जिसमें नियमित खादीधारी स्व सिंह को यह मौका मिला। सन 1952 को लोहरदगा के कस्तूरबा स्कूल में आयोजित आदिम जाति सेवा मंडल कार्यक्रम में शिरकत करने आए तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने शास्त्री चौक में अपने वाहन को रुकवा कर बुधन सिंह से विशेष रूप से भेंट की तथा कुशल क्षेम पूछा। उनकी अंतिम इच्छा थी कि मेरे मृत्यु पर मेरे शरीर में खादी वस्त्र ही होना चाहिए तथा यह उनकी इच्छा पूरी की गई। कार्यक्रम में उपायुक्त से लोगों ने आग्रह किया कि स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से सार्वजनिक स्थलों जैसे सड़क, गली, चौक-चौराहा, मुहल्ला, तालाब, टाउन हॉल, घाट, खेल मैदान, सामुदायिक भवन,स्टेडियम,पेवेलियन आदि का नामकरण स्वतंत्रता सेनानियों के होने से उन्हें एक और जहां सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी वहीं आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा भी मिलेगा। इस पर उपायुक्त ने कहा कि यह बहुत नेक विचार है, आप हमें लिख कर दे इस पर कार्य होगा। मौके पर जिले के उप निबंधक सुभाष दत्ता, शिक्षाविद मदन मोहन पांडे, बी. के.बालाजीनप्पा, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, बृज बिहारी प्रसाद, अधिवक्ता देवाशीष कार, अजय मित्तल, हेमंत सिन्हा, विवेक गुप्ता, प्रवीण भारती, अमरेंद्र सिंह, अनूप राय, ओम प्रकाश सिंह, संजय बर्मन, सुधीर, मनोज दास, कलावती देवी, राकेश प्रसाद, अनिल गुप्ता, संदीप पांडे, बंटू जयसवाल, मोहन दुबे, मुकेश दुबे, बालकृष्णा सिंह, मदन मोहन पाठक, राज किशोर महतो, चंद्रशेखर मेहता चंदू, अजय पंकज, प्रो. स्नेह कुमार, शशि भूषण सिंह, निधिकांत प्रसाद, सतीश भारती, भरत साहू, सिद्धनाथ प्रसाद, लाल निरंजन, त्रिवेणी दास, राजू गुप्ता, उदय केसरी, विजय सिंह, संजीव साहू, सरोज प्रजापति, नंदलाल साहू,विजय दास, परमेश्वर साहू, विनोद राय, शिवदत्त ठाकुर, संदीप पोद्दार, उमेश ठाकुर, सुबोध साहू, अशोक खत्री, शशि सिंह, अशोक उरांव, गुंजन सिंह, ऋषभ सिंह, मीनाक्षी सिंह, तासु आदि शामिल थे।

हैदराबाद से प्राप्त ईवीएम वेयरहाउस का उपायुक्त ने किया फर्स्ट लेवल चेकिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : ईसीआईएल, हैदराबाद से प्राप्त ईवीएम का फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) आज बुधवार को सदर प्रखण्ड स्थित ईवीएम वेयरहाउस में किया गया। इसमें उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा कार्यो का अवलोकन किया गया। वहीं नोडल पदाधिकारी के रूप में अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-एफएलसी सुपरवाईजर अमित कुमार द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया गया। आज इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, आशुतोष कुमार, अंचल अधिकारी-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 72-लोहरदगा, राजनीतिक दलों में झामुमो से इसरार अहमद, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदीप विश्वकर्मा, भाजपा के अनिल उरांव, सीपीआई (एम) के गोपाल महतो, राजद के सुनील कुमार मेहता, आजसू पार्टी के सोनू राज, नेशनल पीपुल्स पार्टी की शीला देवी, एफएलसी के लिए प्रतिनियुक्त किये गये कर्मीगण समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

सेवा भारती ने अविराम सचिव इंद्रजीत कुमार को श्रीमद् भागवत गीता भेंट कर किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला सेवा भारती के जिला अध्यक्ष के अगुवाई पर लोहरदगा के टीको ग्राम में स्थित अभिराम कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के सचिव इंद्रजीत कुमार भारती को श्रीमद् भागवद गीता की पुस्तिका भेंट कर सम्मानित किया गया। इंद्रजीत भारती ने कहा कि सेवा भारती लोहरदगा के लोगों द्वारा किए जा रहे सेवा के कार्यों से मैं काफी प्रभावित हूं, और यह काफी प्रशंसनीय है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ सेवा के कार्य में हर वक्त अग्रसर रहा करते हैं इनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है और कहा कि लोगों को असहायों एवं जरूरतमंदों का सेवा करना ही

हमारा सबसे बड़ा धर्म है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि सेवा भारती के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भी समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर लगाते हुए कई और सेवा का कार्य करेगी एवं लोगों के बीच शिक्षा एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक की जाएगी। आज इस अभियान के तहत जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह, सचिव जय प्रकाश शर्मा, अतुल सर्राफ आदि उपस्थित थे।

20 सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव की अध्यक्षता में 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

भंडरा-लोहरदगा : जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में बुधवार को 20 सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव की अध्यक्षता में 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। जिसमें बाल विकास परियोजना, शिक्षा, कल्याण, पशुपालन, मनरेगा योजना से संचालित कार्यो की समीक्षा हुई। इस दौरान प्रखंड में संचालित योजनाओं के बारे में भी विभाग-वार अधिकारियों ने क्रमवार रुप से संचालित योजनाओं के बारे जानकारी दी। साथ ही सरकार द्वारा प्रदत योजनाओं के लाभ लेने वाले ग्रामीणों की सूची से अवगत कराया। साथ ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अबुआ आवास में अब तक प्राप्त आवेदन, शिक्षा

विभाग द्वारा विद्यालय में एमडीएम में हुए बदलाव, वितीय वर्ष 2024-25 में बिरसा मुंडा आम बागवानी के लिए कार्य योजना, बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के डा.आकाश कुमार वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 जनवरी से 15 फरवरी तक कुष्ठ जागरुकता कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग कुष्ठ रोगियों की पहचान व बचाव पर कार्य कर रही है। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ जरुरत मंद व्यक्ति तक पहुंचे, इसका विशेष ध्यान दें। विकास योजना में किसी भी तरह से लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रखंड प्रशासन सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड में दो मतदान केंद्र के भवन जर्जर होने के कारण उसे स्थानांतरित किया गया है। जिसमें मतदान केंद्र संख्या 103 प्राथमिक विद्यालय कोटा को स्थानांतरित करते हुए प्राथमिक विद्यालय कोटा के नए बिल्डिंग में तथा मतदान केंद्र 91 आंगनबाड़ी पंचायत भौंरो को पंचायत सचिवालय भवन में स्थानांतरण किया गया है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा प्राप्त पत्र के अनुसार अब 50 वर्ष पूर्ण कर चुके एसटी-एससी तथा महिलाओं को वृद्धा पेंशन योजना से जोड़ा जा रहा है। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष जुगल भगत, तिवारी उरांव, बीपीओ अभिषेक किशोर, कनीय अभियंता रवि भगत सहित प्रखंड के कर्मी मौजूद थे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करें : शरत

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को दशम कक्षा के भैया बहनों के लिए स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष श्रीमान शरत कुमार विद्यार्थी व उपाध्यक्ष श्रीमान डा.भोला प्रसाद के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। विषय प्रवेश व अतिथि परिचय प्रधानाचार्य श्रीमान प्रमोद कुमार के द्वारा किया गया। भैया बहनों

को सम्बोधित करते हुए शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा,सफलता के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित करें सभी। आगे उन्होंने कहा, विपरीत परिस्थितियों में धैर्य ना खोयें। नवम् कक्षा के बहनों ने स्वागत गान गाया व विदाई गीत प्रस्तुत किया। दशम के भैया बहनों को कलम व फायल देकर सम्मानित किया गया। स्नेह मिलन कार्यक्रम को डा.भोला प्रसाद ने भी सम्बोधित किया। मंच संचालन नारायण कुमार ने किया व धन्यवाद ज्ञापन देवा उरांव ने किया। मौके पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार के साथ सभी आचार्य वृंद उपस्थित थें।

डीपीएस स्कूल में दसवीं के सीनियर छात्रों की विदाई समारोह का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिले के कूडू प्रखंड के चंदलासो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में दसवीं के छात्राओं को विदाई समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई। इस अवसर पर जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा दसवीं क्लास के छात्रों को उनके मार्गदर्शन हेतु बातें कहीं गई। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर ज्ञान गंगा सिंह के द्वारा बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये बच्चे इस विद्यालय में 13 वर्ष पहले इस विद्यालय में नामांकन लिए थे उस समय ये सभी छात्र रोते हुए विद्यालय आए थे और आज भी ऐसा लग रहा है कि आज भी बच्चों को रोते हुए विदा करना पड़ रहा है। बच्चों को विद्यालय की ओर से एवं कक्षा 9 के विद्यार्थियों के द्वारा कक्षा 10 के विद्यार्थियों को उपहार देकर विदा किया।

राजकीय मध्य विद्यालय जमगाई में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

भंडरा-लोहरदगा : जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय जमगाई में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयनाथ महतो द्वारा सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक जावेद अख्तर को अंग वस्त्र व उपहार भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। साथ ही सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक जावेद अख्तर के उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। मौके पर बीईईओ जयनाथ महतो ने कहा कि जावेद अख्तर मवि जमगाई के लिए काफी कुछ किया है। उनके द्वारा इस क्षेत्र के बच्चों को स्कूली शिक्षा से जोड़ने के लिए काफी प्रयास किया गया है। हम सभी को इनके कार्यो से सीख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में सेवानिवृत्ति एक सतत प्रक्रिया है। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक जावेद अख्तर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गांव के ग्रामीणों का काफी सहयोग रहा है। गांव के ग्रामीण हर समय विद्यालय व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रयासरत रहे है। इसी तरह विद्यालय का सहयोग करते रहे। मौके पर बीपीओ रामविजय खलखो, अनिशुल अंसारी, धनेश्वरी उरांव, विजय लक्ष्मी कुमारी, महेश प्रसाद, सहजबी बानो, अजय कुमार सहित ग्रामीण मौजूद थे।

हेमंत सोरेन सरकार को अपदस्थ कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हो : राजू गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता ने विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य की स्थापना बड़ी संघर्ष और कुर्बानी के बदौलत हुआ है। हेमंत सोरेन इन्डिया गठबंधन की सरकार लुट झुठ और भ्रष्टाचार से पुरे देश दुनिया में झारखंड को कलंकित किया है। तिकड़म के सहारे राज्य के बिकास के सभी निती योजना को ड्रामा बाजी तरीके से जनता को गुमराह किया। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन का नाम जब भूमि घोटाला मे आया, ईडी ने पुछताछ के लिए समन भेजा एक नही 10 समन भेजा ये भागते फिर रहे हैं। दिल्ली चार्टर प्लेन से गय। जब ईडी ने दिल्ली में पुछताछ का प्रयास किया तो चादर से मुंह ढक कर व हवाई चप्पल पहन कर लुकते छिपते 40 घंटे के बाद रांची सडक मार्ग से पहुचे। सत्ताधारी पक्ष के बिधायको की बैठक में अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने का कवायद तेज की तो बैठक से सात बिधायक बाहर रहे। इनके भाई और भाभी जी ही लपता हो गय। ये हेमंत सोरेन सरकार का नौटंकी ड्रामा पर देश दुनिया की निगाहें टिकी हुई है। अब बहुत हो गया, केंद्रीय सरकार को पहल कर झारखंड सरकार को अपदस्थ कर अबिलंम्ब राष्ट्रपति शासन लगा कर झारखण्ड की गरिमा को बचाये।

स्वतंत्रता सेनानी बुधन सिंह जी की पुण्यतिथि पर नीरू शांति भगत ने दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भारतीय किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह जी के पूज्य पिता स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय बुधन सिंह जी की 55 वें पुण्यतिथि के अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा के लोकप्रिय पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी की धर्मपत्नी और आजसू पार्टी लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी नीरू शांति भगत ने स्वर्गीय बुधन सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत देश को अंग्रेजों से आजाद कराने में अहम् भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय बुधन सिंह जैसे लोग

हम जैसे लोगों के लिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। हमें भी ऐसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने हृदय में देश भक्ति की भावना को आत्मसात कर देश सेवा के लिए स्वयं को न्योछावर करने की जरूरत है। इस अवसर पर ओम प्रकाश सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुमला विभाग कार्यवाह मनोज दास, आजसू पार्टी के लोहरदगा जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरि, पूर्व जिला प्रवक्ता दिलीप साहू, गोपाल सिंह, विजय सिंह आदि उपस्थित थे।

के. आर. सी. नेहरू युवा संगठन के तत्वाधान में किया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : बीरू पंचायत भवन में पंचायत राज प्रतिनिधियों एंव हितभागियो को के0 आर0 सी0 नेहरू युवा संगठन के तत्वाधान में दो दिवसीय प्रशिक्षण कायर्क्रम का शुभारंभ किया गया. जिसमें जिला पेयजल एंव स्वच्छता विभाग के जिला समन्वयक राधे रतन जे0 ई0 पंकज कुमार पिन्गू और मुखिया अनजान एक्का, गंगाधर लोहार के द्वारा दिप प्रजवलित कर कायर्क्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला पेयजल एंव स्वच्छता विभाग के जिला समन्वयक राधे रतन के द्वारा ट्रेनिंग में उपस्थित सभी पंचायती राज प्रतिनिधियों को जल के महत्त्व के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि जल हम सभी मनुष्यों और जीव

जंतुओं के लिए बहुत जरूरी है। हम अपने आने वाले पीढ़ी के लिये बच्चा कर जल को रखना है। उन्होंने सभी से अनुरोध करते हुवे कहा कि हमें प्रयास करना चाहिए कि जल की बर्बादी न हों साथ ही इसके लिए भी को आगे आकर कार्य करना है तभी जाकर हमार भविष्य सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम में बीरू, तामड़ा और आरानी के मुखिया , जल सहिया, वार्ड सदस्य , पंचायत राज के प्रतिनिधि और के0 आर0 सी0 नेहरू युवा संगठन (जे0जे0एम0) प्रशिक्षक सुषमा बाड़ा, निरंजन कुमार और महादेव प्रसाद उपस्थित थे।

कुडू भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक हुई संपन्न

गांव चलो अभियान के तहत गांव में प्रवास कर केंद्र की योजना को बताएं कार्यकर्ता : सुदामा प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कुडू मंडल की एक आवश्यक बैठक मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद के अध्यक्षता में कुडू बरहनिया स्थित शिशु विद्या मंदिर में आहुत की गई। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माला-अर्पण एवं वंदे मातरम गायन के साथ किया गया । बैठक में मुख्य रूप से पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद,उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू,जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने कहा कि प्रदेश के निर्देश-अनुसार गांव चलो

अभियान के निमित्त सभी कार्यकर्ताओं को गांव में एक दिन का प्रवास किया जाना है और मोदी जी के योजनाओं को विस्तार से चर्चा करना है तथा भगवान राम जन्मभूमि में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा होने पर अयोध्या चलो कार्यक्रम में सम्मिलित सभी आम जनों को होना है, जिसमें सभी अपने इच्छा-अनुसार निबंधन करा सकते हैं। मौके पर जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा ने बताया कि जो भी आम जनता अयोध्या जाना चाहते हैं वो जा सकते हैं,यह जरूरी नहीं कि वह भाजपा कार्यकर्ता हो तभी जा सकता है उन्होंने सभी आम जनता से आग्रह किया कि अपना आधार कार्ड के साथ अपने मंडल अध्यक्ष से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में मंच संचालन महामंत्री यदुनंदन तिवारी और बैठक की समाप्ति की घोषणा एवं धन्यवाद ज्ञापन मंडल उपाध्यक्ष कपिंद्र महतो के द्वारा किया गया। साथ ही मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद सहित कुडू मंडल भाजपा के सभी पदाधिकारीगण ने मनीर उरांव जी को पुनः लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनोनीत करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। मौके पर राजेश प्रसाद, संजय चौधरी, धीरज प्रसाद, कृष्णा मोदी, पंकज भारती, प्रकाश सिंह, सुभाष चंद्र यादव, कपींद्र महतो, श्याम किशोर गुप्ता, वरुण बैठा, सरजू कुमार साहू,रोहित कुमार, टीपू खान, सौरभ कुमार मुखर्जी, शशि कुमार, रामू मुंडा, सुरेंद्र साहू, सुनील यादव, बुद्धेश्वर उरांव, जगजीवन महतो इत्यादि लोग उपस्थित थे।

लक्ष्मण बड़ाईक को पुनः मिली भाजपा जिलाध्यक्ष की जिम्मेवारी, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : लक्ष्मण बड़ाईक को पुनः भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल मरांडी ने पत्र जारी करते हुए जिला अध्यक्ष नियुक्ति की घोषणा की पुनः जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लक्ष्मण बड़ाईक को बधाई देते हुए खुशी जाहिर की है एवं कार्यकर्ताओं ने कहा की लक्ष्मण बड़ाईक के पुनः जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर कार्यकर्ताओं में जोश और उल्लास है और आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी अपना परचम लहराएगी। बधाई देने वालों में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा पूर्व मंत्री विमला प्रधान केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधित्व सुशील

श्रीवास्तव पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा खूंटी लोकसभा के सहसंयोजक ओम प्रकाश साहू दुर्गविजय सिंहदेव अमरनाथ बामलिया दीपक पुरी अनूप प्रसाद श्रद्धानंद बेसरा सुजान मुंडा भोला साहू सतीश पांडेय मनोज साय प्रणव कुमार राकेश रविकांत तुलसी साहू रवि गुप्ता कृष्णा ठाकुर संजय ठाकुर रामविलास बड़ाईक सोनी पैंकरा नरेंद्र बड़ाईक कृष्णा बड़ाईक नवीन सिंह सतनारायण प्रसाद सावित्री देवी फुल सुंदरी देवी रेणु पुरी पिंकी प्रसाद कमला देवी हंस रानी शकुंतला देवी रागिनी राज नंदिनी दास शिखा अग्रवाल कंचन सिंह जयंती देवी सहित सभी मंडल अध्यक्षों ने बधाई दी है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने प्रदेश संगठन एवं कार्यकर्ताओं का जताया आभार । पुनः जिला अध्यक्ष का दायित्व मिलने पर लक्ष्मण बड़ाईक ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मोर्चा पदाधिकारी एवं सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि आप सभी का प्यार और समर्पण है की पुनः मुझे पार्टी की सेवा करने का मौका मिला है इसके लिए मैं प्रदेश नेतृत्व एवं जिला के सभी कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं और आशा व्यक्त करता हूं की पूर्व की भाँति संगठन चलाने में आप लोगों का सहयोग और मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहेगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चलते चलते एक नजर

स्टेलेंटिस इंडिया के ब्रांड निदेशक बने कुमार प्रियेश

नई दिल्ली : स्टेलेंटिस इंडिया ने कुमार प्रियेश को जीप का ब्रांड निदेशक नियुक्त किया है।कंपनी का कहना है कि वह ऑटोमोटिव बिक्री, विपणन और नेटवर्क विकास में दो दशकों से अधिक की विशेषज्ञता वाला एक अनुभवी पेशेवर है। प्रियेश ने भारत में अग्रणी ऑटोमोटिव कंपनियों के विकास को गति देने, प्रभावी व्यावसायिक रणनीतियों को संचालित करने और लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह प्रोडक्शन इंजीनियरिंग में डिग्री के साथ बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा के पूर्व छात्र हैं। स्टेलेंटिस इंडिया के सीईओ और एमडी आदित्य जयराज ने कहा कि हम जीप इंडिया टीम में प्रियेश का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। उनका समृद्ध, अनुभव और रणनीतिक कौशल जीप ब्रांड को भारतीय बाजार में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हम उत्सुकता से उनके नेतृत्व और देश में जीप की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए उनके द्वारा लाए जाने वाले परिवर्तनकारी प्रभाव की आशा करते हैं। कुमार प्रियेश ने कहा, मैं जीप इंडिया का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जो एक ऐसा ब्रांड है जो अपनी विरासत और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। मैं भारत में ब्रांड की विकास यात्रा में योगदान देने,अपने अनुभव का लाभ उठाने और अपने मूल्यवान ग्राहकों को असाधारण उत्पाद और अनुभव प्रदान करने के लिए टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हूं।

रांची डीएसपी बने कुमार वेंकटेश रमन

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। राज्य के 96 पुलिस उपाधीक्षकों का तबादला किया गया है। रांची शहर पुलिस उपाधीक्षक के पद पर कुमार वेंकटेश रमन को बनाया गया है। वहीं दीपक कुमार विधि व्यवस्था धनबाद में पद स्थापित किया गया। खलारी पुलिस उपाधीक्षक भोला प्रसाद सिंह को नियुक्त किया गया है । इसके अलावा रतीभान सिंह एसडीपीओ बुंडू, रणवीर सिंह सिल्ली, अखिल नीतीश कुजुर बेड़ों, प्रमोद मिश्रा हटिया, अजीत विमल अपराध अनुसंधान विभाग रांची , यातायात पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद केशरी को बनाया गया है। जीतवाहन को मुख्यालय नियुक्त किया गया। वही मुख्यमंत्री के सुरक्षा में पुलिस उपाधीक्षक राज किशोर को नियुक्त किया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

कुपवाड़ा में तलाशी अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद बरामद

कुपवाड़ा : कुपवाड़ा के मागम जंगल के पास चेरामुंगी में एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने बुधवार को हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि कुपवाड़ा के मागम के पास चेरामुंगी में बुधवार को सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक विशेष सूचना के आधार पर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान 9 यूबीजीएल गोले, 4 आईईडी रिसीवर, उनके मूल कारखाने की पैकेजिंग में रखे गए 30 वाणिज्यिक ग्रेड डेटोनेटर, एके-47 के 138 राउंड, 7 राउड स्नाइपर राइफल, एके 47 के खाली राउंड और 9 मिमी पिस्तौल की 4 मैगज़ीन बरामद की गई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाएं : शैलेश सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह ने बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। ग्रामीण विकास विभाग सभागार में आयोजित इस समीक्षा बैठक में मनरेगा एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने झारखंड राज्य की तारीफ करते हुए कहा कि यहां काम बेहतर हो रहा है। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के भी क्रियान्वयन में तेजी लाएं। शैलेश कुमार सिंह का झारखंड राज्य के रामगढ़ जिला का एक दिवसीय क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम भी है।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीण विकास विभाग से संबद्ध विभिन्न योजनाएं यथा मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), एनआरएलएम, आदि योजनाओं का निरीक्षण किया जाना है। मनरेगा आयुक्त ने राज्य में मनरेगा मजदूरी मद एवं सामग्री मद में फंड दिए जाने का किया आग्रह मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने बैठक में मनरेगा की प्रगति पर आधारित प्रस्तुति दी।

उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में 900 लाख अनुमोदित मानव दिवस के विरुद्ध अब तक 913 लाख मानव दिवस सृजन किया जा चुका है साथ ही इस वित्तीय वर्ष में 1100 लाख से अधिक मानव दिवस सृजन का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बैठक में शैलेश कुमार सिंह से अनुरोध है कि मनरेगा के तहत निर्धारित कार्य दिवस की सीमा को बढ़ाया जाए ताकि झारखंड मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके एवं मनरेगा में बकाया मजदूरी मद एवं सामग्री मद का पैसा दिया जाए। शैलेश कुमार सिंह ने झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा क्रियान्वित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की सराहना की। उन्होंने सखी मंडलों के क्षमतावर्धन पर ध्यान देते हुए ग्राम संगठन के गठन कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

त्रिपुरा : क्रिकेटर मयंक को अस्पताल से मिली छुट्टी

अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद मयंक सीधे एमबीबी एयरपोर्ट पहुंचे और बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए।

एजेंसी

अगरतला : क्रिकेटर मयंक अग्रवाल को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। बुधवार की दोपहर करीब दो बजे अगरतला के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे मयंक की डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद छुट्टी दे दी है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद मयंक सीधे एमबीबी एयरपोर्ट पहुंचे और बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए। दरअसल, कर्नाटक रणजी टीम मंगलवार को दोपहर की फ्लाइट में अगरतला से रवाना हो रही थी। तभी विमान में सवार होने के बाद टीम के कप्तान मयंक अग्रवाल की अचानक तबीयत खराब हो गई। बताया गया कि विमान में चढ़ने और सीट पर रखी बोतल से पानी पीने के बाद मयंक ने गले में गंभीर खराश और खुजली महसूस की। गले की खराश बढ़ने पर टीम मैनेजर ने मयंक को विमान से उतार कर अगरतला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मयंक के अस्पताल पहुंचने की खबर मिलने पर त्रिपुरा क्रिकेट एसोसिएशन और राज्य पुलिस के शीर्ष अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। बुधवार सुबह डॉक्टरों ने सारे टेस्ट करने के बाद मयंक अग्रवाल को कुछ सलाह और नुस्खे के साथ डिस्चार्ज कर दिया।

नौसेना ने विदेशी जहाजों को डाकुओं से छुड़ाकर समुद्र में दबदबा कायम किया

लाल सागर में सोमालियाई समुद्री डाकुओं की सक्रियता से शिपिंग लेन में उथल-पुथल बढ़ी

समुद्री डकैती रोकने के लिए भारत के दस से ज्यादा जहाज 'एंटी पायरेसी मिशन' पर तैनात

एजेंसी

नई दिल्ली: लाल सागर में छह साल तक शांति रहने के बाद पिछले दो माह से सोमालियाई समुद्री डाकुओं की हरकतें बढ़ने से दुनिया के सबसे व्यस्त शिपिंग लेन में उथल-पुथल बढ़ गई है। भारतीय नौसेना पिछले एक महीने से लाल सागर में समुद्री व्यापारिक मार्गों को बचाने और सुरक्षित करने में प्रभावी ढंग से काम कर रही है। भारत ने लाल सागर और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती रोकने के लिए अपने दस से ज्यादा जहाज 'एंटी पायरेसी मिशन' पर तैनात किये हैं। नौसेना ने इस बीच आधा दर्जन से ज्यादा अपहृत विदेशी जहाजों को समुद्री डाकुओं से छुड़ाकर समुद्र में अपना दबदबा कायम किया है। समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत हिंद महासागर के चारों ओर तैनात हैं। भारतीय नौसेना ने 36 घंटे के भीतर दक्षिणी अरब सागर में दो समुद्री डकैतियों को नाकाम किया है। हूती विद्रोहियों ने इसी हफ्ते ईरानी और पाकिस्तानी नौकाओं को बंधक बनाकर दो बार हमला किया है। इन हमलों के बाद भारतीय नौसेना ने दो माह के भीतर सात अपहृत विदेशी जहाजों को समुद्री डाकुओं से छुड़ाकर चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचाया है। अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील दूर पश्चिम में सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने 28 जनवरी को मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज एमवी इमान का अपहरण कर लिया था। भारतीय युद्धपोत सुमित्रा ने मछली पकड़ने वाले जहाज इमान को सुरक्षित बचाकर सोमालियाई लुटेरों को निहत्था करके सोमालिया की ओर खदेड़ दिया।

संत मरियम स्कूल में चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत बुधवार शहर के संत मरियम स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान सह क्विज कम्पटीशन का आयोजन किया गया.इस दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी.छात्र- छात्राओं को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने के फायदे के बारे में बताया गया.उन्हें हिट एंड रन,साइनेज,गुड सेमेरिटन ड्रिंक एंड ड्राइव आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी.सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने के प्रति जागरूक किया गया ताकि सड़क दुर्घटनाओं मे कमी हो सके.बच्चों को

यह बताया गया की सड़क सुरक्षा का पालन कर दुर्घटनाओं में कमी लाया जा सकता है.इस दौरान सभी को शपथ भी दिलायी गयी.वहीं क्विज प्रतियोगता के दौरान सवालों के सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया.जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक विनीत कुमार,ट्रैफिक इंचार्ज रामजीत सिंह,आई टी असिस्टेंट,रोड इंजिनियर एनालिस्ट,वर्धान चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक एवं कर्मी समेत अन्य मौजूद रहे. ज्ञातव्य है कि पूरे देश में सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत 15 जनवरी से 14 फरवरी तक सड़क सुरक्षा विषय पर विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं.

संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के पादाधिकारियों ने किया तीन दिवसीय दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय इकाई की ओर से महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न संबद्ध महाविद्यालयों में तीन दिवसीय दौरा किया गया। इस क्रम में महासंघ अध्यक्ष प्रो. विवेकानंद उपाध्याय, महासचिव प्रो. बंशीधर सिंह तथा कोषाध्यक्ष प्रो. आलोक कुमार पाठक के द्वारा बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार, एमके कॉलेज डंडार कला पांकी, एके सिंह कॉलेज जपला, बीएसएम कॉलेज भवनाथपुर तथा एसपीडी कॉलेज गढ़वा में दौरा किया गया।

इस क्रम में उक्त महाविद्यालय के कर्मियों ने एक स्वर से संगठनात्मक मजबूती के लिए सभी कॉलेजों की ओर से सामूहिक प्रयास करने पर सहमति जताई गई।

साथ ही निर्णय लिया गया कि महासंघ द्वारा 2019 से जो ग्यारह सूत्री मांग किया जा रहा है उस मांग पर अब तक विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा सकारात्मक पहल नहीं किया जाना खेद का विषय है। इस मामले को लेकर महासंघ की ओर से पुनः एक बैठक कर आंदोलनात्मक रणनीति बनाने पर सहमति जताई गई। इस दौरान विशेष रूप से अब तक संबद्ध महाविद्यालय को सिंडिकेट में प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने पर कालेज कर्मियों ने असंतोष जताया तथा कहा कि इस दिशा में सकारात्मक पहल करने के लिए महासंघ की ओर से विश्वविद्यालय पर दबाव दिया जाएगा। कर्मियों ने इस दौरान विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य, प्रश्न पत्र चयन कार्य की बकाया राशि की भुगतान कराने की मांग की गई। साथ ही इनविजीलेटर, होल्टेज आदि में वृद्धि करने की मांग की गई। महाविद्यालय के विजिट के दौरान एके सिंह कॉलेज जपला के प्राचार्य एवं महासंघ के संरक्षक सूर्यमणि सिंह, प्रो. अशोक सिंह, संगठन सचिव डा आलोक कुमार, एमके कॉलेज पांकी के प्राचार्य तथा महासंघ के संरक्षक डा. दिलीप राम, राजीव कुमार, एसपीडी कॉलेज गढ़वा के प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे, डा. अरुण तिवारी, प्रो. परवेज आलम, प्रो. अर्जुन प्रसाद, प्रो. नीलम गुप्ता, प्रो. केबी अंसारी, सचिन चौबे आदि ने अपने-अपने विचार रखें।

स्वाति मालीवाल को दो बार लेनी पड़ी शपथ

नई दिल्ली : आम आदमी पार्टी की नेता एवं राज्यसभा की नव निर्वाचित सदस्य स्वाति मालीवाल को आज सदन में दो बार शपथ लेनी पड़ी। उन्हें सभापति की ओर से पहली बार शपथ लेने पर वापस अपनी सीट पर जाने के लिए कहा गया और बाद में उन्हें दोबारा शपथ लेने के लिए कहा गया। सूत्रों के मुताबिक शपथ को दो बार लेने के पीछे दो कारण थे। पहली बार स्वाति ने राज्यसभा में नामित सदस्य से जुड़ी शपथ ली थी और दूसरा शपथ के अंत में उन्होंने नारा लगाया था। उल्लेखनीय है कि सदन में एक तय शब्दावली के तहत सदस्य चुने या नामित किए जाने पर शपथ लेते हैं। स्वाति ने अपनी शपथ के अंत में नारा लगाया था। उनके नारा लगाने पर सदन के नेता पीयूष गोयल ने आपत्ति भी दर्ज कराई थी। स्वाति से पहले राज्यसभा में नामित सदस्य सतनाम सिंह संधू और आप के अन्य निर्वाचित सदस्य नारायण दास गुप्ता ने शपथ ली थी।

राज्य में नियुक्तियों की खरीद बिक्री का खेल जारी : एस अली

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : आजसू पार्टी के संगठन सचिव एस अली ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित हुई सीजीएल परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है, जिसमें 15 से 25 लाख रुपये के बीच सीटों के खरीद-फरोख्त किया गया है। परीक्षा से पहले ही सामान्य ज्ञान पेपर तीन के प्रश्नपत्र और उत्तर दोनों लीक हो गए, जिसके कारण आयोग एवं परीक्षा एजेंसी की धांधली उजागर हो पायी। इससे यह प्रतीत होता है की बड़े पैमाने पर राज्य में नियुक्तियों की खरीद-बिक्री का खेल जारी है।

एस अली पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में बुधवार को आयोजित जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली, प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी इस मामले की भर्त्सना करते हुए कर्मचारी

चयन आयोग की झारखंडी छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ कल रांची सहित राज्यभर में मुख्यमंत्री का पुतला दहन दोपहर तीन बजे करेगी। बैठक में निर्णय लिया गया की संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया के साथ साथ परीक्षा एजेंसी, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के भ्रष्टाचार में लिप्त कार्यशैली की जांच सीबीआई से कराई जाए। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगी परीक्षाओं का परीक्षा केंद्र गृह जिला रखा जाए ताकि अभ्यर्थियों का आर्थिक और शारीरिक दोहन न हो सके। आजसू के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के तानाशाही और भ्रष्टाचारी कार्यशैली के खिलाफ विरोध कर रहे अभ्यर्थियों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज की निंदा करते हुए मांग की है कि सरकार अविलंब आयोग के चेयरमैन को बर्खास्त करे।

भाजपा नगर मंडल द्वारा चलें गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : भाजपा नगर मंडल गढ़वा अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में बुधवार को स्थानीय रुक्मणी साहून धर्मशाला में चलें गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर एवं वंदे मातरम के साथ की गयी। मौके पर मंडल प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र द्विवेदी भी उपस्थित थे। बैठक में अध्यक्ष द्वारा विषय प्रवेश पर प्रकाश डाला गया एवं प्रभारी श्री द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश के द्वारा जो टास्क दिया गया है लोकसभा चुनाव के तहत मिशन 400 सीट हम सभी कार्यकर्ताओं को एक रात गांव में मतदाता के बीच बिताना है।

साथ ही सरकार के उपलब्धियों की चर्चा भी करनी है। उन्होने कहा कि हर बूथ के लिए एक प्रभारी और संयोजक नियुक्त करना है। हर बूथ पर जीत दर्ज हो ऐसा संकल्प लेकर हम सबको टीम भावना से काम करना है। उन्होंने कहा कि हर वार्ड के प्रभारिक नियुक्त कर उसके सूची को प्रकाशित करें। कार्यक्रम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मण्डल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि सभी वार्ड के नियुक्त प्रभारी के नाम वार्ड नंबर 01 अनवर शाह, 2 गौरी शंकर बिंद, 3 गांधी पासवान, 4 सुप्रीत केसरी, 5 कैलाश कश्यप, 6 उमेश कश्यप, 7 बंधु राम, 8 रविंद्र जायसवाल, 9 दीपक तिवारी, 10 संजय केसरी, 11.आशीष कश्यप, 12.संतोष कश्यप, 13.यशवंत कुमार मिश्रा, 14.राकेश शंकर गुप्ता, 15.दामोदर गुप्ता, 16.लखन गुप्ता, 17. विनय गोंड, 18.प्रवीण जायसवाल, 19.चंदन जायसवाल, 20.टिंकू गुप्ता, 21.राजू सोनी इसी प्रकार सभी लोग मिलकर 21 वार्ड के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा और हम सभी मिलकर मोदी जी के संकल्प को साकार करेंगे। कार्यक्रम में कैलाश कश्यप, राकेश शंकर गुप्ता, गौरी शंकर बिंद, संजय केसरी आदि उपस्थित थे।

राहुल गांधी पर हमले का ड्रामा कर रही है कांग्रेस : ममता

कोलकाता : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को राहुल गांधी की गाड़ी पर हमले को ड्रामा करार दिया है। मुर्शिदाबाद में एक जनवितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गाड़ी पर उनके राज्य में नहीं, बल्कि बिहार में हमला किया गया। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि जब उनकी गाड़ी ने राज्य (बंगाल) में प्रवेश किया तब उसका पिछला शीशा पहले से टूटा हुआ था। बनर्जी ने कहा, ''मुझे संदेश मिला कि राहुल गांधी की कार पर पथराव किया गया। मैंने पता किया कि दरअसल क्या हुआ, तब मैंने पाया कि यह घटना बंगाल में नहीं बल्कि कटिहार में हुई। जब यह कार बंगाल आयी तब उसका शीशा पहले से टूटा हुआ था। मैं इस घटना की निंदा करती हूं। यह कुछ नहीं बल्कि ड्रामा है।

राज्य के 10 जिलों के 121 महत्वपूर्ण स्थान पर्यटक स्थल और प्रक्षेत्र के रूप में घोषित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य सरकार ने 10 जिलों के 121 पर्यटक महत्व के स्थलों को पर्यटक स्थल और प्रक्षेत्र के रूप में घोषित किया है। रांची में बड़ा तालाब सहित देवधर, दुमका, सहित अन्य जिलों के प्रमुख पर्यटक महत्व वाले स्थलों को चिह्नित करते हुए डी श्रेणी दी गयी है। पर्यटन विभाग अब इन्हें विकसित करने की कार्रवाई प्रारंभ करेगा। राशि भी मुहैया कराई जाएगी। इस संबंध में बुधवार को पर्यटन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

सिमडेगा - अलसंगा नंदी बाबाधाम, शारदा धाम, सुग्गाकाटा, कोयल नदी जल प्रपात डाडिंगदोह, कुंश टोंगरी, हजरत सयैद सुफी शाह कयामुद्दीन अंजान शाह पीरवाबा दरगाह।

चतरा जिला -लेम्बोड़या मंदिर, भवानी मठ, बरूरा शरीफ, जोरी काली मंदिर, दासी पहाड़ी, मालुदाह फॉल, चुन्दुरूधाम, डुमेर-सुमेर।

साहेबगंज - बड़ा तालाब, बरहेट।

बोकारो - बनासो मंदिर, कोनार डैम, बुड़ा बाबा धाम मेला, भवानी के नजदीक एक प्राकृतिक गुफा, नवाडीह, चेचका धाम, चास, गरगा डैम, रामलखन टुगरी, दुर्गा पहाड़।

देवघर -दुखिया मंदिर, तुतरा पहाड़ी, डकायूटबे मंदिर, ताराजोरा, विजया माता मंदिर, बन्दा जारी दुबेबाबा मंदिर, दुबेबाबा मंदिर पहरीडीह, पावेश्वर मंदिर, मकरा पहाड़, बाबादुबे मंदिर सरकारी पंचायत, शिव मंदिर कुशमाहा , बाबा शरेवशनाथ धाम, दुर्गा धाम, सूर्यधाम देवी, अहरा बाबाधाम बारवा, कौशलडीह भागवती धाम, काली धाम, दरंगा , रामसाग गोरीशंकर धाम, दुबेधाम बेहरन, बाबुपुर काली मंदिर, मजार, ग्राम बांकछीट, झालर शिव मंदिर, मोहनपुर, सुरंगी पहाड़ी, मोहनपुर,हरलाजोरी मंदिर, पौराणिक भागवति मंदिर, गिधनी, छठघाट कुरैवा, छठघाट, ग्राम बेंगी,हरलाजोरी मंदिर, शिवमंदिर, ग्राम सिमरा , काली मंदिर ग्राम सरसा, चोलेश्वरनाथ महादेव मंदिर, शितलधाम ग्राम, खिरौंधा, नाग बाबानाथ धाम, पालाजोरी, फुलजोरी पहाड़, पालाजोरी, हनुमान धाम, पटरवार, सुभाषचंद्र बोसा स्मारक स्थल, करौं, रामेश्वर शिव मंदिर रानीडीह, शिवधाम बसकुपी, बाबादुबे मंदिर, पंचायत टेकरा, रामेश्वर शिवधाम, करौं, पथरडुा पहाड़, सारठ, दुर्गामंदिर, पिपरासोल, रामदरबार धाम, मधुपुर, शितला धाम, मधुपुर,बाबा शिवधाम पहाड़ी, मधुपुर, नाग बाबानाथ धाम, फुलजोरी पहाड़, कसैसा तालाब पर छठ घाट का निर्माण, नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मृति भवन निर्माण, पंचायत करौं, बेलकियारी कालीधाम सौंद्रीयकरण- झिंडाकोली।

सरायकेला-खरसावां- शिव मंदिर रामगढ़,उड़ीबाबा, शिव मंदिर, बड़ाबम्बो,सोना झारना, काली मंदिर, पारडीह, तिल्लापाट मंदिर, नीमडीह,

झरीडीह हदहदी, झरना, चाडरी पार्क, बीरबांस, डुडरा शिवमंदिर, राजगांव का मंदिर, तिल्ला पाट मंदिर, नीमडीह। गढ़वा -मुकुंदपुर में नारायण वन, सिलिदाग मेंचा, जिरूआ बांध।

रांची- बड़ा तालाब।

दुमका - मडपानाथ मंदिर, प्रखंड-रामगढ़, ऐतिहासिक संथालकाटा पोखर-प्रखंड रानेश्वर, केशरी सूर्य मंदिर- प्रखंड जरमुंडी, बासुकीनाथ के तारा मंदिर प्रखंड-जरमुंडी, पांडेश्वरनाथ मंदिर- प्रखंड जरमुंडी, बेलदाहानाग मंदिर- प्रखंड जरमुंडी।

पलामू -दंगवार सूर्य मंदिर, सेमरी पंचायत में दवार पाल, चियांकी पार्क, नौडिहा बाजार अंतर्गत ग्राम चोडंडा में स्थित सूर्य मंदिर।